KING GEORGE'S MEDICAL UNIVERSITY, UTTAR PRADESH, LUCKNOW

(erstwhile Chhatrapati Shahuji Maharaj Medical University, Uttar Pradesh, Lucknow)

INDEX

S.No.	Particulars	Page No.
1.	First Statutes, 2011 (Hindi) *(Original Gazette Copy)*	1-76
2.	First Statutes, 2011 (English) *(With All Amendments incorporated)*	77-138
3.	Amendment, 2018 (in Statute 9.03, 11.01, 11.02, 11.03, 13.01, 16.14)	139-143
4.	Amendment, 2019 (in Statute 5.02, 7.01, 10.01, 10.03, 10.04, 10.06, 11.10)	144-154
5.	Amendment, 2021 (in Statute 11.07, 11.08, 11.09, 11.10)	155-158

अनुक्रमणिका (परिनियमावली हिंदी वर्जन)

अध्याय संख्या	अध्याय का नाम / उप शीर्षक	पृष्ठ संख्या
अध्याय – एक	प्रारम्भिक	01
अध्याय – दो	विश्वविद्यालय के अधिकारी और अन्य कृत्यकारीगण ➢ कुलाधिपति ➢ कुलपति ➢ वित्त अधिकारी ➢ कुल सचिव ➢ परीक्षा नियंत्रक ➢ संकाय के संकायाध्यक्ष ➢ छात्र – कल्याण का संकायाध्यक्ष ➢ विभागाध्यक्ष ➢ कुलानुशासक	03
अध्याय – तीन	कार्य परिषद्	16
अध्याय – चार	सभा	16
अध्याय – पांच	विद्या परिषद्	17
अध्याय – छः	वित्त समिति	19
अध्याय – सात	संकाय ➢ विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारी ➢ पुस्तकालयाध्यक्ष	20
अध्याय – आठ	विभागीय समितियाँ ➢ परीक्षा समिति	23
अध्याय – नौ	चिकित्सालय ➢ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ➢ चिकित्सा अधीक्षक ➢ उपचिकित्सा अधीक्षक ➢ सहायक अधीक्षक ➢ चिकित्सालय परामर्श दात्री समिति ➢ चिकित्सालय क्रय समिति	25
अध्याय – दस	विश्वविद्यालय के अध्यापक ➢ संकाय सदस्य ➢ चयन प्रक्रिया ➢ शिक्षको की वैयक्तिक पदोन्नति ➢ पदोन्नति हेतु अपनायी जानेवाली प्रक्रिया ➢ चयन समिति द्वारा चयनित न किए जा सकने वाले अध्यापक के मामले में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया ➢ शिक्षक द्वारा किये जाने वाला अनुबंध ➢ अध्यापकों का आचरण	33
अध्याय – ग्यारह	अध्यापकों का प्रवेश और उनकी अधिवर्षता की आयु ➢ अध्यापकों का पुनर्नियोजन ➢ सेवानिवृत्ति ➢ सेवा समाप्ति ➢ निलंबन ➢ अवकाश	41

INDEX (STATUTES ENGLISH VERSION)

Chapter No.	Chapter Name / Sub Heading	Page No.
Chapter – I	Preliminary	77
Chapter – II	Officers and other functionaries of the Univeristy ➢ The Chancellor ➢ The Vice Chancellor ➢ Finance Officer ➢ The Registrar ➢ The Controller of Examination ➢ Dean of Faculty ➢ The Dean of Students Welfare ➢ Head of Department ➢ The Proctor	78
Chapter – III	The Executive Council	90
Chapter – IV	The Court	90
Chapter – V	The Academic Council	91
Chapter – VI	The Finance Committee	92
Chapter – VII	The Faculties ➢ Oher Authorities of the University ➢ The Librarian	93
Chapter - VIII	Departmental Committees ➢ Examination Committee	96
Chapter – IX	Hospitals ➢ Chief Medical Superintendent ➢ Medical Superintendent ➢ Deputy Medical Superintendent ➢ Assistant Superintendents ➢ Hospital Advisory Committee ➢ Hospital Purchase Committee	98
Chapter – X	University Teachers ➢ Faculty Members ➢ Seclection Process ➢ Personal Promotion of Teachers ➢ Procedure to be adopted for Promotion ➢ Procedure to be adopted in case of teacher who failed to be selected by the Selection Committee ➢ Contract/Undertaking- By Teacher ➢ Conduct of Teachers	104
Chapter – XI	Entry and Superannuation age of teachers ➢ Re-employment of teachers ➢ Retirement ➢ Termination ➢ Suspension ➢ Leave	110

	➢ धारणाधिकार/प्रतिनियुक्ति ➢ विश्वविद्यालय के अध्यापकों की ज्येष्ठता ➢ अनुशासनिक समिति ➢ जन सम्पर्क अधिकारी	
अध्याय – बारह	**विश्वविद्यालय के छात्र** ➢ प्रवेश समिति	**48**
अध्याय – तेरह	**चिकित्सा/ दन्त महाविद्यालयों/ परिचर्या महाविद्यालयों/ पराचिकित्सीय विज्ञान महाविद्यालयों की सम्बद्धता**	**49**
अध्याय – चौदह	**दीक्षांत समारोह**	**56**
अध्याय – पन्द्रह	**प्रकीर्ण**	**56**
अध्याय – सोलह	**भाग - 1** **विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सेवा सम्बन्धी शर्तें** ➢ भर्ती/पदोन्नति ➢ नियुक्ति के लिए रिक्तियों का अवधारण ➢ भारती और पदोन्नति के लिए पात्रता ➢ भर्ती ➢ पक्ष समर्थन ➢ नियुक्तियाँ/पदोन्नति ➢ परिवीक्षा ➢ स्थायीकरण ➢ नियुक्ति और पदोन्नति के लिए नियम ➢ विश्वविद्यालय के समूह घ के कर्मचारियों की समूह ग श्रेणी में सीधी भर्ती ➢ ज्येष्ठता ➢ कोटिक्रम सूची ➢ वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट ➢ अधिवर्षिता/सेवानिवृत्ति ➢ त्यागपत्र ➢ छुट्टी **भाग - 2** **अनुशासन और अपील** ➢ शास्तियाँ ➢ लघु शास्तियाँ ➢ वृहद् शास्ति	**56**
परिशिष्ट 'क'	**आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचन** ➢ भाग – 1 – सामान्य ➢ भाग – 2 – डाक मत-पत्र द्वारा संचालित निर्वाचन ➢ भाग – 3 – अधिवेशनों में निर्वाचनों का किया जाना	**68**
परिशिष्ट 'ख'	**विश्वविद्यालय से महाविद्यालयों की सम्बद्धता के लिए विहित फीस**	**75**

	➢ Lien/Deputation ➢ Seniority of the teachers of the University ➢ Disciplinary Committee ➢ Liaison Officer	
Chapter – XII	Students of the University ➢ Admissions Committee	116
Chapter – XIII	Affiliation of Medical/Dental Colleges/Nursing Colleges/Paramedical Sciences College	117
Chapter – XIV	Convocation	121
Chapter – XV	Miscellaneous	122
Chapter – XVI	Part – I Conditions of services of non-teaching staff of the University ➢ Recruitment/Promotion ➢ Determination of vacancies for Appointment ➢ Eligibility for recruitment and promotion ➢ Recruitment ➢ Canvassing ➢ Appointments/Promotions ➢ Probation ➢ Confirmation ➢ Rules for Appointment and Promotion ➢ Direct intake of Class D amployees of the University into Class C Category ➢ Seniority ➢ Gradation Lists ➢ Annual Confidential Report ➢ Supperanuation/Retirement ➢ Resignation ➢ Leave Part – II Discipline and Appeal ➢ Penalties ➢ Minor Penalties ➢ Major Penalties	122
Appendix "A"	Election by promotional representation by means of single transferable vote ➢ Part – I – General ➢ Part – II – Elections conducted by Postal Ballot ➢ Part – III – Elections held at Meetings	131
Appendix "B"	Fee Structure for the affiliation of the college with the University	136

क्रम-सं०-174

रजिस्ट्रेशन नम्बर-एस०एस०पी० / एस०

उ०प्र० / एन०पी०-91 / 2011-13

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग—4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 29 जुलाई, 2011

श्रावण 7, 1933 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2

संख्या : 2682/71-2-11-सी0एम0यू0-6/2003

लखनऊ, 29 जुलाई, 2011

अधिसूचना

सा0प0नि0--55

छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 8 सन् 2002) की धारा 42 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के लिए प्रथम परिनियमावली बनाते हैं:

छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, प्रथम परिनियमावली, 2011

अध्याय -- एक

प्रारम्भिक

1.01 (1) यह परिनियमावली छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, प्रथम परिनियमावली, 2011 कही जाएगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

1.02 छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के अध्यापकों और कर्मचारियों की सेवा शर्तों से सम्बन्धित सरकार द्वारा जारी समस्त शासनादेशों, अधिसूचनाओं और नियमों, जो इस परिनियमावली से असंगत हों, इस असंगतता की सीमा तक एतद्द्वारा विखण्डित किया जाता है और वे इस परिनियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व कृत या किये जाने हेतु लोपित बातों के सिवाय तत्काल निष्प्रभावी हो जाएंगे।

धारा 42

1.03 जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस परिनियमावली में,-

(क) "अधिनियम" का तात्पर्य समय समय पर यथा संशोधित छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम 2002 से है।

(ख) "खण्ड" का तात्पर्य परिनियम के उस खण्ड से है जिसमें उक्त पद आया हो,

(ग) "विश्वविद्यालय के अधिकारी" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 14 के किसी खण्ड में उल्लिखित किसी अधिकारी और इस परिनियमावली के अध्याय 2 में इस रूप में घोषित अधिकारियों से है।

(घ) "धारा" का तात्पर्य अधिनियम की किसी धारा से है।

(ड़) "कर्मचारी" का तात्पर्य छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी से है।

1.04 इस परिनियमावली में किसी अध्यापक की आयु के सम्बन्ध में सभी निर्देश सम्बन्धित अध्यापक के जन्म दिनांक के प्रति, जो उसके हाईस्कूल प्रमाणपत्र में या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी अन्य परीक्षा प्रमाणपत्र में उल्लिखित हो, निर्देश समझे जायेंगे।

1.05 विश्वविद्यालय के अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अध्यापकों (प्रवक्ता/सहायक आचार्य, सहआचार्य/आचार्य,) शिक्षणेतर कर्मचारिवर्ग तथा अन्य कर्मचारियों के लिए नियुक्ति में समय समय पर पारित सरकारी नियमों के अनुसार चक्रानुक्रम में आरक्षण होगा। निम्नलिखित प्राधिकारियों के सम्बन्ध में ऐसे स्थानों पर जहाँ एक से अधिक व्यक्तियों के चयन या चुनाव का उपबन्ध हो, वहाँ तद्निमित्त उपबंधित आरक्षण के अनुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। उसी प्रकार से पदोन्नति के लिए गठित की जाने वाली चयन समितियों और किन्हीं अन्य समितियों में भी आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व आवश्यक होगा :

(क) कार्यपरिषद
(ख) विद्यापरिषद
(ग) वित्त समिति
(घ) संकाय बोर्ड
(ड़) विश्वविद्यालय के अध्यापकों की नियुक्ति हेतु चयन समितियाँ
(च) प्रवेश समिति
(छ) शोध समिति
(ज) परीक्षा समिति, और ऐसे अन्य प्राधिकारी, जैसा कि परिनियम 7.02 और 7.03 में उल्लिखित है।
(झ) विश्वविद्यालय के कोई अन्य प्रशासनिक पद यथा कुलानुशासक, प्रोवोस्ट (वार्डेन) आदि के पद।

1.06 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, समय-समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडे वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 और उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1993 और भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

1.06ए चिकित्सा विश्वविद्यालय में शैक्षिक पदों पर चयन हेतु समान प्रास्थिति, वेतन तथा योग्यता/अर्हता वाले संकाय सदस्यों के पदों के आधार पर संवर्गों का निर्धारण करते हुए

परिनियम-1.06 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार शैक्षिक पदों पर आरक्षण प्रदान किया जायेगा।

1.07 अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के प्रकोष्ठ और अन्य पिछड़े वर्गों के प्रकोष्ठ/समितियों की संस्था होगी जिनके प्रधान सम्बन्धित सम्पर्क अधिकारी होंगे जो कार्यपरिषद/राज्य सरकार द्वारा नामानिर्दिष्ट होंगे अर्थात् एक अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और एक अन्य पिछड़े वर्गों के अध्यापकों में से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मार्गदर्शनों के अधीन आरक्षण के मामलों का अनुश्रवण करने के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

अध्याय–दो

विश्वविद्यालय के अधिकारी और अन्य कृत्यकारीगण

कुलाधिपति

धारा 15 (1) एवं 41 (ग) धारा 53

2.01 (1) उत्तर प्रदेश राज्य के राज्यपाल छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलाधिपति होंगे।

(2) कुलाधिपति, अधिनियम की धारा 53 के अधीन निर्दिष्ट किये गये किसी विषय पर विचार करते समय विश्वविद्यालय अथवा सम्बद्ध पक्षकारों से ऐसे दस्तावेज या सूचना, जिसे वह आवश्यक समझें, मांग सकते हैं और किसी अन्य मामले में विश्वविद्यालय से कोई दस्तावेज या सूचना मांग सकते हैं।

(3) जहाँ कुलाधिपति उपपरिनियम (2) के अधीन विश्वविद्यालय अथवा सम्बद्ध पक्षकारों से ऐसे दस्तावेज या सूचना माँगे, वहाँ कुलसचिव और कुलपति का यह कर्तव्य होगा कि ऐसे दस्तावेज या सूचना उन्हें तुरन्त उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

धारा-16(12) (4) यदि कुलाधिपति की राय में, कुलपति जान-बूझकर आरक्षण विधियों के अनुपालन सहित इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित नहीं करता है या कार्यान्वित करने से इन्कार करता है या अपने निहित शक्तियों का दुरूपयोग करता हैं और यदि कुलाधिपति को यह प्रतीत हो कि कुलपति का पद पर बना रहना विश्वविद्यालय के लिये अहितकर है, तो कुलाधिपति ऐसी कोई जाँच करने के पश्चात, जिसे वह उचित समझें कुलपति को आदेश द्वारा हटा सकते हैं।

(5) कुलाधिपति को उपरिनियम (4) में निर्दिष्ट किसी जाँच के विचाराधीन रहने के दौरान अथवा उसको अनुध्यात करते हुये, कुलपति को निलम्बित करने की शक्ति होगी।

कुलपति

धारा 15 (1) एवं 41 (ग)

2.02 (1) कुलपति की नियुक्ति पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव रखने वाले देश या विदेश के प्रख्यात व्यक्तियों में से की जाएगी।

(2) कुलपति की नियुक्ति अधिनियम में निर्धारित की गयी रीति से की जाएगी और वह ऐसे समस्त कर्तव्यों का पालन करेगा तथा ऐसी समस्त शक्तियों का प्रयोग करेगा जैसाकि अधिनियम और परिनियमावली में निर्धारित किये गये हैं।

(3) कुलपति विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त चिकित्सालयों के साथ ही साथ विश्वविद्यालय से सम्बन्धित समस्त मामलों के लिए जिम्मेदार और उत्तरदायी होगा।

(4) विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी, जिसमें उसके संयुक्त अस्पतालों के (सम्बद्ध अस्पतालों को छोड़कर) कर्मचारी सम्मिलित है, हितबद्ध होंगे और कुलपति के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करेंगे।

(5) कार्य परिषद, विद्या परिषद, प्रवेश समिति, परीक्षा समिति, वित्त समिति, अस्पताल सलाहकार समिति चयन समिति, अनुशासन समिति, ज्येष्ठता समिति, सभा और अन्य सांविधिक समितियों का सभापति होने के नाते कुलपति देश में और बाहर सर्वोत्तम

चिकित्सा संस्थाओं में विश्वविद्यालय को स्थान दिलाने के लिए विद्या/शोध और प्रशिक्षण क्रिया कलापों, सकारात्मक नवीकरण सृजित करने, अध्यापकों और अन्य कर्मचारिवर्ग की क्षमता और प्रतिभा का उपयोग करने को उन्नत बनाने और उन्नयन के लिए उत्तरदायी होगा।

(6) कुलपति विश्वविद्यालय में चिकित्सा शिक्षा के मानक के अनुरक्षण और उन्नयन के लिए उत्तरदायी होगा जिसमें नवीनता, नई और अद्यतन तकनीक, चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में वर्तमान और भावी आवश्यकताओं से सम्बन्धित विभिन्न पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करना है और सहयुक्त अस्पतालों सहित विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण प्रशासन के लिए एकमात्र रूप से उत्तरदायी होगा।

(7) कुलपति विश्वविद्यालय के सभी अध्यापन कर्मचारिवर्ग, अधिकारियों, चिकित्सा अधीक्षकों, विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर व्यक्तियों, परिचारिकाओं और तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का उचित आचरण और आशानुकूल सम्पादन सुनिश्चित करेगा। वह ऐसी आवश्यक कार्यवाई करेगा जैसी इसे पूर्ण करने को उचित समझें।

(8) कुलपति अधिकारियों, अध्यापकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारिवर्ग में, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र भी सम्मिलित हैं अनुशासन, विद्या परिवेश, कार्य शैली, उत्तरदायित्व और विद्या/वित्तीय/नैतिक निष्ठा के अनुरक्षण और उन्नति के लिए उत्तरदायी होगा। वह आवश्यक कार्यवाई करेगा जो इसे पूर्ण करने को उचित समझी जाए।

(9) कुलपति यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करेगा कि एक अद्यतन केन्द्रीय पुस्तकालय विद्या और शोध प्रकाशनों को आवश्यक गति देने के लिए उचित संसूचना और नेटवर्किंग सुविधाओं के साथ उपलब्ध रहे।

(10) कुलपति, विद्या सम्बन्धी श्रेष्ठता को उन्नत बनाने के लिए, विद्या/व्यवसायिक सहयोग स्थापित करने और संकाय/छात्रों/अन्य कर्मचारियों के लिए आदान-प्रदान कार्यक्रमों को, जैसा कि देश में और बाहर विख्यात चिकित्सा संस्थाओं में लागू है, स्थापित करने के विशेष प्रयास करेगा।

(11) कुलपति रोगियों की देखभाल के लिए अद्यतन/विशिष्ट ढाँचे की व्यवस्था करने और संपृक्त अस्पतालों और उनकी सेवाओं के अग्रतर विकास और विस्तार के लिए आवश्यक कदम उठाने/कार्रवाई करने के लिए विशेष प्रयास करेगा।

(12) कुलपति अद्यतन व्यवसायिक अध्यापन/प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी होगा और वह अधिकारियों, संकाय, चिकित्सा अधीक्षकों, रेजीडेन्टों, कर्मचारियों, परिचर्या कर्मचारिवर्ग, पैरा मेडिकल स्टाफ और अन्य का उनके कर्तव्यों के सम्बन्ध में उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित करेगा और ऐसी आवश्यक कार्रवाई करेगा जैसी इसे निष्पन्न करने के लिए उचित समझी जाए।

(13) कुलपति की यह शक्ति होगी कि वह अध्यापक/अधिकारी या किसी अन्य कर्मचारी को निलम्बित कर दे जिसका नियुक्ति प्राधिकारी विश्वविद्यालय का कुलपति या कार्य परिषद है इसमें संपृक्त अस्पतालों का कर्मचारिवर्ग भी है, जो उसकी राय में अधिनियम/परिनियमावली के उपबन्धों का अनुपालन करके निहित शक्ति का दुरूपयोग करता है और यदि कुलपति को ऐसा प्रतीत हो कि उसका पद पर बने रहना विश्वविद्यालय के हितों के विरूद्ध हैं। यदि दोषी पाया जाए, तो प्रस्तावित दण्ड के लिए, जिसमें सेवा समाप्ति/पदच्युति सम्मिलित हैं, कुलपति की संस्तुति के साथ कार्य परिषद के समक्ष आवश्यक कार्रवाई के लिए रखा जाएगा।

(14) कुलपति संस्था में श्रेष्ठतर सुविधाओं और विद्या सम्बन्धी परिवेश को सुनिश्चित करने के लिए सरकारी, निजी भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगा।

(15) कुलपति के व्यक्तिगत या सरकारी तौर पर लघु छुट्टी पर होने की दशा में वह उसकी अनुपस्थिति में विश्वविद्यालय के दैनिक कार्यों की देखभाल के लिए किसी ज्येष्ठतम आचार्य को अनुरोध करेगा।

(16) कुलपति विश्वविद्यालय के उच्चीकरण में प्रयोग किये जाने के लिए छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय और पूर्ववर्ती किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों से दान और निधि प्राप्त करने के लिए भी प्रयास करेगा।

(17) कुलपति की यह शक्ति होगी कि वह सम्बद्ध या मान्यता प्राप्त महाविद्यालय या संस्थान से, अध्यापन, परीक्षा, शोध, वित्त से सम्बन्धित किसी मामले के सम्बन्ध में या महाविद्यालय या संस्थान में अनुशासन या अध्यापन की दक्षता को प्रभावित करने वाले विषय के दस्तावेज या सूचना मंगा सकता है जैसा वह उचित समझे।

वित्त अधिकारी

धारा 19 और 41 (ग) 2.03 (1) वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय का पूर्ण कालिक अधिकारी होगा।

(2) वित्त अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाएगा।

(3) वित्त अधिकारी की नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विहित प्रतिनियुक्ति के नियमों, निबन्धन और शर्तों द्वारा शसित होगी।

(4) वित्त अधिकारी कुलपति द्वारा यथा प्रत्यायोजित शक्तियों के अधीन कर्तव्यों को सम्पादन करेगा।

(5) वित्त अधिकारी वित्त समिति का पदेन सचिव भी होगा।

(6) वित्त अधिकारी ऐसी सभी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो कुलाधिपति, कुलपति और वित्त समिति के आदेशों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक या समीचीन हों।

(7) वित्त अधिकारी जबतक कुलपति द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाय, उत्तर प्रदेश सरकार से और/या विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी से विश्वविद्यालय का सभी वित्तीय पत्र व्यवहार करेगा।

(8) वित्त अधिकारी, अधिनियम और परिनियमावली के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए अनुशासनिक नियंत्रण रखेगा और उसके अधीन कार्यरत किसी कर्मचारी के विरूद्ध साक्ष्यों से समर्पित आरोपों के आलेख के साथ दण्डात्मक कार्रवाई के लिए कुलसचिव को संस्तुति करेगा जिसमें कुलपति के अनुमोदन के पश्चात् उसके अनुभाग के कर्मचारी का निलम्बन, पदच्युति, सेवा से हटाना, पदावनति, प्रत्यावर्तन, सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति की शक्ति सम्मिलित है।

(9) जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त हो या जब वित्त अधिकारी छुट्टी पर हो तो उसके पद के कर्तव्यों का सम्पादन राज्य सरकार के वित्तीय नियमों के अनुसार किया जाएगा।

(10) वित्त अधिकारी कर्तव्यों का सम्पादन और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जैसा कि अधिनियम/राज्य सरकार के वित्तीय नियमों में विहित है।

(11) वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय की निधि का सामान्य पर्यवेक्षण करेगा।

(12) वित्त अधिकारी किसी वित्तीय मामले में या तो स्व-प्रेरणा से या कुलपति द्वारा उसकी सलाह माँगे जाने पर सलाह देगा।

(13) वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय की नकदी, बैंक राशि और विनिधान की स्थिति पर अनवरत दृष्टि रखेगा।

(14) वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय की आय का संग्रह करेगा और भुगतानों का वितरण और लेखों का अनुरक्षण करेगा।

(15) वित्त अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि बजट में अप्राधिकृत कोई व्यय (विनिधान से भिन्न) विश्वविद्यालय द्वारा उपगत न किया जाए।

(16) वित्त अधिकारी किसी अप्राधिकृत व्यय और अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जांच करेगा और दोषी व्यक्ति (व्यक्तियों) के विरूद्ध की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए सक्षम प्राधिकारी को सुझाव देगा।

(17) वित्त अधिकारी की विश्वविद्यालय के ऐसे अभिलेख और दस्तावेजों तक पहुंच होगी और उन्हें प्रस्तुत करने और विश्वविद्यालय के क्रियाकलाप से सम्बन्धित ऐसी सूचना प्राप्त करने की अपेक्षा कर सकता है, जो उसकी राय में उसके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हो।

(18) वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय के लेखों की आंतरिक लेखा परीक्षा संचालन की व्यवस्था करेगा और ऐसे बिलों की पूर्व लेखा परीक्षा करेगा, जिनकी इस निमित्त किसी स्थायी आदेश के अनुसार अपेक्षित हो। तथापि, परीक्षा नियंत्रक अनुभाग के गोपनीय अनुभाग के लेखों की लेखा परीक्षा नहीं की जाएगी।

(19) वित्त अधिकारी वित्तीय मामलों के सम्बन्ध में ऐसे अन्य कृत्यों का संपादन करेगा जो उसे कुलपति द्वारा सौंपे जाएं।

(20) वित्त अधिकारी अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आवंटित निधि का उचित उपयोग सुनिश्चित करेगा।

कुल सचिव

धारा 20 (1) 20 (2) और 56 (ङ)

2.04 (1) कुल सचिव विश्वविद्यालय का पूर्ण कालिक अधिकारी होगा।

(2) कुल सचिव की नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति पर की जाएगी।

(3) कुल सचिव की नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विहित प्रतिनियुक्ति के नियमों, निबंधन और शर्तों द्वारा शासित होगी। कुल सचिव सभी सेवा लाभों को पाने का हकदार होगा, जिन्हें वह राज्य सरकार में प्रा रहा था, इसमें विद्यमान सरकारी नियमों के अनुसार प्रतिनियुक्ति भत्ता और चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्मिलित है।

(4) कुल सचिव उन शक्तियों का भी प्रयोग करेगा जो कुलपति और कार्य परिषद द्वारा प्रत्यायोजित की जाएं।

(5) कुल सचिव सभी ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और कुलपति, विद्या परिषद और कार्य परिषद के आदेशों को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक या समीचीन हों।

(6) कुल सचिव कार्य परिषद, विद्या परिषद और प्रवेश समिति या किसी भी समय गठित किसी अन्य प्रशासनिक समिति का पदेन सदस्य सचिव भी होगा।

(7) कुल सचिव विश्वविद्यालय की सभी संपत्तियों का अभिरक्षक होगा। वह वित्तीय नियमों के अधीन विश्वविद्यालय के दैनिक व्ययों की भी स्वीकृति प्रदान करेगा।

(8) कुल सचिव विश्वविद्यालय में सभी विकास सम्बन्धी क्रिया कलापों का पर्यवेक्षण करेगा इसमें नये संयंत्रो, फर्नीचर, उपस्करों और मशीनों का निर्माण, मरम्मत और स्थापना सम्मिलित है और विश्वविद्यालय के हित में समुचित अनुदेश पारित करेगा।

(9) कुल सचिव विश्वविद्यालय का सभी सरकारी पत्र व्यवहार करेगा जब तक कि कुलपति द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए।

(10) कुल सचिव विश्वविद्यालय की ओर से उसके विरूद्ध कानूनी वादों और कार्यवाही में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा। इन कार्यवाहियों में वह मुख्तारनामा पर हस्ताक्षर करेगा। अभिवचनों की पुष्टि करेगा।

(11) अधिनियम के उपबन्धों और समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा अधिनियम नीति के अनुसार कुलसचिव अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों की आरक्षण नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा।

(12) अधिकारियों, अध्यापकों और पुस्तकालयाध्यक्ष के सिवाय, कुलसचिव, परिनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों पर अनुशासनिक नियंत्रण रखेगा। तथापि, परीक्षा नियंत्रक और वित्त अधिकारी के नियंत्रण के अधीन कर्मचारिवर्ग के सम्बन्ध में कार्रवाई कुलसचिव द्वारा नियमों के अनुसार की जाएगी जब कभी भी परीक्षा नियंत्रण और वित्त अधिकारी द्वारा सूचित किया जाए।

(13) कुलसचिव विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों की (अध्यापकों, अधिकारियों और पुस्तकाध्यक्षों के सिवाय) नियुक्ति करेगा और उनकी योग्यता और अनुशासन के अनुसार संस्थान के हित में अधिकतम कार्य प्राप्त करने के लिए स्थानांतरित करेगा और अध्यापन, रोगी देखभाल के विभिन्न विभागों और विभिन्न अधिकारियों में नियतकालिक स्थानांतरण भी सुनिश्चित करेगा।

(14) (एक) कुलसचिव खण्ड, 2.04 (14) के अधीन कार्रवाई करेगा जिसमें किसी कर्मचारी का (खण्ड 2.04 (13) में विनिर्दिष्ट से भिन्न) न्यायोचित कारणों से निलम्बन, पदच्युति, हटाने, पदावनति, प्रत्यावर्तन पदच्युति या अनिवार्य सेवा निवृत्ति की शक्ति सम्मिलित है।

(दो) कुलसचिव यह सुनिश्चित करेगा कि कोई दण्डात्मक कार्रवाई (उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन और अपील नियमावली 1999 में परिभाषित लघु दण्ड के सिवाय) किसी कर्मचारी के विरूद्ध उचित जाँच, कारण बताओं नोटिस और उसके विरूद्ध आरोप लगाए बिना नहीं की जाएगी।

(तीन) उपर्युक्त प्रक्रिया, यद्यपि, निम्नलिखित मामलों में प्रवृत्त नहीं होगी जहाँ की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में कारण (जिसमें कदाचार और अदक्षता सम्मिलित हैं) आदेश में अनावृत नहीं किए गये हों।

(क) पदोन्नति कर्मचारी का उसके मूल पद पर प्रत्यावर्तन।

(ख) अस्थायी कर्मचारी की सेवा समाप्ति।

(ग) किसी कर्मचारी की पचास वर्ष या उससे अधिक आयु हो जाने के पश्चात् उसकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति।

(चार) व्यथित कर्मचारी का यह विकल्प होगा कि वह अपनी व्यथा निवारण के लिए कुलपति को अपना प्रतिवेदन या अपील कर सके।

(15) कुलसचिव विद्यमान अधिनियम, परिनियमावली और विभिन्न सरकारी आदेशों के अनुसार किसी विषय की वास्तविक स्थिति कार्य परिषद सहित विभिन्न समितियों में मुद्दे का विनिश्चय करने के लिए स्पष्ट करेगा। कुलसचिव के विचारों को समिति की कार्यवाही में अभिलिखित किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक

धाराः 21 (1) (2), (3), (4), (5) (6) और (7)

2.05 (1) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय का पूर्ण कालिक अधिकारी होगा।

(2) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करके विश्वविद्यालय में उसके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रारम्भ होकर तीन वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर की जाएगी। जब तक राज्य सरकार द्वारा परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति न की जाए, परीक्षा नियंत्रक का कार्य

आचार्यों में कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट विश्वविद्यालय के अध्यापक द्वारा सम्पादित किया जाएगा।

(3) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विहित प्रतिनियुक्ति के नियमों, निबंधन और शर्तों द्वारा शासित होगी।

(4) परीक्षा नियंत्रक की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि कुलपति द्वारा लिखी जाएगी जिसे सम्यक् रूप से उसके पैतृक विभाग और उत्तर प्रदेश सरकार को अग्रसारित किया जाएगा।

(5) परीक्षा नियंत्रक कुलपति द्वारा यथा प्रत्यायोजित शक्तियों के अधीन कार्य करेगा।

(6) परीक्षा नियंत्रक परीक्षा समिति का पदेन सचिव भी होगा।

(7) परीक्षा नियंत्रक सभी ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो परीक्षाओं से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में कुलाधिपति, कुलपति और परीक्षा समिति के आदेशों को लागू करने के लिए आवश्यक या समीचीन हों।

(8) परीक्षा नियंत्रक अधिनियम में यथा विहित कर्तव्यों का संपादन और शक्तियों का प्रयोग करेगा।

(9) (एक) परीक्षा नियंत्रक, अधिनियम और परिनियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, कुलपति की ओर से विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में सभी कर्मचारियों पर अनुशासनिक नियंत्रण रखेगा।

(दो) वह उसके अनुभाग में कार्यरत किसी कर्मचारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के लिए, साक्ष्यों से समर्थित आरोपों के प्रारूप के साथ कुलसचिव को कार्रवाई संस्तुत करेगा। इसमें न्यायोजित कारणों से कुलपति के अनुमोदन के पश्चात् उसके अनुभाग के कर्मचारी के निलम्बन, पदच्युति, हटाना-पदावनति, प्रत्यावर्तन, सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवा निवृत्ति की शक्ति सम्मिलित है।

(तीन) परीक्षा नियंत्रक यह सुनिश्चित करेगा कि किसी कर्मचारी के विरूद्ध उचित जाँच, कारण बताओ नोटिस और विरूद्ध आरोप लगाए बिना कोई दण्डात्मक कार्यवाई न की जायें।

(चार) तथापि, उपर्युक्त प्रक्रिया निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होगी जहाँ कृत कार्रवाई के कारण (जिसमें कदाचार और अदक्षता सम्मिलित है) आदेश में अनावृत न हों।

(क) पदोन्नति कर्मचारी का उसके मूल पद पर प्रत्यावर्तन।

(ख) अस्थायी कर्मचारी की सेवा समाप्ति।

(ग) किसी कर्मचारी के पचास वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् उसकी अनिवार्य सेवा निवृत्ति।

(पांच) व्यथित कर्मचारी का यह विकल्प होगा कि वह अपनी व्यथा निवारण के लिए कुलपति को प्रतिवेदन दे या अपील करें।

(10) परीक्षा नियंत्रक परीक्षाओं की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा। वह सुनिश्चित करेगा कि परीक्षार्थी या परीक्षकों को लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षाओं में किसी अनुचित साधन का प्रयोग अनुमन्य न किया जाए।

(11) परीक्षा नियंत्रक विनिर्दिष्ट समय के भीतर परीक्षाओं के उचित संचालन और परीक्षाफलों की घोषणा के लिए उत्तरदायी होगा।

(12) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के संचालन के लिए ऐसे रीति-विधान, संवीनता और प्रक्रिया को अपनाएगा जो परीक्षा समिति के परामर्श के पश्चात् कुलपति के अनुमोदन के अधीन समय-समय पर प्रारम्भ किए जाने और कार्यान्वित किए जाने के लिए आवश्यक हो।

(13) परीक्षा नियंत्रक को किसी गोपनीय दस्तावेज् के उद्घाटन और या विश्वविद्यालय की परीक्षा में अपनाए गये किसी अनुचित मूल्याकंन के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा। ऐसे मामले में, परीक्षा नियंत्रक कुलपति द्वारा की जाने वाली समुचित कार्रवाई के लिए अपनी संस्तुति के साथ मामलों की रिपोर्ट करेगा।

(14) परीक्षा नियंत्रक सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के सहयोग से लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षाओं का उचित संचालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

(15) परीक्षा नियंत्रक कुलपति के अनुमोदन के अधीन सारणीयकों की नियुक्ति करेगा।

(16) परीक्षा नियंत्रक सम्बन्धित विषयों के अध्ययन बोर्ड द्वारा यथा प्रस्तावित बाहरी और आतंरिक परीक्षकों के नामों पर पैनल कुलपति को प्रस्तुत करेगा। कुलपति या तो पैनल के नामों में से या पैनल से बाहर किसी अन्य पात्र व्यक्ति (व्यक्तियों) को विश्वविद्यालय परीक्षा के आतंरिक और बाहरी दोनों की वांछित संख्या को नाम-निर्दिष्ट करेगा। परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय के परीक्षकों के रूप में कुलपति द्वारा नाम-निर्दिष्ट व्यक्तियों को ही नियुक्त करेगा। विश्वविद्यालय में आतंरिक रूप से या बाहरी रूप से अध्यापकों की उपलब्धता के अध्यधीन रहते हुए, अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के परीक्षकों का अतिरिक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

(17) परीक्षा नियंत्रक की अपर नियंत्रक और सहायक नियंत्रक द्वारा सहायता की जाएगी, जिनकी संख्या समय की आवश्यकतानुसार भिन्न-भिन्न हो सकती है। अपर/सहायक परीक्षा नियंत्रकों की नियुक्ति कुलपति द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के अध्यापकों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व रखत हुए विश्वविद्यालय के अध्यापकों में से की जाएगी।

(18) परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय में अधिस्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा/परीक्षाओं को संचालित करने के लिए कुलपति के निदेशन के अधीन उत्तरदायी होगा यदि भविष्य में किसी प्रक्रम पर विश्वविद्यालय अपनी निजी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का विनिश्चय करें।

(19) परीक्षा नियंत्रक परीक्षाओं के सम्बन्ध में ऐसे अन्य कृत्यों का संपादन करेगा जो उसे कुलपति द्वारा सौपें जाएं।

(20) परीक्षा नियंत्रक की परीक्षाओं के सम्बन्ध में उसके द्वारा कृत सभी कार्यों के लिए कुलपति के प्रति सीधी जवाबदेही होगी।

संकाय के संकायाध्यक्ष

धारा:14 (छ) और 41 (ख) 2.06

(1) संकायाध्यक्ष की नियुक्ति विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के लिए विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 14 में निहित उपबन्धों के अनुसार की जाएगी।

(2) कुलपति संकाय के ज्येष्ठतम आचार्य को संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करेगा।

(3) संकायाध्यक्ष की नियुक्ति की अवधि केवल तीन वर्ष होगी।

(4) कुलपति उस आचार्य को संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त नहीं करेगा जिसकी सत्यनिष्ठा, आचरण और कार्यशैली विश्वविद्यालय, जांच अभिकरण या माननीय न्यायालय के स्तर पर संस्था को हानिकारक सिद्ध हुई हैं तथापि, किसी विवाद की स्थिति में राज्य सरकार का विनिश्चय अंतिम होगा।

(5) नियुक्त किया गया संकायाध्यक्ष केवल उस समय तक ही अपने पद पर रहेगा जब तक कि वह ज्येष्ठतम आचार्य के पद पर रहे जिसके कारण उसे संकायाध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

(6) संकाय का संकायाध्यक्ष विश्वविद्यालय के विभाग में आचार्य पद के कर्तव्यों के अतिरिक्त संकायाध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(7) यदि कुलपति की राय में, संकाय का संकायाध्यक्ष जानबूझकर अधिनियम, परिनियमावली या अध्यादेशों के उपबन्धों का अनुपालन करने में चूक या मना करता है या अपने में निहित शक्तियों का दुरूपयोग करता है या यदि कुलपति को अन्यथा यह प्रतीत हो कि संकायाध्यक्ष का पद पर बने रहने विश्वविद्यालय के हितों के विरूद्ध है तो ऐसी जांच करने पश्चात जिसे वह उचित समझे, कुलपति आदेश द्वारा संकायाध्यक्ष को हटा सकता है और अगले ज्येष्ठतम आचार्य को संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करेगा।

(8) संकाय के संकायाध्यक्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट कुलपति द्वारा लिखी जाएगी।

(9) संकाय का संकायाध्यक्ष विद्या संबंधी क्रियाकलापों का सम्पादन करेगा और कुलपति द्वारा यथा प्रत्यायोजित अन्य शक्तियों का भी प्रयोग करेगा।

(10) संकायाध्यक्ष कुलपति के आदेशों को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा जिसमें विश्वविद्यालय के विद्या सम्बन्धी क्रियाकलाप से सम्बन्धित मामले भी हैं।

(11) संकायाध्यक्ष विश्वविद्यालय के संकाय बोर्ड की सभी बैठकों की अध्यक्षता करेगा। वह प्रवेश समिति का भी सदस्य होगा।

(12) संकायाध्यक्ष का अपने संकाय से सम्बन्धित अध्ययन बोर्ड की किसी बैठक में उपस्थिति होने और बोलने का अधिकार होगा लेकिन उसमें मतदान करने का अधिकार नहीं होगा जब तक कि वह उसका सदस्य न हो।

(13) संकायाध्यक्ष विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कलैण्डर तैयार करेगा और सुनिश्चित करेगा कि उसकी अनुसूची का कठोरता से अनुपालन किया जाए।

(14) संकायाध्यक्ष संकाय के विभिन्न विभागों में शैक्षणिक अनुसूची और अन्य शैक्षणिक क्रियाकलापों का अनुश्रवण करेगा और उनके लिए उत्तरदायी होगा और कार्रवाई के लिए कुलपति को रिपोर्ट करेगा जैसा कि कुलपति विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अखण्डता/परिवेश के अनुरक्षण और सुधार के लिए उपयुक्त समझे।

(15) संकायाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि प्रवेशित प्रत्येक छात्र को विश्वविद्यालय में प्रवेश के दो मास के भीतर नामांकन संख्या आवंटित हो जाए।

(16) **संकायाध्यक्ष –**

(एक) विभिन्न विषयों में छात्रों की कक्षा में उपस्थिति का समय-समय पर मूल्यांकन करेगा।

(दो) कक्षा में कम उपस्थित रहने वाले और छात्रों के आचरण के सम्बन्ध भी माता-पिता को संसूचित करेगा जिसके कारण उन्हें परीक्षा देने से रोका जा सकता है, रोका जाएगा।

(तीन) यह सुनिश्चित करेगा कि केवल पात्र अभ्यार्थी ही परीक्षा में बैठे और किसी छात्र/अभ्यर्थी को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसका आचरण/सत्यनिष्ठा समुचित स्तर पर या विश्वविद्यालय के स्तर पर संगठन के लिए हानिकारक पाई गई है।

(चार) परीक्षा नियंत्रक को उपयुक्त प्रारूपों को अग्रसारित करने के पूर्व अभ्यर्थियों के विश्वविद्यालय परीक्षा प्रारूपों की संवीक्षा करेगा।

(पांच) विश्वविद्यालय द्वारा छात्र पर अधिरोपित दण्डात्मक कार्रवाई और/या दण्ड के सम्बन्ध में छात्र के माता-पिता को सूचित करेगा।

(17) विश्वविद्यालय में अधिस्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश चाहने वाले छात्रों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की, जिसमें आरक्षण श्रेणी के सम्बन्ध में प्रमाण-पत्र सम्मिलित हैं, पुष्टि करेगा। तथापि गम्भीर शिकायतों और संदिग्ध मामलों की, संकाध्यक्ष मामले में अग्रतर प्रशासनिक कार्रवाई के लिए कुलपति को संदर्भित करेगा।

(18) संकायाध्यक्ष केवल उन अभ्यार्थियों को अस्थायी प्रवेश पत्र निर्गत करेगा जो कुलपति के अनुमोदन के अधीन सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्ह होते हैं।

(19) सक्षम निर्गम प्राधिकारी द्वारा अभ्यार्थियों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों और आरक्षण श्रेणी सम्बंधी प्रमाण-पत्रों की पुष्टि हो जाने के पश्चात् ही पात्र अभ्यर्थियों को संकायाध्यक्ष उचित प्रवेश पत्र निर्गत करेगा।

(20) विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के लिए एक संकायाध्यक्ष होगा।

छात्र – कल्याण का संकायाध्यक्ष

धारा : 25 (एक) (सात) और 41(ग) 2.07

(1) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष वरीयतः विश्वविद्यालय के आचार्यों में से कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा। उसकी नियुक्ति कार्य परिषद द्वारा अनुसमर्थित की जाएगी।

(2) छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष की नियुक्ति की पदावधि सामान्यतया तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी जिसे कार्य परिषद के अनुसमर्थन के अधीन कुलपति द्वारा कम किया या बढ़ाया जा सकता है।

(3) छात्र कल्याण का नियुक्त संकायाध्यक्ष अपने पद पर तभी तक रहेगा जब तक वह विश्वविद्यालय में संकाय सदस्य के रूप में बना रहता है।

(4) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष विश्वविद्यालय के विभाग में आचार्य/अध्यापक के कर्तव्यों के अतिरिक्त छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(5) यदि कुलपति की राय में, छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष जानबूझकर अधिनियम, परिनियमावली या अध्यादेशों के उपबन्धों का अनुपालन करने में चूक करता है या मना करता है या उसमें निहित शक्तियों को दुरूपयोग करता है और यदि कुलपति को अन्यथा प्रतीत हो कि संकायाध्यक्ष का पद पर बने रहना विश्वविद्यालय के हितों को हानिकारक है, तो कुलपति आदेश द्वारा छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष को हटा सकता है और किसी अन्य अध्यापक को छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष नियुक्त कर सकता है जिसे कार्य परिषद द्वारा अनुसमर्थित किया जाएगा।

(6) छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट कुलपति द्वारा लिखी जाएगी जो उसकी कुल वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट का एक भाग भी होगी।

(7) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष कुलपति द्वारा यथा प्रत्यायोजित शक्तियों के अधीन कार्य संपादन करेगा।

(8) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष कुलपति के आदेशों को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा इसमें छात्रों के कल्याण से सम्बन्धित मामले सम्मिलित हैं।

(9) छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष की सहायक संकाय अध्यक्षों द्वारा सहायता की जाएगी जिनकी संख्या समय की आवश्यकता के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकती है। कुलपति कम से कम एक महिला को महिला छात्रों की देखभाल के लिए सहायक संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करेगा। अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व भी नियम के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

(10) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष या एक सहायक संकायाध्यक्ष छात्रावास आवंटन समिति का अध्यक्ष/सदस्य होगा।

(11) छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष और सहायक संकायध्यक्षों को उतना मानदेय दिया जाएगा जितना आवश्यक समझा जाए और कार्य परिषद द्वारा सम्यक् अनुमोदित हो।

(12) छात्र कल्याण का संकायाध्यक्ष निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा :-

(एक) प्रवेश, चिकित्सीय रोग, आवास और छात्रों के कल्याण से सम्बन्धित मामलों में छात्रों की सहायता करना और परामर्श देना।

(दो) माता-पिता/अभिभावकों को उनके प्रतिपाल्य द्वारा सामना की जा रहीं समस्याओं से अवगत कराने के लिए संसूचित करना, जिसे संबन्धित माता-पिता और/या अभिभावक के संज्ञान में लाया जाना अपेक्षित हो।

(तीन) अधिस्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छात्रों में अनुशासन बनाए रखना।

(चार) यह सुनिश्चित करना कि छात्र किसी अवांछित क्रियाकलापों में लिप्त नहीं हैं।

विभागाध्यक्ष

2.08 (1) कुलपति विभाग का ज्येष्ठतम संकाय सदस्य होने के नाते विश्वविद्यालय के लिए प्रचलित सरकारी आदेशों के अनुसार विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए अपनी शक्तियों को प्रत्योजित कर सकता है।

(2) विभागाध्यक्ष को सम्बन्धित विषय में शैक्षणिक रूप से पूर्ण होने पर और भारतीय चिकित्सा परिषद/भारतीय दंत परिषद या किसी विवाद के सम्बन्ध में समय-समय पर सरकार द्वारा जारी आदेशों की संस्तुति के अनुसार स्नातकोत्तर अध्यापक के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने के अध्यधीन रहते हुए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) कुलपति उस ज्येष्ठतम अध्यापक को विभागाध्यक्ष के रूप में नामनिर्दिष्ट नहीं करेंगे जिसकी सत्यनिष्ठा, आचरण और कार्यशैली विश्वविद्यालय, जांच अभिकरण और/या माननीय न्यायालय के स्तर पर हानिकारक पाई गई हो।

(4) यदि कुलपति की राय में, विभागध्यक्ष जानबूझकर अधिनियम, परिनियमावली या अध्यादेशों के उपबन्धों का अनुपालन करने में चूक करता है या मना करता है या उसमें निहित शक्तियों का दुरूपयोग करता है और यदि कुलपति को अन्यथा प्रतीत हो कि विभागाध्यक्ष का पद पर बने रहना विश्वविद्यालय के हितों में हानिकारक है, तो कुलपति आदेश द्वारा विभागध्यक्ष को हटा सकता है और वरीयतः संकाय के अगले ज्येष्ठतम सदस्य को विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए शक्तियाँ प्रत्यायोजित कर सकता है जिसे कार्य परिषद द्वारा अनुसमर्थित किया जाएगा।

(5) विभागाध्यक्ष कुलपति द्वारा यथा प्रत्यायोजित शक्तियों का भी प्रयोग करेगा।

(6) कुलपति विश्वविद्यालय के किसी विभाग के विभागध्यक्ष का प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथ में ले सकता है यदि उसकी राय में ऐसा करना विभाग और या विश्वविद्यालय के हित में है।

(7) क्योंकि विभागध्यक्ष का कोई सांविधिक पद नहीं है। वह विभागाध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन आचार्य/या किसी अन्य

अध्यापक के, जैसी कि विश्वविद्यालय/विभाग में स्थिति हो, कर्तव्यों के अतिरिक्त करेगा।

(8) विभागाध्यक्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट कुलपति द्वारा लिखी जाएगी।

(9) विभागाध्यक्ष निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा :-

(एक) अध्यापकों, कर्मचारिवर्ग और छात्रों में अनुशासन बनाए रखना।

(दो) उसके विभाग में कार्यरत किसी कर्मचारी के विरुद्ध जानबूझकर अवज्ञा, उपेक्षा, कदाचार और/या चूक का कोई अन्य कार्य के लिए, जिससे अधिनियम, परिनियमावली, कुलाधिपति, कुलपति/और यदि किसी अन्य सुसंगत सक्षम प्राधिकारी के आदेशों का उल्लंघन हो, अनुशासनिक कार्रवाई किए जाने की संस्तुति करना।

(तीन) शैक्षणिक अखण्डता बनाए रखना और सभी कर्मचारियों के दायित्व का अनुश्रवण करना।

(चार) विभाग में विद्या सम्बन्धी विकास और अनुसंधान क्रियाकलापों को उन्नत करना।

(पांच) कुलपति के अनुमोदन के अधीन स्वास्थ्य/शिक्षा कार्यक्रमों में विभाग की भागीदारी प्रारम्भ करना।

(छह) परीक्षा नियंत्रक के परामर्श से विभागों से सभी परीक्षाओं का आयोजन करना और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों का परीक्षा प्रक्रिया में आंतरिक/बाहरी परीक्षकों के रूप में यथा संभव उपलब्धता के अधीन उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना।

(सात) विभाग के सभी अध्यापकों में वरीयतः चक्रानुक्रम से विभाग की अवसंरचना सहित उचित कार्य विभाजन सुनिश्चित करना।

कुलानुशासक

धाराः 22,41(ग) (थ) 2.09 (1) कुलपति विश्वविद्यालय के अध्यापकों में से किसी व्यक्ति को विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए कुलानुशासक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी शक्तियाँ प्रत्यायोजित करेगा।

(2) कुलपति ऐसे अध्यापक को विश्वविद्यालय के कुलानुशासक के रूप में कार्य करने के लिए नाम-निर्दिष्ट नहीं करेगा जिसकी सत्यनिष्ठा, आचरण और कार्यशैली संवीक्षा के अधीन रही है और उसे विश्वविद्यालय, जांच अभिकरण या माननीय न्यायालय के स्तर पर चुनौती दी गई है।

(3) नामनिर्दिष्ट कुलानुशासक की अवधि सामान्यता या एक वर्ष होगी जिसे कुलपति द्वारा कम या बढ़ाया जा सकता है।

(4) यदि कुलपति की राय में, कुलानुशासक जानबूझकर अधिनियम, परिनियमावली या आध्यादेशों के उपबन्धों का अनुपालन करने में चूक करता है या मना करता है या उसमें निहित शक्तियों का दुरूपयोग

करता है और यदि कुलपति को अन्यथा प्रतीत हो कि कुलानुशासक का पद पर बने रहना विश्वविद्यालय के हितों में हानिकारक है, तो कुलपति आदेश द्वारा कुलानुशासक को हटा सकता है और किसी अन्य संकाय सदस्य को कुलानुशासक के रूप में कार्य करने के लिए शक्तियाँ प्रत्यायोजित कर सकता है।

(5) कुलानुशासक कुलपति द्वारा यथा प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करेगा।

(6) कुलानुशासक की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट कुलपति द्वारा लिखी जाएगी।

(7) नाम-निर्दिष्ट कुलानुशासक अपने पद पर केवल ऐसे समय तक ही रहेगा जब तक कि वह विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य का पद धारण करे।

(8) विश्वविद्यालय का कुलानुशासक विश्वविद्यालय के विभाग में अध्यापक के कर्तव्यों के अतिरिक्त कुलानुशासक के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(9) विश्वविद्यालय के कुलानुशासक की अपर/सहायक कुलानुशासकों द्वारा सहायता की जाएगी जिनकी संख्या समय की आवश्यकता के अनुसार भिन्न भिन्न हो सकती है। महिला छात्राओं, कर्मचारियों और अन्य कर्मचारियों, जिसमें परिसर के बाहर रहने वाले भी सम्मिलित हैं, की देखभाल के लिए कम से कम एक महिला कुलानुशासक की नियुक्ति कुलपति करेगा। कुलानुशासक, अपर/सहायक कुलानुशासकों की नियुक्ति में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

(10) विश्वविद्यालय परिसर के अनुशासन के क्रियाकलापों से सम्बन्धित कुलपति के आदेशों को प्रभावी बनाने के लिए कुलानुशासक आवश्यक कार्रवाई करेगा।

(11) कुलानुशासक अनुसूचित साधनों की समिति का सदस्य होगा।

(12) कुलानुशासक, अपर/सहायक कुलानुशासकों को कार्य परिषद द्वारा सम्यक् रूप से अनुमोदित और यथा आवश्यक समझे गये मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

(13) कुलानुशासक निम्नलिखिति के लिए उत्तरदायी होगा:-

(एक) संबद्ध चिकित्सालयों/छात्रावासों को सम्मिलित करते हुए विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारिवर्ग, कर्मचारियों और परिसर में उपस्थित यदि कोई, रोगी के परिचारकों को सम्मिलित करते हुए बाहरी अवांछित तत्वों के सम्बन्ध में, जहां कहीं आवश्यक हो, कुलपति और कुलसचिव के अनुमोदन से, विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखना और उसमें सुधार करना।

(दो) विश्वविद्यालय परिसर में कानून व्यवस्था लागू करना।

(तीन) ऐसे मामलों में, जिनमें ऐसी कार्रवाई अपेक्षित हो, विश्वविद्यालय की ओर से पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराना।

(चार) विश्वविद्यालय परिसर के शैक्षणिक परिवेश में बाधा डालने वाले संभावित क्रिया-कलापों की स्थिति और प्रगति से कुलपति और कुलसचिव को अवगत कराये रखना।

(पांच) कुलसचिव की जानकारी में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर तैनात सुरक्षा गार्डों के कर्तव्यों और कार्यशैली का अनुश्रवण करना।

अध्याय–तीन
कार्य परिषद

धारा: 8 (ग) और 24(1) (2) और (3)

3.01 (1) अधिनियम की धारा 24 के अनुसार कार्यपरिषद का गठन किया जायेगा।

(2) पदने सदस्यों से भिन्न कार्यपरिषद के सदस्यों की पदावधि तीन वर्ष की होगी।

अध्याय 4
सभा
अध्यापकों आदि का प्रतिनिधित्व

धारा 26 (1) (7)

4.01 विश्वविद्यालय और उसके घटक महाविद्यालयों तथा तथा संस्थानों के छात्रावासों तथा छात्रनिवासों के जो दो ऐसे प्रोवास्ट तथा वार्डन, धारा 26(1) के खण्ड (vii) के अधीन सभा के सदस्य होंगे, उनका चयन प्रोवोस्ट तथा वार्डेन के रुप में उनकी लगातार दीर्घकालिक सेवा के आधार पर चक्रानुक्रम से किया जायेगा।

धारा 26 (1) (9)

4.02 (1) ऐसे पन्द्रह अध्यापक, जो धारा 26 (1) के खण्ड (ix) के अधीन सभा के सदस्य होंगे, उनका चयन निम्नलिखित रीति से किया जायेगा:

(क) विश्वविद्यालय के तीन आचार्य,
(ख) विश्वविद्यालय के तीन उपाचार्य,
(ग) विश्वविद्यालय के तीन प्राध्यापक,
(घ) छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष,
(ङ) सम्बद्ध महाविद्यालयों के दो प्राचार्य,
(च) सम्बद्ध महाविद्यालयों के तीन अध्यापक।

(2) उपर्युक्त आचार्यों, उपाचार्यों, प्राध्यापकों, प्राचार्य तथा अन्य अध्यापकों का चयन, यथास्थिति, आचार्य, उपाचार्य, प्राध्यापक, प्राचार्य अथवा अन्य अध्यापक के रुप में उनकी ज्येष्ठता-क्रम में किया जायेगा।

स्नातकों का रजिस्ट्रीकरण तथा सभा में उनका प्रतिनिधित्व

धारा 26, एवं 41 (ण)

4.03 कुलसचिव अपने कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का एक रजिस्टर रखेगा, जिसे आगे इस अध्याय में रजिस्टर कहा गया है।

4.04 रजिस्टर में निम्नलिखित विवरण होगें:-

(क) रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का नाम तथा पता,
(ख) उनके स्नातक होने का वर्ष,
(ग) विश्वविद्यालय या महाविद्यालय का नाम जहाँ से वे स्नातक हुये,
(घ) रजिस्टर में स्नातक का नाम दर्ज किये जाने का दिनांक,
(ङ) ऐसे अन्य ब्योरे, जिनके बारे में कार्य - परिषद समय समय पर निर्देश दें।

टिप्पणी – ऐसे रजिस्ट्रीकृत स्नातकों के नाम काट दिये जायेगें जिनकी मृत्यु हो गयी हो।

धारा 41 (ण) 4.05 विश्वविद्यालय का प्रत्येक स्नातक जिसमें पूर्व किंग जार्ज मेडिकल कालेज/दन्त विज्ञान विश्वविद्यालय सम्मिलित हैं, कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित प्रपत्र में आवेदन पत्र देने पर और पाँच सौ रुपया की फीस देने पर रजिस्टर में अपना नाम उस दीक्षान्त समारोह के दिनाँक से दर्ज कराने का हकदार होगा जिसमें वह उपाधि प्रदान की गयी थी व उसके उपस्थित रहने पर प्रदान की गयी होती जिसके आधार पर उसका नाम दर्ज करना है। आवेदन पत्र स्नातक द्वारा स्वयं दिया जायेगा और उसे या तो स्वयं कुलसचिव को दिया जा सकता है या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जा सकता है। यदि दो या उससे अधिक आवेदन पत्र एक ही आवरण में प्राप्त हों, तो उन्हें अस्वीकार कर दिया जायेगा।

धारा 41 (ण) 4.06 आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर कुलसचिव, यदि यह ज्ञात हो कि स्नातक सम्यक रुप से अर्ह है और विहत फीस दे दी गयी हैं, आवेदक का नाम रजिस्टर में दर्ज करेगा।

धारा 41 (ण) 4.07 कोई पंजीकृत स्नातक, जिसका नाम निर्वाचन की अधिसूचना के दिनाँक के पूर्ववर्ती 30 जून, को एक वर्ष या उससे अधिक अवधि से रजिस्टर में लिखा हो, रजिस्ट्रीकृत स्नातकों के प्रतिनिधियों के निर्वाचन में मत (वोट) देने का हकदार होगा।

धारा 26 (1) एवं 41 (ण) 4.08 कोई पंजीकृत स्नातक धारा 26(1) के खण्ड (9) के अधीन निर्वाचन में खडे होने के लिए पात्र होगा, यदि उसका नाम निर्वाचन के दिनाँक के पूर्ववर्ती 30 जून को कम से कम तीन वर्ष तक रजिस्टर में दर्ज रहा हो।

धारा 26 (1) तथा 41 (ण) 4.09 धारा 26(1) के खण्ड (9) के अधीन निर्वाचित पंजीकृत स्नातकों का प्रतिनिधि विश्वविद्यालय या किसी संस्थान या किसी सम्बद्ध महाविद्यालय, छात्रावास, छात्र-निवास की सेवा में प्रवेश करने पर अथवा सम्बद्ध महाविद्यालय, छात्र-निवास अथवा छात्रावास के प्रबन्धन से सम्बद्ध हो जाने पर अथवा छात्र हो जाने पर सदस्य नहीं रह जायेगा, और इस प्रकार रिक्त हुये स्थान को ऐसे उपलब्ध व्यक्ति द्वारा, जिसे पिछले निर्वाचन के समय ठीक बाद में पडने वाले अधिकतम मत प्राप्त हुये हों, शेष कार्यकाल के लिये भरा जायेगा।

धारा 26 (1) तथा 41 (ण) 4.10 कोई पंजीकृत स्नातक, जो पहले से ही किसी अन्य हैसियत से सभा का सदस्य हो पंजीकृत स्नातकों के प्रतिनिधि के रुप में निर्वाचन में खडा हो सकता है, और इस प्रकार उसके निर्वाचित हो जाने पर परिनियम 4.09 के उपबन्ध आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे।

धारा 26 (1) तथा 41 (ण) 4.11 इस अध्याय के अधीन पंजीकृत स्नातकों का निर्वाचन परिशिष्ट "क" में निर्धारित आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किया जायेगा।

धारा 26 (1) तथा 41 (ण) 4.12 सभा के सदस्यों का कार्यकाल सभा के प्रथम अधिवेशन के दिनांक से प्रारम्भ होगा।

अध्याय – पांच

विद्या परिषद

धारा 29 (2) 5.01 विद्या परिषद विश्वविद्यालय का प्रमुख विद्या निकाय होगा।

5.02 (1) विद्या परिषद में निम्नलिखित सदस्य होंगे-

(एक) कुलपति।

(दो) दोनों संकायों के संकायाध्यक्ष।

(तीन) विश्वविद्यालय के विभागों के सभी आचार्य, जो विभागाध्यक्ष नहीं है।

(चार) विश्वविद्यालय के सभी आचार्य, जो विभागाध्यक्ष।

(पांच) राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के दो प्राचार्य जिन्हें छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नाम-निर्दिष्ट किया जाएगा।

(छह) पांच अध्यापक-ज्येष्ठता के क्रम में छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के तीन सहयुक्त आचार्य और दो सहायक आचार्य।

(सात) कुलपति द्वारा नाम-निर्दिष्ट संबद्ध महा विद्यालयों के दो प्राचार्य।

(आठ) छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष।

(नौ) विश्वविद्यालय का पुस्तकाध्यक्ष।

(दस) विश्वविद्यालय के आठ अध्यापकों को (अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों-चार, अन्य पिछड़े वर्ग-चार) कुलपति द्वारा नाम-निर्दिष्ट किया जाएगा जो पदेन सदस्य न हों।

(ग्यारह) कुलपति द्वारा नाम-निर्दिष्ट किए जाने वाले शैक्षणिक प्रख्याति के पांच व्यक्ति जिनमें वरीयतः तीन चिकित्सा विज्ञानी और दो दंत विज्ञानी।

(2) ऊपर (पांच) और (नौ) (दस) में नाम-निर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि तीन वर्ष होगी।

(3) विद्या परिषद विश्वविद्यालय में चलने वाले या दिये जाने वाले अनुदेश, शिक्षा और शोध के मानकों के अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगी।

(4) विद्या परिषद सभी विद्या सम्बन्धी मामलों में कार्य परिषद को परामर्श दे सकती है।

(5) विद्या परिषद-

(एक) अध्ययन के पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में संकायों के माध्यम से अध्ययन बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की संवीक्षा करेगी और संस्तुति करेगी।

(दो) कुलपति और कार्य परिषद द्वारा उसे संदर्भित या सौंपे गये किसी विषय पर रिपोर्ट देगी।

(तीन) अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थाओं के डिप्लोमा और उपाधियों की मान्यता की संस्तुति करना और छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के डिप्लोमा और उपाधियों के साथ समानता की संस्तुति करेगी।

(6) कुलपति विद्या परिषद का सभापति होगा।

(7) कुलसचिव छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय विद्या परिषद का पदेन सदस्य सचिव होगा।

(8) विद्या परिषद की बैठक कुलसचिव द्वारा कुलपति के निदेशानुसार बुलाई जाएगी।

अध्याय – छः
वित्त समिति

धाराः 30 (3) और 41 (क)

6.01 (1) विश्वविद्यालय की वित्त समिति में निम्नलिखित होंगे:-

(एक) कुलपति, जो कि सभापति होगा।

(दो) प्रमुख सचिव/सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार या उसका नाम निदेशिती जो उस विभाग में संयुक्त सचिव की पंक्ति से नीचे का नहीं होगा।

(तीन) प्रमुख सचिव, वित्त उत्तर प्रदेश सरकार या उसका नाम निदेशिती जो उस विभाग में संयुक्त सचिव की पंक्ति से नीचे का नहीं होगा।

(चार) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय का कुल सचिव।

(पांच) परीक्षा नियंत्रक, छपपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय।

(छह) वित्त और लेखा में निष्णात दो व्यक्ति एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का और दूसरा अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी से कुलपति द्वारा या तो विश्वविद्यालय के कर्मचारिवर्ग में से या बाहर से नाम निर्दिष्ट किया जाएगा। इन नाम-निर्दिष्ट व्यक्तियों का कार्यकाल एक वर्ष होगा जिसे तीन वर्ष से अनधिक की कुल अवधि के लिए नवीकृत किया जा सकेगा।

(सात) दो व्यक्ति राज्य सरकार द्वारा एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से और-दूसरा अन्य पिछड़े वर्गों से नाम-निर्दिष्ट किया जाएगा।

(आठ) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय का वित्त अधिकारी वित्त समिति का सदस्य सचिव भी होगा।

(2) वित्त समिति एक वित्तीय वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेगी। यह विश्वविद्यालय के लेखों का परीक्षण करेगी और विश्वविद्यालय में व्यय के प्रस्तावों की संवीक्षा करेगी।

(3) वित्त समिति की बैठकें कुलपति के निदेशानुसार बुलाई जाएंगी।

(4) वित्त समिति रू0 50.00 लाख से अधिक के प्रत्येक उपकरण/मद के क्रय के लिए एक उच्च स्तरीय क्रय समिति का गठन कर सकती है। इस समिति का अध्यक्ष कुलपति, संयोजक वित्त अधिकारी तथा सदस्य कुलसचिव होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग, वित्त विभाग और उद्योग विभाग का प्रमुख सचिव या उसका नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, जो संयुक्त सचिव से न्यून श्रेणी का न हो, इस समिति का सदस्य होगा। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी/अध्यापक को विशिष्ट सदस्य के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जायेगा।

रू0 50.00 लाख से कम के उपकरणों/मदों के क्रय हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर एक क्रय समिति गठित की जायेगी। कुलपति इस समिति का अध्यक्ष, वित्त अधिकारी संयोजक तथा कुलसचिव सदस्य होगा। एक अधिकारी/अध्यापक को विषय विशेषज्ञ सदस्य के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जायेगा।

अध्याय – सात

संकाय

धारा 17 (1) 7.01 छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय में केवल दो संकाय अर्थात चिकित्सा संकाय और दन्त संकाय होगें।

(1) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय में सहबद्ध चिकित्सा विज्ञान की शाखाओं में उपसंकाय भी हो सकते हैं।

(2) प्रत्येक संकाय हेतु एक संकायाध्यक्ष होगा।

(3) उपर्युक्त संकायों में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग तथा अधिस्नातक एवं स्नातकोत्तर अध्यापन/प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने वाली विभिन्न शाखाएं होंगी।

(4) प्रत्येक संकाय में निम्नलिखित होंगे –

(एक) सम्बन्धित संकाय का संकायाध्यक्ष, जो अध्यक्ष भी होगा।

(दो) सम्बन्धित शाखाओं में विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापन विभागों के विभागाध्यक्ष।

(तीन) सम्बन्धित शाखा में विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों के समस्त आचार्य सम्बन्धित शाखाओं में ज्येष्ठता क्रम में प्रत्येक विभाग से एक सह आचार्य।

(चार) सम्बन्धित शाखाओं में ज्येष्ठता क्रम में प्रत्येक विभाग से एक सह आचार्य।

(पांच) सम्बन्धित शाखा में ज्येष्ठता क्रम में प्रत्येक विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग से एक सहायक आचार्य।

(छः) प्रत्येक अनुसूचित जातियों/अनूसूचित जनजातियों की श्रेणी और साथ ही साथ अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी से सम्बन्धित विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों के दो प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक और एक सह आचार्य को कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(सात) कुलसचिव/कुलसचिव द्वारा नाम निर्दिष्ट उप कुलसचिव।

(5) उपर्युक्त (चार) (पांच) और (छः) से सम्बन्धित संकाय का कार्यकाल केवल एक वर्ष के लिए होगा।

(6) संकाय की बैठक का आयोजन अध्यक्ष-सम्बन्धित संकाय के संकायाध्यक्ष के निदेश के अधीन किया जाएगा।

(7) संकायः-

(एक) पाठ्य बोर्ड की संस्तुतियों पर विचार करने के पश्चात पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में विद्या परिषद को संस्तुति देगा।

(दों) ऐसे शैक्षणिक मामलों से सम्बन्धित किसी प्रश्न पर विद्या परिषद को संस्तुति देगा, जो सुसंगत हो तथा विद्या परिषद द्वारा विचारार्थ आवश्यक प्रतीत हों और जो कुलपति द्वारा समनुदेशित भी हों।

(तीन) अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित अध्यापकों सहित सदस्यों के मध्य शैक्षणिक/विभागीय कार्यों के पारदर्शी आवंटन को सुनिश्चित करेगा।

विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकारी

धारा 23 (एक) 7.02 (1) एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अन्य प्राधिकारी होंगें:-

(क) उत्कृष्ट रूप में शीर्ष चिकित्सा संस्था के रूप में चलाने के उद्देश्य से संस्था में गुणवत्ता और साथ ही साथ वैज्ञानिक अनुसंधान के परिमाण का सम्वर्द्धन करने तथा उसे सुगम बनाने के लिए विश्वविद्यालय में केन्द्रीय अनुसंधान समिति का गठन किया जाएगा।

(ख) कुलपति की संस्तुति पर विद्या परिषद द्वारा प्रख्यात कर्षण अभिलेख और शिक्षा तथा शोध में रूचि रखने वाले विश्वविद्यालय के आचार्यों के मध्य से अनुसंधान समिति के संकाय प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी।

(2) अनुसंधान समिति के संकाय प्रभारी का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। यदि यह प्रतीत हो कि अनुसंधान समिति के संकाय प्रभारी का बना रहना विश्वविद्यालय के हित के लिए घातक होगा तो इसे कुलपति की संस्तुति पर विद्या परिषद द्वारा न्यून किया जा सकता है।

(3) विश्वविद्यालय की अनुसंधान समिति होगी जिसमें निम्नलिखित होंगे :-

(एक) कुलपति - अध्यक्ष

(दो) संकायाध्यक्ष - पदेन सदस्य

(तीन) संकाय प्रभारी, अनुसंधान समिति - सदस्य सचिव तथा संयोजक

(चार) विश्वविद्यालय के उतने अन्य अध्यापक जितने कुलपति राज्य सरकार के आरक्षण नियमों के अनुसार विहित अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी के पर्याप्त प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करते हुए आवश्यक समझे।

(पांच) कुलपति द्वारा ऊपर 7.02 (3) (चार) में उल्लेखित सदस्यों के मध्य से नामनिर्दिष्ट दो सह संकाय प्रभारी।

(4) अनुसंधान समिति निम्नलिखित उपाय करेगी :-

(एक) छात्रों, रेजीडेन्ट, सहयुक्त अध्यताओं और अध्यापकों के मध्य वैज्ञानिक अनुसंधान में रूचि और प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करना।

(दो) विश्वविद्यालय के समग्र अनुसंधान क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय और अन्य संस्थाओं/अभिरजों के मध्य सम्पर्क स्थापित करना।

(तीन) गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं, अनुदान जनन परियोजना पूर्ण करने तथा पारदर्शी निधि प्रबंधन के पहलीकरण को सुगम बनाना।

(चार) विश्वविद्यालय में अनुसंधान की गुणवत्ता को प्रोत्साहित करने सम्बन्धित कोई अन्य क्रियाकलाप।

289 mb 2011 Data I

(5) विश्वविद्यालय के बाहर अनुसंधान समिति द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार कुलपति के अनुमोदन से कुल सचिव के कार्यालय के माध्यम से किया जाएगा।

(6) कुलपति के अनुमोदन से कुलसचिव और वित्त अधिकारी द्वारा समिति का कार्मिक प्रबन्धन और और साथ ही साथ वित्तीय प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाएगा।

पुस्तकाध्यक्ष

धारा 41(ड.) 7.03

(1) पूर्णकालिक पुस्तकाध्यक्ष की नियुक्ति केवल तभी की जाएगी यदि और जब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुस्तकाध्यक्ष के पद का अनुमोदन किया जाएगा। तब उक्त पद पर नियुक्ति विश्वविद्यालय के महामहिम कुलाधिपति द्वारा गठित सांविधिक चयन समिति के माध्यम से विहित अर्हताओं के अनुसार की जाएगी।

(2) जबतक ऐसा होता है, तबतक के लिए कुलपति विश्वविद्यालय के आचार्यों के मध्य से पुस्तकाध्यक्ष के रूप में किसी व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट करेगा।

(3) विश्वविद्यालय के नाम निर्दिष्ट पुस्तकाध्यक्ष का कार्यकाल सामान्यतः तीन वर्ष का होगा जिसे कुलपति द्वारा न्यून या विस्तारित किया जा सकता है।

(4) नामनिर्दिष्ट पुस्तकाध्यक्ष केवल तबतक उक्त पद पर बना रहेगा जबतक वह विश्वविद्यालय में आचार्य के पद पर रहेगा।

(5) विश्वविद्यालय का पुस्तकाध्यक्ष विश्वविद्यालय के किसी आचार्य के कर्तव्य के अतिरिक्त अपने कर्तव्यों का सम्यक रूप से निर्वहन करेगा।

(6) यदि कुलपति की राय में पुस्तकाध्यक्ष अधिनियिम परिनियमावली या अध्यादेशों के उपबन्धों को कार्यान्वित करने में जानबूझकर करता है या अस्वीकार करता है, या स्वयं में प्रतिनिधानित शक्तियों का दुरूपयोग करता है या यदि कुलपति को अन्यथा प्रतीत हो कि पुस्तकाध्यक्ष का बना रहना विश्वविद्यालय के हित के लिए घातक है तो कुलपति आदेश द्वारा पुस्तकाध्यक्ष को हटा सकता है और पुस्तकाध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए शक्तियाँ अन्य आचार्य को प्रतिनिधानित कर देगा।

(7) पुस्तकाध्यक्ष कुलपति द्वारा यथा प्रतिनिधानित शक्तियों के अधीन कार्य करेगा।

(8) कुलपति पुस्तकाध्यक्ष का प्रशासनिक नियंत्रण ले सकता है यदि उसकी राय मे यह पुस्तकालय या विश्वविद्यालय के हित में हो।

(9) पुस्तकाध्यक्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट कुलपति द्वारा लिखी जाएगी

(10) पुस्तकाध्यक्ष विश्वविद्यालय पुस्तकालय के मामलों से सम्बन्धित कुलपति के आदेशों को प्रभावी करने के निमित्त आवश्यक कार्यवाही करेगा।

(11) पुस्तकाध्यक्ष की सहायता उप/सहायक पुस्तकाध्यक्ष (पुस्तकाध्यक्षगण) करेंगे जिनकी संख्या में भिन्नता समय की आवश्यकता के अनुसार हो सकती है। तथापि अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और

अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व उपर्युक्त नियुक्तियों में सुनिश्चित किया जाएगा।

(12) विश्वविद्यालय पुस्तकाध्यक्ष विश्वविद्यालय समिति का सदस्य सचिव होगा।

(13) पुस्तकाध्यक्ष कुलपति के अनुशासनिक नियंत्रण के अधीन होगा।

(14) स्थानापन्न पुस्तकाध्यक्ष और उप/सहायक पुस्तकाध्यक्ष (पुस्तकाध्यक्षगण) को ऐसा मानदेय जैसा आवश्यक समझा जाए सदत्त किया जा सकता है जैसाकि कार्य परिषद द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित किया जाए।

(15) विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को अनुरक्षित रखना तथा अध्यापन एवं अनुसंधान के हित में सर्वाधिक संवाहकीया रीति से उसकी सेवा को संगठित रखना पुस्तकाध्यक्ष का कर्तव्य होगा -

(एक) विश्वविद्यालय पुस्तकालय में शैक्षणिक वातावरण बनाये रखना।

(दो) पुस्तकालय में वाचन और सन्दर्भ सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध कराना

(तीन) कुलपति द्वारा की गयी व्यवस्था के माध्यम से विश्वविद्यालय पुस्तकालय को सुरक्षा उपलब्ध कराना।

(चार) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए सरकार द्वारा सम्यक् रूप से निधिकृत पुस्तक बैंक को सुनिश्चित करना, अनुरक्षित रखना तथा उसे अद्यतन बनाना।

अध्याय – आठ
विभागीय समितियाँ

धारा 41

8.01 (1) विश्वविद्यालय के प्रत्येक अध्यापन विभाग में एक विभागीय समिति होगी।

(2) विभागीय समिति में निम्नलिखित होंगे-

(एक) विभागाध्यक्ष, जो समिति का संयोजक भी होगा।

(दो) सम्बन्धित विभाग के सह आचार्य।

(तीन) सम्बन्धित विभाग के पचास प्रतिशत सह आचार्य ज्येष्ठता के आधार पर सदस्य होंगे जिनमें से आधे सदस्य अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों से होंगे।

(चार) सम्बन्धित विभाग के पचास प्रतिशत सह आचार्य/प्राध्यापक ज्येष्ठता के आधार पर सदस्य होंगे जिनमें से आधे सदस्य उपलब्धता के आधार पर अनूसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों से होंगे।

(3) उपर्युक्त श्रेणी (तीन) और (चार) के सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

(4) विभागीय समिति एक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेंगी।

(5) विभागीय समिति -

(एक) सम्बन्धित विभाग के अध्यापकों के मध्य अध्यापन कार्य/भार/कार्यसूची के आवंटन के सम्बन्ध में संस्तुति देगी।

(दो) अनुसंधान सहित अध्यापन/प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वय के सम्बन्ध में सुझाव देगी।

(तीन) विभाग के सामान्य और शैक्षणिक हितों के सम्बन्ध में सुझाव देगी।

(चार) अध्यापकों के मध्य चक्रानुक्रम में कार्यों और दायित्वों के आवंटन को सुनिश्चित करेगी और विभाग के समस्त अध्यापकों को सुविधाएं उपलब्ध करायेगी।

परीक्षा समिति

धारा 41 8.02 (1) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति में निम्नलिखित होंगे:-

(एक) कुलपति, जो समिति का अध्यक्ष होगा।

(दो) परीक्षा नियंत्रक, जो समिति का सदस्य सचिव होगा।

(तीन) विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के संकायाध्यक्ष।

(चार) चक्रानुक्रम में विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष से भिन्न ज्येष्ठतम आचार्य।

(पांच) चक्रानुक्रम में विश्वविद्यालय का ज्येष्ठतम सह आचार्य।

(छः) समस्त अपर और सहायक परीक्षा नियंत्रक।

(सात) विश्वविद्यालय प्राक्टर।

(आठ) कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले अन्य पिछड़े वर्गों के दो ज्येष्ठ संकाय सदस्य और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के दो ज्येष्ठ संकाय सदस्य।

(नौ) कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जानेवाले उपर्युक्त श्रेणियों से भिन्न विश्वविद्यालय के अध्यापकों के मध्य से दो सदस्य।

(2) परीक्षा समिति के पदेन सदस्यों से भिन्न सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

(3) परीक्षा समिति -

(एक) विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं का सामान्यतः पर्यवेक्षण करेगी।

(दो) विश्वविद्यालय परीक्षा परिणामों का समय समय पर समीक्षा करेगी।

(तीन) परीक्षा प्रणाली में किये जानेवाले सुधारों के सम्बन्ध में संस्तुति देगी।

(चार) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों द्वारा सम्यक रूप से प्रतिनिधित्व प्राप्त विभिन्न विषयों के पाठ्य बोर्ड द्वारा संस्तुत परीक्षक पैनल की संवीक्षा करेगी और उनके पैनल को ऐसे पैनलों, जिनमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत पैनल में असम्मिलत व्यक्तियों

के पैनल भी सम्मिलित हैं, में से आंतरायिक परीक्षकों के अनुमोदन हेतु तथा बाह्य परीक्षकों की वांछित संख्या के नामनिर्देशन हेतु कुलपति-परीक्षा समिति का अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगी।

(पांच) परीक्षकों के दौरान परीक्षार्थी के आचरण और व्यवहार सहित उनके द्वारा अपनाए गये अनुचित साधनों के मामलों को व्यवहृत करने के लिए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों द्वारा सम्यक रूप से प्रतिनिधित्व प्राप्त अनुचित साधन समिति, इस सम्बन्ध में अनुमोदन तथा की जाने वाली कार्यवाही के लिए अपनी संस्तुति परीक्षा समिति के अध्यक्ष के माध्यम से कुलपति को प्रस्तुत करेगी।

(छः) भारतीय चिकित्सा परिषद के प्रतिमानों के अनुसार परीक्षकों के चक्रानुक्रम को सुनिश्चित करेगी।

अध्याय – नौ
चिकित्सालय

धारा 10 एवं 11

9.01 (1) विश्वविद्यालय के चिकित्सीय, दन्त, परिचर्या सम्बन्धी तथा पैरामेडिकल छात्रों के चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न शाखाओं से सम्बन्धित रोगी देखभाल सहित अध्यापन और प्रशिक्षण के लिए छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के समबद्ध चिकित्सालय होंगे। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय भी चिकित्सीय अनुसंधान हेतु सामग्री और अवसंरचना उपलब्ध करायेंगे।

(2) विभिन्न शाखाओं से सम्बन्धित चिकित्सालयों को सामूहिक रूप से "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय" के रूप में जाना जाएगा।

(3) गांधी स्मारक चिकित्सालय, छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सम्बद्ध चिकित्सालयों में से एक होगा।

(4) अन्य विद्यमान चिकित्सालय अर्थात् क्वीनमेरी हॉस्पिटल (आब्स्ट एवं गाइना.) कस्तूरबा क्लीनिक और हॉस्पिटल (ट्यूबरकुलोसिस और पल्मोनरी मेडीसीन), चिल्ड्रेन हास्पिटल (पाइडियाट्रिक) रिहाविलिटेशन तथा आर्टिफिसियल लिम्ब सेंटर डेन्टल हॉस्पिटल, ट्रामा सेंटर/निड इमर्जेन्सी काम्पलेक्स सेन्टेनरी हॉस्पिटल, ब्लड बैंक और भविष्य में खोले जाने वाले कोई अन्य चिकित्सालय भी विश्वविद्यालय के सम्बद्ध विश्वविद्यालय के अंग होंगे।

(5) उपर्युक्त चिकित्सालयों के अतिरिक्त छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय में परिसर के अन्दर और परिसर के बाहर पृथक पृथक भवनों में स्थित चिकित्सीय/गैर चिकित्सीय विशिष्ट और अतिविशिष्ट विभाग होंगे जो सम्बन्धित शाखाओं से सम्बद्ध अध्यापन/प्रशिक्षण/अनुसंधान और रोगी देखभाल से तात्पर्यित होंगे। ऐसी विद्यमान क्रियाशील इकाइयाँ यथा कार्डियोलॉजी विभाग,

साइकियाट्री विभाग, जंरियाटिक मेडिकल हेल्थ विभाग भविष्य में और संयोजित की जाएंगी।

(6) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (ड़) और धारा 11 की उपधारा (16) में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अनुसार विश्वविद्यालय, सम्बद्ध/सहयुक्त चिकित्सालयों को, प्रशासित, प्रबंधित और नियंत्रित करेगा और आवश्यक रोगी देखभाल की व्यवस्था करेगा।

(7) "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के रूप में ज्ञात छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सम्बद्ध/सहयुक्त चिकित्सालय कुलपति के सीधे प्रशासनिक नियंत्रण में होंगे।

(8) राज्य सरकार चिकित्सालयों और रोगियों की देखभाल की समुचित व्यवस्था करने के लिए अपेक्षित अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों द्वारा समुचित प्रतिनिधित्व प्राप्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और अनेक चिकित्सा अधीक्षकों, उपचिकित्सा अधीक्षकों तथा सहायक चिकित्सा अधीक्षकों को नियुक्त करेगी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

धारा 7 और 41 9.02 (1) उत्तर प्रदेश सरकार छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों के लिए विश्वविद्यालय या अन्यथा की संस्तुति पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की नियुक्ति करेगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की सहायता राज्य सरकार द्वारा नियुक्त चिकित्सा अधीक्षक करेगा।

(2) कुलपति द्वारा यथा समनुदेशित और विनिश्चित रूप से "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के चिकित्सालय/चिकित्सालयों की देखभाल और प्रबंध करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक कर्मचारी होगा/होंगे।

(3) मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को किसी प्रकार की निजी प्रेक्टिस करने या ऐसे क्रियाकलापों में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलत होने का अधिकार नहीं होगा।

(4) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षकगण को कार्यपरिषद की संस्तुति पर राज्य सरकार द्वारा इस आधार पर हटाया जा सकता है कि उसका/उनका बना रहना संगठन के हित के लिए घातक है।

(5) चिकित्सालयों के मुख्य अधीक्षक, यदि विश्वविद्यालय के आचार्यों के मध्य से अस्थायी रूप से नियुक्त किये गये हों, विश्वविद्यालय के विभाग में आचार्य के कर्तव्य के अतिरिक्त अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

(6) चिकित्सालयों के मुख्य अधीक्षक कुलपति के प्रति और उनके प्रशासनिक नियंत्रण में रहेंगे।

(7) चिकित्सालयों के मुख्य अधीक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट कुलपति द्वारा लिखी जाएगी जो उनके सम्पूर्ण वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट के अंग

होंगी जिनमें विश्वविद्यालय के किसी विभाग में आचार्य पद की गोपनीय रिपोर्ट सम्मिलित होंगी।

(8) अनुशासन और उत्तरदायित्व बनाये रखने तथा पर्याप्त रूप में रोगियों की देखभाल की व्यवस्था करने के निबन्धनों के साथ चिकित्सालयों की प्रशासनिक व्यवस्था करने में चिकित्सा अधीक्षक, उपचिकित्सा अधीक्षक सहायक अधीक्षक मुख्य अधीक्षक की सहायता करेंगे।

(9) चिकित्सालयों का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक समय-समय पर कुलपति द्वारा समनुदेशित अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(10) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कुलसचिव को यथा अपेक्षित समस्त सूचनाएं और सामयिक विवरणियां प्रस्तुत करेगा।

(11) चिकित्सालयों में कर्मचारियों की तैनाती और स्थानान्तरण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक या अन्यथा की संस्तुति पर कुलसचिव द्वारा किया जाएगा।

चिकित्सा अधीक्षक

धारा 41 — 9.03 (1) उत्तर प्रदेश सरकार छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों के लिए विश्वविद्यालय या अन्यथा की संस्तुति पर चिकित्सा अधीक्षकों की नियुक्ति करेगी।

(2) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के प्रत्येक महत्वपूर्ण इकाई के लिए अधिमानतः अनन्य चिकित्सा अधीक्षक होंगे।

(3) कुलपति विश्वविद्यालय के हित में स्वविवेक से एक चिकित्सा अधीक्षक की देखभाल में छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों की एक और/या उससे अधिक इकाईयां नियत कर सकता है।

(4) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों से सम्बन्धित कुलपति द्वारा यथा समनुदेशित और विनिश्चित चिकित्सालय/चिकित्सालयों की देखभाल और व्यवस्था करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षकगण विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक कर्मचारी होगा/होंगे।

(5) चिकित्सा अधीक्षकों को किसी प्रकार की निजी प्रेक्टिस करने या ऐसे क्रियाकलापों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सम्मिलित होने का अधिकार होगा।

(6) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षकों को राज्य सरकार द्वारा कार्य परिषद की सुंस्तुति पर इस आधार पर हटाया जा सकता है कि उसका/उनका बना रहना संगठन के हित के लिए घातक होगा।

(7) चिकित्सा अधीक्षकों के पद छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों के चिकित्सा अधीक्षकों के पद के रूप में अभिहित किये जाएंगे और विशेष रूप से उनकी किसी इकाई का अंकन नहीं होगा।

(8) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों की विभिन्न इकाई/इकाईयों की देखभाल और प्रबन्ध

करने वाले चिकित्सा अधीक्षक कुलपति के विवेक पर किसी भी समय छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों के एक इकाई से किसी अन्य इकाई के लिए स्थानान्तरणीय होंगे।

(9) चिकित्सा अधीक्षकों के वेतन और भत्ते, वही होंगे जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवधारित किये जाएंगे।

(10) चिकित्सा अधीक्षक कुलपति के समग्र नियंत्रण सहित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के प्रति उत्तरदायी तथा उसके नियंत्रणाधीन होगे।

(11) चिकित्सा अधीक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट मुख्य अधीक्षक तथा कुलपति द्वारा लिखी जाएगी।

(12) चिकित्सा अधीक्षकों के पद के लिए पात्रता मापदण्ड अधिमानत : भारतीय चिकित्सा परिषद/भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद की संस्तुतियों के अनुसार होगा। तथापि आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार द्वारा मापदण्ड में शिथिलता प्रदान की जा सकती है।

(13) मुख्य अधीक्षक की सहायता करने के दौरान चिकित्सा अधीक्षकगण अपने प्रभार के अधीन चिकित्सालय/चिकित्सालयों का प्रबन्ध करने के लिए उप चिकित्सा अधीक्षकों और सहायक अधीक्षकों द्वारा सहायतित किये जा सकते हैं।

(14) यदि और जब कार्यपरिषद के अनुमोदन के अध्यधीन पद रिक्त हो तब कुलपति काम चलाऊ व्यवस्था के तहत चिकित्सा अधीक्षक के रूप में स्थानापन्न व्यवस्था करने के लिए विश्वविद्यालय विभाग के किसी अध्यापक को नामनिर्दिष्ट कर सकता है।

(15) **चिकित्सा अधीक्षक –**

(एक) अपने अधीन कार्यरत कर्मचारिवर्ग की जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे।

(दो) चिकित्सालय में कर्मचारिवर्ग, रोगियों के नातेदारों और आगन्तुकों के मध्य अनुशासन बनाये रखेंगे।

(तीन) पर्याप्त रोगी-देखभाल की व्यवस्था करने के लिए चिकित्सालय के मामलों की व्यवस्था करेंगे।

(चार) यह सुनिश्चित करेंगे कि आशा और प्रतिमान के अनुरूप आवश्यक सफाई, स्वस्च्छता तथा चिकित्सालय के अपशिष्ट के निस्तारण पर ध्यान दिया जाय।

(पांच) चिकित्सालय की सुरक्षा तथा चिकित्सालय की अवसंरचना सुनिश्चित करेंगे।

(छः) चिकित्सालय में समुचित रोगाणुनाशन तथा कपड़ा धुलाई सेवाओं की व्यवस्था करेंगे।

(सात) चिकित्सालय में परिचर्या कर रहे/दाखिल लोगों को चिकित्सीय विधिक मामलों को व्यवहृत करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

(आठ) चिकित्सालयों में कार्यरत कर्मचारिवर्ग –उपचिकित्सा अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, अधीक्षिका (मेट्रोन) परिचर्या /पैरामेडिकल कर्मचारिवर्ग और श्रेणी-तीन

तथा श्रेणी-चार के अन्य कर्मचारियों के अनुशासनिक नियंत्रण तथा कार्य निष्पादन के लिए उत्तरदायी होंगे।

(नौ) अपने अधीन कार्यरत समस्त कर्मचारिवर्ग की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट लिखेंगे।

(दस) किसी कारण यथा कर्तव्य विमुखता, लम्बी अनुपस्थिति, कदाचार, चोरी में संलिप्तता, शक्ति के दुरूपयोग और गबन आदि के निमित्त अपने अधीन कार्यरत किसी कर्मचारी के विरूद्ध की जानेवाली अनुशासनिक कार्यवाही हेतु चिकित्सालयों के मुख्य अधीक्षक, यदि कोई हो, के माध्यम से छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलसचिव से संस्तुति करेंगे।

(ग्यारह) अपने अधीन कार्यरत कर्मचारिवर्ग को देय छुट्टी का अनुमोदन करेंगे।

(बारह) चिकित्सालय परिसर सहित चिकित्सालय भवनों, उपस्करों, अवसंरचना और मार्गों की देखभाल करेंगे तथा उनकी अनुरक्षा एवं व्यवस्था करेंगे।

(तेरह) कुलपति द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित चिकित्सालय क्रय समिति के मार्गदर्शनों के अनुसार रोगी देखभाल तथा उपचार के लिए अपेक्षित आवश्यक औषधियों और अन्य मदों को क्रय करेंगे तथा उनकी व्यवस्था करेंगे।

(चौदह) कुलपति द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित चिकित्सालय परामर्श समिति की संस्तुतियों के आधार पर कुलपति के अनुमोदन के अधीन समनुदेशनों को कार्यान्वित करेंगे और आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

(पन्द्रह) दोनों केन्द्रीय और विभागीय चिकित्सालय/चिकित्सालयों के स्टाकों को अनुरक्षित रखेंगे और समय समय पर सत्यापित करेंगे।

(सोलह) कुलपति द्वारा गठित की जानेवाली रद्दकरण समिति द्वारा विचारार्थ वस्तुओं का सामयिक रद्दकरण प्राप्त करेंगे।

(सत्तरह) चिकित्सालय के आधारभूत अवसंरचना स्वरूप आवश्यक कीमती उपस्कर/उपस्करों को क्रय करने के लिए कुलसचिव, छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सुस्तुति करेंगे।

(अठारह) चिकित्सालय आय-व्ययक को तैयार करेंगे तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु कुलपति को प्रस्तुत करेंगे।

(उन्नीस) यथा अपेक्षित समस्त सूचनाएं तथा सामयिक विवरणी कुलसचिव को प्रस्तुत करेंगे।

(16) चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक गण ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा/करेंगे तथा ऐसे अन्य कर्तव्यों का निष्पादन करेगा/करेंगे जो कुलपति द्वारा समय समय पर उसे/उन्हें प्रतिनिधानित/समनुदेशित किये जायं।

(17) चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षकगण को हटाया जा सकता है और उसकी/उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है यदि उसका/उनका कार्य और आचरण विश्वविद्यालय के हित में न पाया जाय।

उपचिकित्सा अधीक्षक

धारा 41 9.04 (1) "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के प्रत्येक महत्वपूर्ण इकाई के लिए अधिमानतः उपचिकित्सा अधीक्षक होंगे।

(2) कुलपति विश्वविद्यालय के हित में स्वविवेकानुसार छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों की उपचिकित्सा अधीक्षक की देख रेख में एक और या उससे अधिक इकाइयां आवंटित कर सकता है।

(3) उपचिकित्सा अधीक्षक, कुलपति द्वारा यथा समनुदेशित और विनिश्चित "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के चिकित्सालय/चिकित्सालयों की देखभाल और व्यवस्था करने के लिए विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक कर्मचारी होंगे।

(4) उपचिकित्सा अधीक्षक को किसी प्रकार की निजी प्रेक्टिस करने का अधिकार नहीं होगा या वह ऐसी किन्हीं क्रियाकलापों में स्वयं को सम्मिलित नहीं करेगा।

(5) उपचिकित्स अधीक्षकों के पद "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के पदों के रूप में अभिहित किये जाएंगे और न कि विशिष्ट रूप से इसकी किसी इकाई को अंकित किया जाएगा।

(6) "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" की विभिन्न इकाई/इकाइयों की देखभाल और प्रबंध करने वाले उपचिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक की संस्तुति पर विचार करते हुए कुलपति के विवेक पर किसी भी समय छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों के एक इकाई से किसी अन्य इकाई के लिए स्थानान्तरणीय होंगे।

(7) उपचिकित्सा अधीक्षक, कुलपति/मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक, यदि कोई हो, /चिकित्सा अधीक्षक के प्रति उत्तरदायी होंगे तथा उनके नियंत्रणाधीन होंगे।

(8) उपचिकित्सा अधीक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट चिकित्सा अधीक्षक/मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक/कुलपति द्वारा लिखी जाएगी।

(9) इस प्रयोजनार्थ उपचिकित्सा अधीक्षकों की नियुक्ति कुलपति द्वारा गठित किसी चयन समिति की संस्तुतियों के अधार पर कुलपति द्वारा की जाएगी। तथापि उपचिकित्सा अधीक्षकों की नियुक्ति सरकारी औद अर्द्धसरकारी विभागों/संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भी की जा सकती है।

(10) उपचिकित्सा अधीक्षकों के पद हेतु पात्रता के मानदण्ड के लिए ऐसा व्यक्ति पात्र हो सकता है जो सहायक आचार्य हो या समकक्ष व्यक्ति, जो प्रशासनिक अनुभव की अधिमानता सहित स्नातकोत्तर चिकित्सा उपाधि रखता हो, की श्रेणी से अनिम्न हो।

(11) उपचिकित्सा अधीक्षकों की नियुक्ति प्रथमतः एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए होगा। तथापि परिवीक्षा अवधि में कुलपति द्वारा अग्रतर वृद्धि की जा सकती है।

(12) उपचिकित्सा अधीक्षकों के वेतन एवं भत्ते वहीं होंगे जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवधारित होंगे।

(13) चिकित्सा अधीक्षक की स्वयं सहायता करते समय उपचिकित्सा अधीक्षक की सहायता उनके प्रभार के चिकित्सालय/चिकित्सालयों की व्यवस्था करने के लिए सहायक अधीक्षक करेगा।

(14) यदि और जब पद रिक्त हो, उप चिकित्सा अधीक्षक के रूप में स्थानापन्न व्यवस्था करने के लिए विश्वविद्यालय के विभागों के किसी अध्यापक को नामनिर्दिष्ट करेगा।

(15) उप चिकित्सा अधीक्षक ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का निष्पादन करेगा जो उसे कुलपति/मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक, यदि कोई हो, या चिकित्सा अधीक्षक द्वारा समनुदेशित या प्रतिनिधानित हों।

(16) उपचिकित्सा अधीक्षकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हटाया जा सकता है और उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं यदि उनका कार्य और आचरण विश्वविद्यालय के हित में न पाया जाय।

सहायक अधीक्षक

धारा 41 9.05 (1) सहायक अधीक्षकों की नियुक्ति कुलपति द्वारा सम्यक रूप से गठित चयन समिति की संस्तुति पर कुलपति द्वारा की जा सकती है।

(2) सहायक अधीक्षकों की नियुक्ति प्रथमतः एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए की जाएगी। तथापि परिवीक्षा अवधि में कुलपति द्वारा अग्रतर वृद्धि की जा सकती है।

(3) सहायक अधीक्षकों के वेतन एवं भत्तों का अवधारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा।

(4) सहायक अधीक्षक मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक, यदि कोई हो, या चिकित्सा अधीक्षकों के प्रति उत्तरदायी होंगे और उनके नियंत्रणाधीन होंगे।

(5) सहायक अधीक्षकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक, यदि कोई हो, या चिकित्सा अधीक्षकों द्वारा लिखी जाएगी।

(6) सहायक अधीक्षक ऐसे कर्तव्यों का निष्पादन करेगा जो उसे मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक, यदि कोई हो, या चिकित्सा अधीक्षक द्वारा समनुदेशित/प्रतिनिधानित हों।

चिकित्सालय परामर्श दात्री समिति

धारा 41 9.06 (1) चिकित्सालय/चिकित्सालयों के सुधार तथा उत्तम कार्यप्रणाली के लिए कुलपति को संस्तुतियाँ उपलब्ध कराने के लिए इस तथ्य को दृष्टिगत

रखते हुए एक "चिकित्सालय परामर्श दात्री समिति" होगी कि अनुशासन बनाये रखने तथा प्रणाली की सत्यनिष्ठा और जवाबदेही बनाये रखने के साथ पर्याप्त रोगी देखभाल की व्यवस्था की जाए।

(2) चिकित्सालय परामर्श दात्री समिति में निम्नलिखित होंगे-

(1) विश्वविद्यालय आचार्यों के मध्य से कुलपति का नामनिर्देशिती, जो अध्यक्ष होगा।

(2) ज्येष्ठता क्रम में चक्रानुक्रम द्वारा विश्वविद्यालय के चिकित्सीय और अर्द्धचिकित्सकीय विभागों के पांच आचार्य।

(3) कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के तीन तथा पिछड़े वर्गों के तीन संकाय सदस्य।

(4) संवर्ग में ज्येष्ठता के आधार पर चक्रानुक्रम द्वारा दो सह आचार्य।

(5) संवर्ग में ज्येष्ठता के आधार एक सहायक आचार्य।

(6) कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट लखनऊ के दो विशिष्ट नागरिक।

(7) प्रत्येक एकल संस्था बलरामपुर हास्पिटल, संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान और राम मनोहर लोहिया सुपर स्पेसियालिटी हास्पिटल या किन्हीं अन्य प्रख्यात एकल संस्थाओं के तीन संकाय या प्रशासनिक व्यक्ति।

(8) विश्वविद्यालय का वित्त अधिकारी।

(9) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों, यदि कोई हो, का मुख्य अधीक्षक।

(10) "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के समस्त चिकित्सा अधीक्षक।

(11) विश्वविद्यालय का प्राक्टर

(12) चिकित्सालय अधीक्षिका (मेट्रन)।

(13) विश्वविद्यालय परिचर्या महाविद्यालय का प्राचार्य।

(14) कुलसचिव सदस्य सचिव होगा।

(3) उपर्युक्त 8, 9, 10, 11, 12, 13 में इंगित सदस्यों के सिवाय चिकित्सा परामर्शदात्री समिति के सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

(4) चिकित्सा परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियां आवश्यक रूप में विचारार्थ कुलपति को प्रस्तुत की जाएंगी।

(5) "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" की समस्त इकाइयों/चिकित्सालयों हेतु प्रयोज्य केवल एक चिकित्सा परामर्शदात्री समिति होगी।

चिकित्सालय क्रय समिति

धारा 41 9.07 (1) रोगी देखभाल, तथा चिकित्सालय और इसके परिसर के अनुरक्षण तथा उसमें सुधार के लिए प्रयुक्त होने वाली वस्तुओं, विभिन्न मदों, चिकित्सालय अवसंरचना एवं औषधियों आदि की प्राप्त करने के लिए एक केन्द्रीय क्रय समिति होगी।

(2) चिकित्सालय क्रय समिति के निम्नलिखित सदस्य होंगे :-

(1) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, यदि कोई हो या उसकी अनुपस्थिति में वरिष्ठतम चिकित्सा अधीक्षक - संयोजक।

(2) ज्येष्ठतम चिकित्सा अधीक्षक, यदि एक से अधिक चिकित्सा अधीक्षक हों।

(3) ज्येष्ठता क्रम में चक्रानुक्रम में चिकित्सीय और अर्द्धचिकित्सीय विभागों के दो आचार्य।

(4) कुलसचिव या उसका प्रतिनिधि।

(5) प्रख्यात संस्थाओं से कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला सम्बन्धित मदों के लिए एक तकनीकी विशेषज्ञ।

(6) विश्वविद्यालय का वित्त अधिकारी।

(7) विभागाध्यक्ष/समनुरूप विभाग प्रभारी।

(8) "छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालयों" के विभिन्न इकाईयों/चिकित्सालयों के लिए लागू अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों द्वारा सम्यक रूप से प्रतिनिधित्व प्राप्त केवल एक केन्द्रीय चिकित्सालय क्रय समिति होगी।

(9) पदेन सदस्यों के सिवाय चिकित्सालय क्रय समिति के सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

अध्याय – दस
विश्वविद्यालय के अध्यापक
संकाय सदस्य

धारा 41

10.01 (1) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (12) में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार 'अध्यापक', का तात्पर्य अनुदेश या मार्गदर्शन प्रदान करने या विश्वविद्यालय में शोध संचालित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नियोजित किसी अध्यापक से है।

(2) विश्वविद्यालय के अध्यापकों को विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के रूप में भी जाना जाएगा।

(3) विश्वविद्यालय के अध्यापकों/संकाय सदस्यों की विभिन्न श्रेणियाँ/सांविधिक स्थितियां निम्नलिखित होंगी -

(क) आचार्य

(ख) सह आचार्य

(ग) सहायक आचार्य/प्राध्यापक

(4) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति कार्यपरिषद द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (4) और आरक्षण अधिनियम, 1994 के उपबन्धों में यथा परिभाषित चयन समिति की संस्तुति पर ही की जायेगी।

(5) अध्यापकों की नियुक्ति तदर्थ आधार पर नहीं की जाएगी।

(6) विभिन्न अध्यापन स्थितियों :- आचार्य, सह आचार्य और सहायक आचार्य के लिए पात्रता मानदण्ड-अर्हता तथा अनुभव वही होंगे जो भारतीय चिकित्सा परिषद/भारतीय दंत चिकित्सा परिषद द्वारा समय समय पर विनिर्दिष्ट किये जाएंगे।

(7) कोई अध्यापक, अध्यापक के दायित्वों के साथ-साथ अंतः रोगियों और बाह्य रोगियों के लिए पूर्णकालिक परामर्श दाता होगा।

(8) अध्यापन स्थितियों की पत्रता के मानदण्ड, जिनकी विशेषताएं भारतीय चिकित्सा परिषद/भारतीय दंत चिकित्सा परिषद की संस्तुतियों में परिलक्षित नहीं हों, वही होंगे जैसा कि कुलपति द्वारा विद्या परिषद/कार्यपरिषद के अनुमोदनाधीन अवधारित किया जाए।

(9) विश्वविद्यालय में विशेष अध्ययन विभाग की स्थापना के दौरान विश्वविद्यालय के विशेष अध्ययन इकाई में किसी अध्यापक के योगदानों पर विचार आगामी चयन हेतु किया जाएगा।

(10) विश्वविद्यालय के अध्यापक/अध्यापकों की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर किया जाएगा। वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक कर्मधारी होगा।

(11) प्रारम्भिक रूप से अध्यापकों की नियुक्ति परिवीक्षा पर एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा जिसे कुलपति की संस्तुति पर कार्यपरिषद द्वारा एक और वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती है।

(12) अध्यापकों के वेतन का अवधारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर किया जा सकता है।

(13) आचार्य की श्रेणी से नीचे के अध्यापकों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट के सम्बन्ध में पहल उनके सम्बंधित विभागाध्यक्षों द्वारा की जा सकती है जिसकी समीक्षा संकायाध्यक्ष द्वारा की जाएगी। तथापि आचार्यों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की पहल सम्बंधित संकायाध्यक्ष द्वारा की जाएगी तथा उसे कुलपति की अध्यक्षता वाली वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट समिति द्वारा स्वीकृत की जाएगी। वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट समिति में कुलपति, संकायाध्यक्ष, एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा दूसरा अन्य पिछड़े वर्ग का आचार्य होगा।

(14) किसी अन्य विश्वविद्यालय कर्मधारी के समान किसी अध्यापक का निलंबन और सेवा समाप्ति, विद्या परिषद द्वारा अवधार, कर्त्तव्यों की जानबूझकर उपेक्षा, अनधीनता, अवज्ञा योवसिद्धि, नैतिक अधमता, वित्तीय अनियमितता, गबन, कर्त्तव्य अवहेलना तथा विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक के लिए अशोभनीय क्रियाकलापों के आधार पर कुलपति की संस्तुतियों पर की जा सकती है।

(15) प्रत्येक अध्यापक की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट का अनुमोदन वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट समिति द्वारा की जाएगी और उसे कुलसचिव कार्यालय में रखा जएगा।

चयन प्रक्रिया

धारा 34 और 41	10.02	(एफ)	किसी संकाय के रिक्त सांविधिक पद/पदों का विज्ञापन किया जाएगा और आरक्षण सूची के समुचित उल्लेख सहित इसकी सूचना को भी व्यापक रूप में परिचालित की जाएगी।

(दो) विज्ञापन/सूचना की अनुक्रिया में प्राप्त सभी प्रकार से सम्यक रूप से पूर्ण किये गये आवेदन पत्रों की संवीक्षा विहित पात्रता मानदण्ड पूरा करने पर की जाएगी।

(तीन) साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की संक्षिप्त सूचीकरण, संक्षिप्त सूचीकरण समिति द्वारा तैयार किया जाएगा जिसमें अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ेवर्गों के आचार्यों के समुचित प्रतिनिधित्व सहित अधिकतम पांच आचार्य होगें। सामान्यतः एक पद के लिए साक्षात्कार हेतु अधिकतम दस पात्र अभ्यर्थियों को बुलाया जा सकता है।

(चार) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम के उपबंधों के अनुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्यों, जो राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट होंगे, द्वारा सम्यक रूप से प्रतिनिधित्व प्राप्त चयन समिति का गठन किया जाएगा।

(पांच) चयन समिति में विशेषज्ञों के नामों को गोपनीय रखा जाएगा और इस सम्बन्ध में कुलपति द्वारा ऐसा सुनिश्चित करने के लिए वही उपाय किये जाएंगे जैसा कि उचित समझा जाय।

(छः) चयन समिति कुलपति के आदेश से दिनांक/समय/स्थान का अवधारण करेगी।

(सात) चयन समिति अपनी संस्तुतियां प्रस्तुत करने के दौरान श्रेष्ठता क्रम में अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों का/के नाम/नामों को सूचीबद्ध करेगी। विज्ञापन की अपेक्षानुसार चयन समिति द्वारा साक्षात्कार कृत अनारक्षित अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए पृथक पृथक श्रेष्ठता सूची होगी और उन्हें आरक्षण के रोस्टर में रखा जाएगा।

(आठ) चयन समिति एक रिक्त विज्ञापित पद के सापेक्ष एक ही अभ्यर्थी की संस्तुति करेगी। यदि एक से अधिक पद हों तो संस्तुत अभ्यर्थियों को विनिर्दिष्ट श्रेणी की श्रेष्ठता के अनुसार सूचीबद्ध किया जाएगा।

(नौ) केवल एक पद संवर्ग हेतु अभ्यर्थियों के लिये अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची उपलब्ध कराना चयन समिति के लिए सुलभ होगा।

(दस) चयन समिति सामान्यतः, यदि ऐसा वांछित हो, प्रतीक्षा सूची में प्रत्येक पद के सापेक्ष एक से अधिक नामों को संस्तुत नहीं करेगी जो पुनः चयनित अभ्यर्थी की अगली श्रेष्ठता क्रम में हो।

(ग्यारह) साक्षात्कार की प्रक्रिया प्रारम्भ होने के पूर्व समिति को उपर्युक्त उपबन्धों के सम्बन्ध में सूचित किया जाएगा।

(बारह) चयनित अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों, जो कार्यपरिषद द्वारा की गयी नियुक्ति के दिनांक को कार्यभार ग्रहण करेगा/करेंगे, की ज्येष्ठता का अवधारण अध्याय "अध्यापकों की ज्येष्ठता" के अधीन प्रचलित शासनादेशों सहित परिनियमावली में निर्धारित उपबन्धों के अनुसार किया जाएगा।

सह आचार्य और आचार्य के रूप में अध्यापकों की वैयक्तिक पदोन्नति

धारा 41 10.03 (एक) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (1) के अनुसार "विश्वविद्यालय में मौलिक रूप से

नियुक्त किसी सहायक आचार्य, विश्वविद्यालय में इस धारा के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त या पदोन्नत किसी सह आचार्य, जिसका उतना सेवाकाल हो गया हो और जो ऐसी अर्हता रखता हो जैसाकि विहित किया जाए, को भारतीय चिकित्सा परिषद/भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद के सन्नियमों के अनुसार क्रमशः सह आचार्य या आचार्य के पद पर वैयक्तिक पदोन्नति दी जा सकती है।

(दो) सहायक आचार्य के पद से सह आचार्य के पद और तत्पश्चात् आचार्य के पद पर वैयक्तिक पदोन्नति की योजना उत्कृष्ट योगदान की मान्यता शैक्षणिक कार्यनिष्पादन और वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की आवश्यकता पर आधारित है।

(तीन) वैयक्तिक पदोन्नति वस्तुतः श्रेष्ठता की पदोन्नति है। यह सम्बन्धित व्यक्ति के लिए लागू है। यह पद की पदोन्नति नहीं हैं वैयक्तिक पदोन्नति में किसी अध्यापक को ऐसे पद, जिससे वह पदोन्नत किया गया हो, के उन्नयन के बिना यथा स्थिति सह आचार्य या आचार्य का उच्चतर पदनाम दिया जाता है। उसके द्वारा धारित मूल पद अर्थात् यथास्थिति सहायक आचार्य या सह आचार्य के पद पर उसका धारणाधिकार बना रहेगा। वैयक्तिक पदोन्नति पदनाम की पदोन्नति है। तथापि पदोन्नति हेतु प्रचलित विधि/आरक्षण रोस्टर के आधार पर जारी शासनादेशों के अधीन प्रत्येक स्तर पर पदोन्नति में आरक्षण का अनुपालन किया जाएगा। पदोन्नति सह आचार्य या आचार्य की सेवानिवृत्ति या अधिवर्षिता पर उसके द्वारा मूल रूप में धारित मौलिक पर रिक्त हो जाएगा जिसके सापेक्ष नई सांविधिक नियुक्ति की जाएगी।

(चार) सह आचार्य या आचार्य के पद पर पदोन्नत अध्यापक का स्थायीकरण पदोन्नत पदनाम पर नहीं किया जाएगा, यदि ऐसा कोई पद न हो जिसके सापेक्ष उसे पदोन्नत किया गया हो। यथास्थिति पदोन्नत सह आचार्य या आचार्य का, उसके द्वारा पूर्व वर्ती धारित मौलिक पद पर, स्थायीकरण अनुरक्षित रहेगा।

(पांच) सहायक आचार्य से सह आचार्य और सह आचार्य से आचार्य के पद पर वैयक्तिक पदोन्नति से पदनाम में केवल वैयक्तिक परिवर्तन के कारण न कि किसी स्वीकृत पद के सापेक्ष नियुक्ति के कारण यथास्थिति सहायक आचार्य या सह आचार्य का मौलिक पद मूल रूप में धारण करने के दौरान यथा समनुदेशित अध्यापन, चिकित्सीय और अन्य कार्य भार पदोन्नत पद पर उसके पास अग्रनीत रहेगा। अतएव तदनुसार वैयक्तिक रूप से पदोन्नत अध्यापक के उसी पद पर रहने के दौरान उसके कार्य भार का अभिधान सवंर्ग में चयनित यथा स्थित सह आचार्य या आचार्य के कार्यभार का अभिधान नहीं होगा।

(छः) सहायक आचार्य से यह आचार्य और सह आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु किसी अध्यापक का चयन किये जाने में अपनाये जाने वाले अधिमानी मानदण्ड और निबंधन -

(क) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (4) के अधीन गठित सांविधिक चयन समिति की संस्तुति पर ही वैयक्तिक पदोन्नति दी जाएगी।

(ख) सहायक आचार्य से सह आचार्य और सह आचार्य से आचार्य के पद पर किसी अध्यापक की पदोन्नति हेतु चयन समिति वही होगी जो छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (4) में यथा निर्धारित सम्बन्धित पद पर सीधी भर्ती के लिए है।

(ग) सम्बन्धित अध्यापक के पास भारतीय चिकित्सा परिषद/भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद द्वारा यथा विहित अपेक्षित अर्हताओं और अध्यापन अनुभव का होना आवश्यक है।

(घ) सम्बन्धित अध्यापक के पास विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, शैक्षणिक अखण्डता शैक्षणिक अनुशासन को सम्बर्द्धित करने वाले प्रकाशनों की संख्या और गुणवत्ता तथा चिकित्सा शिक्षा, परीक्षा कार्य और प्रशासनिक कार्य के प्रति अंशदानों द्वारा यथा स्पष्ट छात्रवृत्ति और शोध के क्षेत्रों में श्रेष्ठता का मानक होना चाहिए।

(ड.) सम्बन्धित अध्यापक के पास अध्यापन, शोध, प्रकाशन/पुस्तक और व्यवसायिक परिणाम के सम्बन्ध में उत्कृष्ट पहचान होनी चाहिए।

(च) विश्वविद्यालय, व्यवसायिक संघ, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय निधिकरण अभिकरणों, उत्तर प्रदेश/भारत सरकार द्वारा या किन्हीं अन्य प्रख्यात सांविधिक या गैर सांविधिक निकायों द्वारा सम्बन्धित अध्यापक की उसकी बहुमूल्य श्रेष्ठता के लिए पहचान की जानी चाहिए।

(छ) चिकित्सा व्यवसाय, अध्यापन और शोध के क्षेत्र में सम्बन्धित अध्यापक के पास महत्वपूर्ण और मान्य नवीनता होनी चाहिए।

(ज) सम्बन्धित अध्यापक को राष्ट्रीय और या अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, अद्यतनकरणों और सम्मेलनों में सहभागीकृत होना चाहिए। तथापि आरक्षित श्रेणी के आचार्य/सह आचार्यों के किसी पद को रिक्त नहीं रखा जाएगा ओर यदि आवश्यक हुआ तो आरक्षित श्रेणी के उन पदों को भरने में मानदण्ड से अधिक शिथिलता प्रदान की जा सकती है।

<u>पदोन्नति हेतु अपनायी जानेवाली प्रक्रिया</u>

10.04 सहायक आचार्य से सह आचार्य या सह आचार्य से आचार्य के पद पर वैयक्तिक पदोन्नति के लिए उपर्युक्त श्रेष्ठता के निबन्धनों के अन्तर्गत स्वयं को पात्र समझने वाले अध्यापक को विश्वविद्यालय के कुलसचिव को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ आवेदन करना चाहिए:-

(एक) पिछले चार वर्षों में अपने कार्य निष्पादन के सम्बन्ध में स्वनिर्धारण।

(दो) पिछले चार वर्षों के दौरान कृत कार्यनिष्पादन, शोध, अध्यापन, प्रशिक्षण, व्यवसायिक परिणाम और वैज्ञानिक अंशदान के निबंधनों के अन्तर्गत विशिष्ट योगदान।

(तीन) पिछले पांच वर्षों के दौरान अर्जित मान्यता/विशिष्टयां और अधिनिर्णय।

(चार) सम्बन्धित अध्यापक की कोई अन्य बात/उपादान, जिससे उसकी श्रेष्ठता में वृद्धि होती हो। सम्बन्धित अध्यापक पृथक-पृथक शीर्षकों के अधीन सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के माध्यम से कुलसचिव को ऐसे किसी समय आवेदन करेगा और इन सूचनाओं को प्रस्तुत करेगा जब वह वैयक्तिक पदोन्नति के लिए पात्र हो जाए। चयन समिति यथास्थिति सह आचार्य और आचार्य की वैयक्तिक पदोन्नति की उपर्युक्तता के निबन्धनों के अन्तर्गत सम्बन्धित अध्यापक का साक्षात्कार लेगी और समालोचनात्मक रूप में उसका मूल्याकंन करेगी। चयन समिति पदोन्नति हेतु सम्बन्धित व्यक्ति की संस्तुति कर सकती है/नहीं कर सकती है। चयन समिति तत्समय प्रवृत्त आरक्षण नियमों के अनुरूप संबंधित अध्यापक की श्रेष्ठता और उपयुक्तता के आधार पर अपने द्वारा साक्षात्कार कृत अभ्यर्थियों के मध्य से पदोन्नति हेतु संस्तुति एक अध्यापक की या किसी की नहीं कर सकती है।

(पांच) चयन समिति की संस्तुति विचारार्थ कार्य परिषद के समक्ष रखी जाएगी।

(छः) कुलसचिव की ओर से ऐसे सम्बन्धित अध्यापक से सम्पर्क स्थापित किया जाएगा जिसके नये पद पर अपने कार्यभारत ग्रहण करने के दिनांक से सह आचार्य/आचार्य (वैयक्तिक पदोन्नति योजना के अन्तर्गत) के रूप में पदाभिहित जिसका नाम पदोन्नति हेतु चयन समिति द्वारा सम्यक रूप से संस्तुत हो और कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदित हो।

(सात) वैयक्तिक पदोन्नति योजना के अधीन पदोन्नत सम्बन्धित अध्यापक विभिन्न पदोन्नति के निमित्त अपनी मौलिक नियुक्ति के दिनांक से नियमित सह आचार्य और आचार्य को प्राप्त होने वाले भत्तों के समान सेवा संरक्षण, ज्येष्ठता प्रसुविधा वेतन और अन्य भत्तों का हकदार होगा।

10.05 चयन समिति द्वारा चयनित न किए जा सकने वाले अध्यापक के मामले में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया –

(1) ऐसे अध्यापक जो व्यक्तिगत पदोन्नति के लिए चयनित होने में असफल रहे, उन्हें एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् लगातार तीन और प्रयास करने का अवसर दिया जाएगा।

(2) ऐसे अध्यापक जो पश्चात्वर्ती तीन प्रयासों के पश्चात् भी चयनित न हो सके, उन्हें दो और वर्ष की समाप्ति के पश्चात् एक मौका और दिया जाएगा। वह अन्तिम मौका होगा और

यदि वह चयनित किए जाने में असफल रहता है तो उसके बाद और मौका नहीं दिया जाएगा।

धारा 41 (घ) 10.06 (1) छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 37 की उपधारा (1) कहती है -"परिनियमों द्वारा अन्यथा उपबन्धित के सिवाय विश्वविद्यालयों के किसी वैतनिक अधिकारी और अध्यापक की नियुक्ति ऐसी लिखित संविदा के बिना नहीं किया जाएगा जो अधिनियिम परिनियम और अध्यादेशों के उपबन्धों से सुसंगत न हो।"

(2) किसी संविदा या उत्तरदायित्व पत्र को विश्वविद्यालय और किसी व्यक्ति के मध्य उसके द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में अध्यापक संकाय सदस्य के रूप में कार्य-भार ग्रहण करने के पूर्व हस्तगत/प्रवृत किया जाएगा। स्टाम्प पेपर पर दिये गये नोटरीकृत/द्विवसीय संविदा/उत्तरदायित्व का प्रारूप इस प्रकार होगा -

"मैं ..... पुत्र .....
..... निवासी .....जो छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में प्रवक्ता/सहायक आचार्य/सह-आचार्य/आचार्य के रूप में कार्य-भार ग्रहण कर रहा हूँ, एतद्द्वारा उत्तरदायित्व लेता हूँ और दृढ़ता पूर्वक प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के परिनियमों/अध्यादेशों में निर्धारित समस्त उपबन्धों का पालन करूँगा। इस निमित्त किसी उल्लंघन की दशा में, मेरी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

कुलसचिव
छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा
विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश

कर्मचारी
दिनांक ..... (हस्ताक्षर)

साक्षी
1. .....
2. .....

अध्यापकों का आचरण

धारा 41 (घ) 10.07 (1) अध्यापक सदैव पूर्ण शैक्षणिक सत्यनिष्ठा वित्तीय सत्यनिष्ठा, व्यावसायिक सत्यनिष्ठा और प्रंशासनिक सत्यनिष्ठा रखेगा एवं उसे बनाये रखेगा।

(2) अध्यापक का प्रत्येक कार्य उत्तरदायित्व पूर्ण होगा।

(3) अध्यापक को "अध्यापक के लिए अशोभनीय" होने के कारण, जिसके अन्तर्गत अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित में से कोई एक या उससे अधिक कमी भी है, सेवा से पदच्युत या हटाया जा सकता है/उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।

(1) कर्तव्यों की जान बूझकर अवहेलना करना
(2) कर्तव्यों के प्रति लापरवाही
(3) शैक्षिक बेईमानी
(4) साहित्यिक चोरी
(5) गलत सूचना प्रदान करना
(6) जाली दस्तावेज प्रस्तुत करना
(7) छद्मव्यक्तिता
(8) शैक्षिक, व्यावसायिक अक्षयता
(9) नैतिक अधमता
(10) गबन/घोटाला/बदनामी
(11) न्यास भंग
(12) संविदा/उत्तरदायित्व भंग
(13) शैक्षिक परिवेश दूषित करना
(14) शैक्षिक, व्यावसायिक और प्रशांसनिक सत्यनिष्ठा का पालन न करना ;
(15) असामाजिक तत्वों से लिप्त होना ;
(16) विश्वविद्यालय को बदनाम करने वाले कृत्यों में लिप्त होना;
(17) विश्वविद्यालय में अनुशासनहीनता उत्पन्न करने में लिप्त होना और या उसके लिए दुष्प्रेरित करना ;
(18) आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होना ओर या उसके लिए दुष्प्रेरित करना ;
(19) हड़ताल व अन्य अविधिमान्य गतिविधियों, जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय की सम्पत्ति को क्षति पहुँचाना भी है, में लिप्त होना और या उसके लिए दुष्प्रेरित करना ;
(20) अविधिमान्य शस्त्रास्त्र और गोला, बारूद रखना और लेकर चलना ;
(21) विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय के बाहर आतंकवाद में लिप्त होना या उसमें एक पक्षकार होना ;
(22) विश्वविद्यालय परिसर के भीतर सक्रिय राजनीति में लिप्त होना;
(23) निजी गतिविधि में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वयं लिप्त होना/शामिल होना;
(24) जाति-धम्र या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव या पक्षपात में लिप्त होना;
(25) अध्यापन एवं रोगी की देखभाल में शिथिलता

(3) अध्यापक किसी गोपनीय सूचना को, चाहे वह शैक्षणिक, प्रशासनिक हो या व्यावसायिक, प्रकट नहीं करेगा।

(4) अध्यापक सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी समस्त अनुदेशों/निर्देशों/आदेशों का अनिवार्य रूप से पालन करेगा।

(5) अध्यापक छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम/परिनियमावली/अध्यादेशों में निर्धारित समस्त उपबन्धों करेगा।

(6) प्रत्येक अध्यापक को प्रचलित विधियों में दी गई परिभाषा के अनुसार लोक सेवक समझा जायेगा।

अध्याय – ग्यारह

अध्यापकों का प्रवेश और उनकी अधिवर्षिता की आयु

धारा 41 (ग) 11.01 (1) अध्यापक के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले किसी व्यक्ति के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं होगी, परन्तु यह कि वह उस समय लागू अधिवर्षिता की आयु न प्राप्त कर ली हो।

(2) विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक की अधिवर्षिता की आयु 62 वर्ष होगी।

अध्यापकों का पुनर्नियोजन

धारा 41 (घ) 11.02 (1) कोई ऐसा अध्यापक जिसकी अधिवर्षिता का दिनांक 30 जून के पश्चात् हो, वह आगामी वर्ष के 30 जून को समाप्त होने वाले चालू शिक्षा सत्र में पुनर्नियोजित अध्यापक के रूप में सेवा में बना रह सकेगा।

(2) किसी अध्यापक को शैक्षिक, अनुसंधान, अध्यापन, धैर्यपूर्ण देख-रेख और विश्वविद्यालय के निगमित जीवन के प्रति सेवा एवं सहायता के रूप में उसकी अनिवार्यता के आधार पर 65 वर्ष की आयु तक वर्षानुवर्ष के आधार पर पुनर्नियोजित किया जा सकेगा।

(3) किसी अध्यापक को राष्ट्रीय पुरस्कारों-पदम् पुरस्कार, डॉ0 एस. एस. भटनागर पुरस्कार, और डॉ0 बी. सी. राय राष्ट्रीय पुरस्कार से विभूषित किये जाने के कारण अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिए उसी पद पर पुनर्नियोजन से पुरस्कृत किया जा सकेगा।

(4) किसी भी अध्यापक को उसके द्वारा 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् किसी आधार पर या किसी बहाना, चाहे वह जो भी हो, पुनर्नियोजित या पुनः नियुक्त नहीं किया जायेगा।

(5) ऐसा पुनर्नियोजित अध्यापक जो अपने पुनर्नियोजन के समय किसी शैक्षणिक विभाग का अध्यक्ष था, अपने अध्यक्ष के पद पर बना नहीं रहेगा।

सेवानिवृत्ति

धारा 41 (घ) 11.03 (1) कोई अध्यापक अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर लेने पर सेवानिवृत्ति हो जायेगा। इसका तात्पर्य यह होगा कि जब तक अध्यापक को पुनर्नियोजित करने के लिए कोई अन्यथा विशेष आदेश नहीं दिया जाता है, वह 62 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त हो जायेगा।

(2) कोई अध्यापक सेवानिवृत्ति के पश्चात् अपनी सेवानिवृत्ति के समय राज्य सरकार के नियमों के अधीन यथा लागू समस्त सेवानिवृत्ति सम्बन्धी लाभों को प्राप्त करने का हकदार होगा।

(3) किसी अध्यापक को उसकी सेवानिवृत्ति के दिनांक से 30 दिन की अवधि के भीतर उसकी सेवानिवृत्ति सम्बन्धी सभी देयों का भुगतान कर दिया जायेगा। यह नियमानुसार ऐसे कारणों से जो इस निमित्त की गई कार्रवाई को न्यायोचित ठहराते हो, समस्त देयों या उसके भाग को रोकने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये किसी अन्य विनिश्चय के अधीन रहेगा।

(4) बहरहाल, विश्वविद्यालय किसी अध्यापक को उसकी सेवानिवृत्ति के समय विश्वविद्यालय में अध्यापक की हैसियत से उसकी सेवा के दौरान उसकी प्रतिष्ठा व किये गये महत्वपूर्ण योगदान के लिए बधाई देने के लिए विचार कर सकता है।

11.04 (1) इस चिकित्सा विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक या किसी कर्मचारी को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान करने के लिए कोई प्रावधान नहीं रहेगा। यह व्यवस्था चिकित्सा अध्यापकों को प्रलोभन में आकर संस्था को समय से पूर्व छोड़ने के लिए प्रोत्साहित न करके विश्वविद्यालय के हित की रक्षा करने के लिए की गयी है। यह चिकित्सा विश्वविद्यालय की मुख्य शैक्षणिक शाखा में कार्य करने के लिए अनिच्छुक अच्छी गुणवत्ता के अध्यापकों की बढ़ती हुई परम्परा के फलस्वरूप अध्यापकों की सम्भावित घोर कमी को दृष्टिगत रखते हुए और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

(2) किसी अध्यापक को उसके कदाचार/और या ऐसे कृत्य के लिए जो किसी विश्वविद्यालय के अध्यापक के लिए अशोभनीय हो, विश्वविद्यालय द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया जायेगा। अनिवार्य सेवानिवृत्त किसी अध्यापक की सेवा के किसी स्तर पर प्रदान की जा सकती है। उपर्युक्त आधार पर अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त अध्यापक अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने वाले अध्यापकों पर यथा लागू किसी भी सेवानिवृत्ति सम्बन्धी लाभ को प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा। किसी अध्यापक या किसी अन्य कर्मचारी को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया जा सकता है, यदि चिकित्सीय या अन्य आधार पर वह अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने में अयोग्य पाया जाता है। ऐसे मामलों में, अध्यापक/कर्मचारी को सेवानिवृत्ति सम्बन्धी समस्त देय लाभों का भुगतान किया जायेगा।

(3) सशर्त त्यागपत्र के लिए कोई प्रावधान नहीं रहेगा।

सेवा समाप्ति

धारा : 41 (घ) 11.05 कदाचार के सिद्ध आरोपों पर और अध्यापक होने के लिए "अपात्र" अध्यापक की सेवा किसी भी प्रक्रम पर समाप्त कर दी जायगी। किसी अध्यापक/कर्मचारी की सेवाओं को समाप्त करने के पूर्व उचित विहित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें उसके मामले की तथ्यपरक समिति, जांच समिति के माध्यम से जांच करना, आरोप पत्र और कारण बताओ नोटिस जारी करना सम्मिलित है।

निलंबन

धारा : 41 (घ) 11.06 (1) जांच को और विहित प्रक्रिया के अनुसार की जाने वाली कार्रवाई को लंबित रखते हुए किसी अध्यापक को कदाचार के आरोपों पर या अध्यापक होने के लिए अपात्र को निलंबित किया जाएगा।

(2) निलंबन की अवधि उस समय तक जारी रहेगी जब तक कि उसके विरूद्ध उसे या तो दण्डित करने या उसे आरोपों से मुक्त करने की विहित प्रक्रिया के माध्यम से उसके विरूद्ध कार्रवाई न कर दी जाए।

(3) निलंबन दण्ड नहीं है।

(4) दोषी पाए जाने पर अध्यापक को उसके विरूद्ध लगाए गये आरोपों के अनुकूल दण्ड दिया जा सकता है। इसमे किसी एक अवधि के लिए उसकी वेतन वृद्धि रोकना, उसकी प्रोन्नति रोकना, उसकी पदावनति, अनिवार्य सेवा निवृत्ति और सेवा समाप्ति सम्मिलित है।

अवकाश

निम्नलिखित प्रकार की अवकाश अध्यापकों को अनुमन्य होगी –

धारा : 41 (घ) 11.07 (1) आकस्मिक अवकाश : प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के अर्थात् 01 जनवरी से 31 दिसम्बर तक अध्यापक 14 दिन के आकस्मिक अवकाश का हकदार होगा। आकस्मिक अवकाश को अग्रनीत नहीं किया जाएगा और इसलिए संचित नहीं की जा सकती है। अध्यापक के पास केवल एक विकल्प होगा कि वह रविवार सहित विश्वविद्यालय के अवकाशों के साथ आकस्मिक अवकाश को पहले या बाद में जोड़ लें।

(2) अर्जित अवकाश/विशेष अवकाशः अध्यापक राज्य सरकार के नियमों के अनुसार अर्जित अवकाश। विशेष अवकाश का हकदार होगा। अवकाश विभाग से सम्बन्धित विश्वविद्यालय का अध्यापक ग्रीष्म और शीत अवक्राशों के लिए हकदार होगा। विश्वविद्यालय पद्धति में ग्रीष्म और शीत अवकाश क्रमशः दो और एक मास का होगा। चिकित्सा विश्वविद्यालय का अध्यापक केवल एक मास का ग्रीष्म अवकाश और पन्द्रह दिन का शीत अवकाश का उपयोग करने का हकदार होगा। वह सरकारी नियमों के अनुसार शेष अनुप मुक्त अवकाश अवधि के लिए विशेष अवकाश अर्जित करने का हकदार होगा।

(3) अध्यापक को हकदार अवकाश का उपभोग करना होगा जब तक कि कतिपय विनिर्दिष्ट कारण से विश्वविद्यालय द्वारा उसे कार्य करने से रोक न दिया जाए। आकस्मिक अवकाश को अर्जित, विशेष अवकाश या अन्य प्रकार की अवकाश के साथ जोड़ा नहीं जा सकता है।

(4) अध्यापक चिकित्सा, मातृत्व, पितृत्व अवकाश का राज्य सरकार के नियमानुसार हकदार होगा।

(5) कर्तव्यस्थ अवकाशः अध्यपाक एक कलैण्डर वर्ष में 15 दिन की कर्तव्यस्थ अवकाश का हकदार होगा। कर्तव्यस्थ अवकाश का प्रयोग केवल शैक्षणिक और वैज्ञानिक बैठकों में, अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेने के लिए परीक्षा लेने के लिए बाहर जाने में और अन्य शैक्षणिक/शोध क्रियाकलापों के प्रयोजन के लिए किया जाएगा।

(6) विशेष अवकाश : विशेष परिस्थितियों में अध्यापक को प्रत्येक कलैण्डर वर्ष में कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के हित में कतिपय विशेष कार्य या बैठक में भाग लेने के लिए 15 दिन तक का विशेष अवकाश दिया जा सकता है।

(7) वेतन के बिना अवकाश : विश्वविद्यालय के कुल सेवाकाल में कुलपति द्वारा अध्यापक को 3 वर्ष की अवधि की वेतन के बिना अवकाश दिया जा सकता है। आपवादिक मामलों में दो वर्ष की और बिना वेतन की अवकाश कार्य परिषद द्वारा स्वीकृत की जा सकती है।

(8) आकस्मिक अवकाश/अर्जित अवकाश/विशेष अवकाश/छुट्टी अवकाश का उपयोग केवल तब ही किया जा सकता है जब यह सम्बन्धित अध्यापक को देय हो।

(9) परिवीक्षाधीन अध्यापक को कोई अवकाश नहीं दिया जायेगा।

(10) किसी भी प्रकार के अवकाश का उपभोग अधिकार स्वरूप नहीं किया जा सकता है। कुलपति अपने विवेक से विश्वविद्यालय के हित में किसी भी प्रकार के अवकाश को मना कर सकता है।

(11) पूर्व स्वीकृति के बिना कोई भी अध्यापक अवकाश पर नहीं जाएगा।

(12) अध्यापक को अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार (आकस्मिक अवकाश के सिवाय) विश्वविद्यालय के हितों का विचार करते हुए कुलपति के पास रहेगा।

धारणाधिकार/प्रतिनियुक्ति

धारा : 41 (घ) 11.08 (1) किसी अन्य संस्था में की जाने वाली सेवा के लिए अध्यापक को धारणाधिकार या प्रतिनियुक्ति दी जा सकती है। दोनों ही स्थितियों में ऐसा वेतन के बिना अवकाश के रूप में होगा।

(2) विश्वविद्यालय के हितों को सर्वोच्च रखते हुए धारणाधिकार/प्रतिनियुक्ति की अनुमति होगी।

(3) धारणाधिकार/प्रतिनियुक्ति केवल तब ही दी जाएगी जब इस अवधि के दौरान अध्यापक की उपस्थिति से विश्वविद्यालय के अध्यापन/प्रशिक्षण/शोध क्रियाकलाप पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

(4) कुलपति, विश्वविद्यालय के हितों की रक्षा करते हुए, अपने विवेक से धारणाधिकार/प्रतिनियुक्ति के आवेदन को अस्वीकृत कर सकता है।

(5) अध्यापक, यथास्थिति, धारणाधिकार की अवधि के पूर्ण होने के पश्चात का उससे पूर्व भी अपने मूल पद पर विश्वविद्यालय में वापस आने का हकदार होगा।

(6) विश्वविद्यालय में अध्यापक को उसके सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान तीन वर्ष से अनधिक अवधि का धारणाधिकार दिया जा सकता है। यह एक बार या विभिन्न अवधियों में हो सकता है।

(7) अध्यापक द्वारा अपने धारणाधिकार की अवधि के दौरान विश्वविद्यालय से बाहर की गई सेवा को इस विश्वविद्यालय में सेवा के वर्षों की संख्या में गणना की जाएगी। इस प्रकार धारणाधिकार पर बिताई गई अवधि को विश्वविद्यालय में ज्येष्ठता या वैयक्तिक पदोन्नति की पात्रता के लिए गणना की जाएगी।

(8) धारणाधिकार केवल तब ही स्वीकृत किया जाएगा जब अन्य संस्था विश्वविद्यालय से उच्चतर स्तर की हो या सरकारी संस्था हो जिसके विकास को उन्नत करना हो।

(9) परिवीक्षाधीन अध्यापक को कोई छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी।

धारा: 41 (घ) 11.09 (1) प्रतिनियुक्ति तीन वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए बिना वेतन के अवकाश होगी जिसे विशेष परिस्थितियों में कार्य परिषद द्वारा दो वर्ष की अग्रतर अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है यदि ऐसे अध्यापक को दी गई है जिसकी सेवाओं की किसी अन्य संस्था द्वारा विशेष रूप से माँग की गई है।

(2) अध्यापक की प्रतिनियुक्ति में - दो पक्ष होंगे।
(1) दाता अर्थात विश्वविद्यालय और दूसरा प्राप्तकर्ता (अर्थात् उसकी सेवाओं की माँग करने वाली संस्था)

(3) दाता अर्थात् विश्वविद्यालय का यह अधिकार होगा कि वह विशेष परिस्थितियों में प्रतिनियुक्ति के किसी प्रक्रम पर अध्यापक को विश्वविद्यायल वापस बुला सकता है। इसे प्रकार प्राप्तकर्ता भी अवधि के किसी प्रक्रम पर अध्यापक को उसकी मूल संस्था को वापस कर सकता है।

(4) प्राप्तकर्ता सामान्य भविष्य निधि/भविष्य निधि और छुट्टी के नँगदीकरण/पेंशन अंशदान का अध्यापक को उसके प्रतिनियुक्ति काल के दौरान भुगतान करेगा।

(5) धारणाधिकार के सम्बन्ध में यथा विनिर्दिष्ट अन्य शर्तें प्रतिनियुक्ति की छुट्टी पर लागू होगी।

(6) दोनों पक्षों के मध्य प्रतिनियुक्ति के विभिन्न निबंधन और शर्तों को स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करते हुए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के अध्यापकों की ज्येष्ठता

धारा 41 (घ) और 41 (ड.) 11.10 (1) (क) आचार्य सह आचार्य से ज्येष्ठ समझा जायेगा और सह-आचार्य सहायक आचार्य से ज्येष्ठ होगा।

(ख) किसी अध्यापक की ज्येष्ठता का अवधारण, विश्वविद्यालय में प्रत्यक्ष पार्श्व प्रविष्ट और विश्वविद्यालय में व्यक्तिगत पदोन्नति दोनों दशा में, पदनाम पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक के सम्बन्ध में किया जायेगा।

(2) चयन समिति द्वारा योग्यता क्रम में उच्च स्थान प्राप्त करने वाला अध्यापक चयन सूची में निम्नतर स्थान प्राप्त करने वाले अन्य अध्यापकों से ज्येष्ठ होगा। यह कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक को ध्यान न रखते हुए लागू होगा।

(3) ऐसी दशा में जब अध्यापकों की ज्येष्ठता से सम्बन्धित सभी प्राचल समान हो, तो आयु में ज्येष्ठ अध्यापक को अन्य अध्यापकों से ज्येष्ठ समझा जायेगा।

(4) इस विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के पहले अध्यापक द्वारा उसकी पूर्व नियुक्ति में प्राप्त शिक्षण अनुभव की भावना इस विश्वविद्यालय में उसकी ज्येष्ठता के अवधारण के लिए नहीं की जायेगी।

(5) विश्वविद्यालय में अध्यापकों के लिए कार्यभार ग्रहण करने पर वेतन आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं रहेगा।

(6) कुलपति एक ज्येष्ठता समिति का गठन करेंगे जिसमें अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणियों से सम्बन्धित ज्येष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा सम्यक रूप से प्रतिनिधित्व करने वाले तीन वरिष्ठ आचार्य और कुलसचिव होंगे जो ऊपर वर्जित प्राचल के आधार पर अध्यापकों की ज्येष्ठता सूची की संवीक्षा करके उसे तैयार करेंगे।

(7) अनन्तिम ज्येष्ठता सूची को तैयार करके अध्यापकों के मध्य आपत्ति के लिए, यदि कोई हो, परिचालित किया जायेगा।

(8) विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक की ज्येष्ठता के बारे में प्रत्येक विवाद ज्येष्ठता समिति को विनिर्दिष्ट किया जायेगा जो विनिश्चय के कारण उल्लेखित करते हुए उसे विनिश्चित करेगी।

(9) उपरोक्तानुसार सम्यक् रूप से तैयार की गई और कुलपति द्वारा अनुमोदित अन्तिम ज्येष्ठता सूची को तब कार्य परिषद के समक्ष इसके परिशोधन के लिए रखा जाएगा।

(10) कुलपति का यह कर्तव्य होगा कि वह प्रस्तरों में उल्लेखित उपबन्धों के अनुसार पूर्ण और अद्यतन ज्येष्ठता सूची बनाएं रखें।

(11) विश्वविद्यालय में नियुक्ति के पश्चात् यदि सम्यक् रूप से नियुक्त कोई अध्यापक पूर्व अनुभव के आधार पर ज्येष्ठता की गणना किए जाने के लिए दावा करता है तो उसे इस समर्थक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना चाहिए कुलसचिव सवीक्षा करने के पश्चात् आवेदक के दावे को उन अध्यापकों जिन्हें प्रभावित होने की सम्भावना है विभागाध्यक्षकक्ष और संकायाध्यक्ष के मध्य सम्बन्धित लोगों की आपत्ति के लिए परिचालित किया जाएगा। दावे और प्रकट की गई आपत्तियों की जांच संकायाध्यक्ष विभागाध्यक्ष और अनुसूचित जातियों/जन जातियों और पिछड़े वर्गों की श्रेणियों के दो सदस्यों और कुलसचिव से मिलकर बनी एक समिति द्वारा की जाएगी। यदि अनुभव पर आधारित ज्येष्ठता दावेदार को प्रदत्त किये जाने के लिए प्रस्तावित है तो मामले को कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। फिर भी यदि इस परिनियम/प्रवृत्त होने के पूर्व एक पक्षीयरूप से कोई लाभ प्रदान किया गया है तो व्यथित व्यक्ति प्रवृत्ति के दिनांक से तीन माह के भीतर समर्थक साक्ष्यों के साथ अपनी शिकायत के समाधान के लिए आवेदन कर सकता है। ऐसे मामलों में सम्बन्धित लोगों को अवसर देने के पश्चात् उपरोक्त गठित समितियाँ समस्त मामलों की जांच करेंगी और अपनी संस्तुति को कुलपति के समक्ष कार्य परिषद के आगामी निर्णय के लिए रखेगी। आगे यह व्यवस्था की

गई है कि कार्य परिषद द्वारा पहले से ही प्रदान किया गया लाभ कार्य परिषद द्वारा अन्यथा निर्णय लिए जाने तक जारी रहेगा।

अनुशासनिक समिति

धारा 23 (झ) 11.11 (1) कार्य परिषद विश्वविद्यालय में ऐसी अवधि के लिए जिसे वह उचित समझे एक अनुशासनिक समिति का गठन करेगी जिसमें कुलपति और कार्यपरिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट चार अन्य व्यक्ति होंगे जिसमें एक सदस्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति और एक सदस्य अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी का होगा इसके अतिरिक्त कुल सचिव समिति का सदस्य सचिव होगा।

(2) यदि कार्यपरिषद् समीचीन समझे तो वह विभिन्न मामलों या मामलों के वर्गों पर विचार करने के लिए ऐसी एक से अधिक समिति गठित कर सकती है।

(3) जिस अध्यापक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही का कोई मामला विचाराधीन हो, वह मामले के सम्बन्ध में कार्यवाही करने वाली अनुशासनिक समिति के सदस्य के रूप में कार्य नहीं करेगा।

(4) अनुशासनिक समिति के निम्नलिखित कृत्य होंगे :-

(एक) विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत की गयी किसी अपील पर विनिश्चय करना।

(दो) ऐसे मामलों में जांच करना जिसमें विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक या पुस्तकालयाध्यक्ष के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अन्तर्ग्रस्त हो।

(तीन) उपर्युक्त उपखण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी ऐसे कर्मचारी को निलम्बित करने की संस्तुति करना जिसके विरूद्ध जांच विचाराधीन या अनुध्यात हो।

(चार) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना और ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो उसे समय-समय पर कार्यपरिषद् द्वारा सौंपे जायें।

(5) साक्ष्य के आधार पर अनुशासनिक समिति का विनिश्चय या उसकी रिपोर्ट यथाशीघ्र कार्यपरिषद् के समक्ष रखी जायेगी जिससे कार्यपरिषद् मामले में अपना विनिश्चय कर सकें।

जन सम्पर्क अधिकारी

धारा 14 (झ) 11.12 (1) ऐसे दो विशेष प्रकोष्ठ होंगे, जिसमें से एक के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/और दूसरा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए होगा, जिसमें एक प्रकोष्ठ की अध्यक्षता क्रमशः अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जन सम्पर्क अधिकारी द्वारा और दूसरा प्रकोष्ठ की अध्यक्षता अन्य पिछड़े वर्ग के जन सम्पर्क अधिकारी द्वारा की जाएगी।

(2) जन सम्पर्क अधिकारी की नियुक्ति विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों की सम्बन्धित श्रेणी में से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

(3) जन सम्पर्क अधिकारी सम्बन्धित श्रेणियों के लिए आरक्षण नीति और कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन व अनुश्रवण करेगा।

(4) विश्वविद्यालय के स्तर पर विभिन्न समितियों में सम्बन्धित श्रेणियों के सदस्यों का नाम निर्देशन करते समय जन सम्पर्क अधिकारी के सुझाव पर विचार किया जाएगा।

(5) सम्बन्धित प्रकोष्ठ की रिपोर्ट और संस्तुति पर कार्य परिषद में कम से कम प्रत्येक छः माह पर चर्चा की जायेगी।

(6) जन सम्पर्क अधिकारी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

अध्याय – बारह
विश्वविद्यालय के छात्र

धारा 41 (ण) 32 12.01 (1) विश्वविद्यालय के छात्र वे होंगे जिन्हें शासनादेशों और चयन समिति के तत्समय प्रवृत्त उपबन्धों के अधीन पूर्व स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पी. एच. डी. या किसी अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रदान किया जाता है।

(2) खण्ड (1) के उपबन्धों का उल्लघंन करते हुए विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रदान किए गये किसी छात्र को किसी भी परीक्षा में बैठने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(3) विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रदान किये जाने वाले छात्र प्राधिकारियों द्वारा आवश्यकता अनुसार विरचित किए गये प्रवृत्त विनियमों आचरण के सिद्धान्तों, व्यवहार, पोशाक संहिता, अनुशासन की संहिता का अनुपालन करेंगे।

(4) विश्वविद्यालय के छात्र राजनीतिक गतिविधियों व्यापार संघों या किसी ऐसी अन्य गतिविधियों में लिप्त नहीं होंगे जो प्राधिकारियों द्वारा घोषित विश्वविद्यालय के शैक्षिक वातावरण के लिए अहित कर हों।

(5) सभी जाति मत और धर्म के छात्र बिना किसी पक्षपात की भावना के, शिक्षा में समान अवसर प्राप्त करेंगे।

(6) छात्रों को प्राधिकारियों द्वार विरचित विनियमों के अनुसार छात्रों को छात्रावास आवंटित किया जाएगा।

(7) पूर्ववर्ती खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी प्रवेश में आरक्षण, छात्रावास के आवंटन और अनसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों हेतु किसी कल्याणकारी योजना से सम्बन्धित विशेष अधिकार विषयक सरकार नीतियों का अनुसरण किया जाएगा।

प्रवेश समिति

धारा 123 (छ) और 32 12.02 (1) विश्वविद्यालय की एक प्रवेश समिति होगी जो निम्नलिखित से मिलकर गठित है :-

(एक) कुलपति, उसके अध्यक्ष के रूप में।

(दो) समस्त सकांयध्यक्ष, सदस्य के रूप में।

(तीन) परीक्षा नियंत्रक, सदस्य सचिव के रूप में।

(चार) सभी विभागाध्यक्ष/सम्बन्धित इकाईयों के प्रभारी।

(पांच) कुलानुशासक।

(छः) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों की श्रेणियों के दो सदस्य।

(सात) अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणियों के दो सदस्य।

(2) प्रवेश समिति को उतनी संख्या में उपसमितियाँ गठित करने की शक्ति होगी जितनी वह उचित समझें।

(3) प्रवेश समिति विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश की नीति को शासित करने वाले सिद्धान्त और मानदंड निर्धारित करेगी।

(4) उपधारा (5) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए प्रवेश समिति निर्देश प्रवेश सम्बन्धी मानदण्ड या पद्धति, जिसके अन्तर्गत प्रवेश प्रदान किये जाने वाले छात्रों की संख्या भी है, जारी करेगी।

(5) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, विश्वविद्यालय या उसके सम्बद्ध महाविद्यालयों या संस्थाओं में अनुसूचित/अनुसूचित जन जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणियों से सम्बन्धित छात्रों के लिए किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सीटों का आरक्षण ऐसी विधि या आदेशों द्वारा दिया और विनियमित किया जाएगा जैसा राज्य सरकार उस निमित्त अधिसूचना द्वारा पारित करें।

(6) पूर्ववर्ती उपखण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी पूर्व स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश, राज्य सरकार के किन्हीं आदेशों के अधीन रहते हुए, उन उपबन्धों द्वारा शासित होता रहेगा जो नियत दिनांक के ठीक पूर्व किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज पर लागू रहे हों।

(7) इस धारा के उपबन्धों का उल्लघंन करते हुए विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रदान किए गये किसी छात्र को विश्वविद्यालय द्वारा किसी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी और कुलपति को ऐसा उल्लघंन करते हुए दिये गये किसी प्रवेश को रद्द करने की शक्ति होगी।

अध्याय – तेरह

चिकित्सा/दन्त महाविद्यालयों/परिचर्या महाविद्यालयों/पराचिकित्सीय विज्ञान महाविद्यालयों की सम्बद्धता

धारा : 41

13.01 (1) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 11 और उपधारा (18) में प्राविधान है कि "विश्वविद्यालय को किसी राजकीय या निजी चिकित्सा/दन्त/परिचर्या /पराचिकित्सीय महाविद्यालय को ऐसी रीति से और ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर सम्बद्धता या मान्यता के विशेषाधिकार देने जैसे विहित किये जाय और किसी ऐसे विशेषाधिकार को वापस लेने या उसमें कटौती करने और ऐसे महाविद्यालय के कार्यों का मार्गदर्शन और नियंत्रण करने की शक्तियाँ और कर्तव्य होंगे"।

(2) सम्बन्धित संस्था यथास्थिति भारतीय चिकित्सा परिषद/भारतीय दन्त चिकित्सा परिषद/भारतीय परिचर्या परिषद/ और अन्य कानूनी निकाय द्वारा आवश्यक रूप से मान्यताप्राप्त होनी चाहिए।

(3) विश्वविद्यालय को विशेषाधिकार प्राप्त होगा कि वह छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय से सम्बद्धता चाहने वाले किसी संस्था के आवेदन-पत्र को स्वीकार करें या न स्वीकार करें।

(4) किसी राजकीय या निजी चिकित्सा/दन्त चिकित्सा/परिचर्या/पराचिकित्सीय महाविद्यालय की सम्बद्धता हेतु आवेदन-पत्र इस प्रकार दिया जायेगा कि वह उस शैक्षिक सत्र के जिसके सम्बन्ध में मान्यता माँगी गयी है, के प्रारम्भ होने के कम से कम 12 माह पूर्व कुलसचित के पास पहुँच जाय।

परन्तु विशेष परिस्थितियों में कुलपति उच्च चिकित्सा/दन्त चिकित्सा/परिचर्या/पराचिकित्सीय शिक्षा के हित में उक्त अवधि को उस सीमा तक कम कर सकते हैं जहाँ तक वह आवश्यक समझें।

(5) संस्था से अन्य सुसंगत दस्तावेजों, जिसके अन्तर्गत प्रसंस्करण शुल्क भी है के साथ आवेदन-पत्र के प्राप्त हो जाने पर विश्वविद्यालय सुविधा, अवस्थापना सुविधाओं, उपस्कर, मानव संसाधन, संकाय, शैक्षिक परिवेश, स्तर, उसके प्रबन्धन, अनुशासन, परीक्षा प्रक्रिया और समग्र शैक्षिक और व्यावसायिक प्रास्थिति के सन्दर्भ में संस्था का निरीक्षण करेगा।

(6) आवेदन-पत्र के प्रसंस्करण के पश्चात् ही यदि संस्था को निरीक्षण के योग्य पाया जाता है तो सम्बन्धित संस्था से निरीक्षण शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जायेगा।

(7) निरीक्षण तभी किया जायेगा जब निरीक्षण शुल्क प्राप्त कर लिया जाय जो आवेदन-पत्र के साथ प्रभारित प्रसंस्करण शुल्क से भिन्न होगा।

(8) कुलपति प्रश्नगत संस्था कि निरीक्षण के लिए कार्य परिषद् के अनुसमर्थन में एक निरीक्षण समिति का गठन करेगा। समिति में विशेषज्ञ, प्रशासक और शिक्षाविद्, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधि होंगे सम्मिलित होंगे। किन्तु सरकार निरीक्षण समिति में सदस्य नामनिर्दिष्ट कर सकती है।

(9) निरीक्षण समिति के सदस्यों के यात्रा भत्ता/मँहगाई भत्ता, परिवहन और आवास व्यय का वहन सम्बन्धित संस्था द्वारा किया जायेगा। निरीक्षण समिति किसी भी प्रकार की सूचना दिये बिना औचक निरीक्षण करेगी।

(10) संस्था का निरीक्षण, निरीक्षण शुल्क के प्राप्त किये जाने के पश्चात् किसी दिनांक को किया जायेगा।

(11) सम्बद्धता चाहने वाली संस्था निरीक्षण समिति के सदस्यों को प्रभावित करने के लिए अत्यधिक मेज़बानी, नकद या वस्तु के रूप में उपहार प्रस्तुत करने जैसा कोई काम नहीं करेगी।

(12) निरीक्षण समिति अपनी संस्तुति निरीक्षण करने के दिनांक से 36 घण्टे के भीतर प्रस्तुत कर देगी।

(13) निरीक्षण समिति अपनी रिपोर्ट विभिन्न मदों के सापेक्ष सूचना, तथ्यों, अंको के अपेक्षित प्रारूप पर प्रस्तुत करेगा। कमी को स्पष्ट रूप से इंगित किया जायेगा।

(14) निरीक्षण समिति केवल तथ्यों, अंकों और संस्था के समग्र प्रभाव को प्रस्तुत करेगी।

(15) निरीक्षण समिति सम्बद्धता हेतु संस्था की संस्तुति करेगी अथवा नहीं करेगी।

(16) कुलपति निरीक्षण रिपोर्ट का प्रसंस्करण करेगा और तब उसे कार्यपरिषद के समक्ष यथास्थिति अनुमोदन या नामंजूरी के लिए प्रस्तुत करेगा।

(17) यदि निरीक्षण समिति की संस्तुति कार्य परिषद् द्वारा स्वीकार कर ली जाती है, तो सम्बद्धता से सम्बन्धित प्रस्ताव को अनुमोदन हेतु शासन को संदर्भित किया जायेगा। शासन का अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात् ही वह उसे पहली बार में एक शैक्षणिक वर्ष की अनन्तिम सम्बद्धता की अनुज्ञा देगी।

(18) लगातार पाँच वर्ष तक प्रत्येक वर्ष आवधिक निरीक्षण किया जायेगा। नियमित (स्थायी) सम्बद्धता केवल तभी प्रदान की जायेगी जब पाँचों निरीक्षण रिपोर्ट ठीक पाई जायं और कार्य परिषर्द द्वारा सम्यक् रूप से स्वीकार कर ली जायं।

(19) अध्यापन और परीक्षा में गुणवत्ता और मात्रा बनाये रखने में विफल रहने वाली संस्था की सम्बद्धता तत्काल समाप्त कर दी जायेगी और उसे सम्बन्धित पाठयक्रम में पुनः प्रवेश लेने से विवर्जित कर दिया जायेगा।

(20) संस्था की अच्छी ख्याति होनी चाहिए और उसके विरूद्ध कोई विधिक मामला लम्बित नहीं होना चाहिए।

(21) विश्वविद्यालय से महाविद्यालयों की सम्बद्धता के लिए विहित फीस परिशिष्ट 'ख' में यथा उल्लिखित रूप से होगी।

(22) संस्था की शिक्षण और प्रबन्ध तथा शासकीय समिति में विश्वविद्यालय के दो प्रतिनिधि होंगे।

(23) सम्बन्धित संस्था के संकाय की नियुक्ति चयन समिति द्वारा, जिसमें निम्नलिखित होंगे, की जायेगी।

1- कुलपति -अध्यक्ष

2- सम्बद्धक संस्थाओं का निदेशक/प्राचार्य

3- छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभाग का विभागाध्यक्ष

4- सम्बद्धक संस्थाओं के सम्बन्धित विभाग का विभागाध्यक्ष।

5- दो/तीन विशेषज्ञ, जिनका नामनिर्देशन छत्रपति शाहूजी महाराजा चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति द्वारा किया जायेगा (आचार्य या सह-आचार्य की दशा में, तीन विशेषज्ञ और किसी अन्य दशा में दो आचार्य) और साथ में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के पर्याप्त प्रतिनिधि।

6- सम्बद्धक संस्थाओं की शासकीय निकाय का नामनिर्देशिती

7- विश्वविद्यालय का अनुसूचित जाति का एक प्रतिनिधि और अन्य पिछड़े वर्गों का एक प्रतिनिधि जिनका नामनिर्देशन

सरकार द्वारा किया जायेगा। चयन समिति की सिफारिशों पर छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कार्य परिषद द्वारा विचार किया जाएगा। इस निमित्त व्यय का वहन सम्बन्धित संस्था द्वारा किया जायेगा।

(24) सम्बद्धक संस्थाओं के छात्रों की परीक्षा का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

(25) सम्बन्धित संस्था के छात्रों की सैद्धान्तिक परीक्षा का आयोजन छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के छात्रों को परीक्षा के आयोजन के समय और दिनांक को किया जायेगा। सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों की परीक्षा का आयोजन सम्बन्धित संस्था में किया जायेगा और विशेष परिस्थितियों में छात्रों को उक्त प्रयोजन के लिए लखनऊ आने के लिए कहा जा सकता है। व्यावहारिक परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ लखनऊ नगर में या सम्बद्धक संस्थाओं पर किया जायेगा। विश्वविद्यालय का परीक्षा नियंत्रक समस्त परीक्षाओं का संचालन करेगा।

(26) शिक्षा के मानक को और परीक्षाओं में पवित्रता को बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सभी प्रकार आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। संस्था के प्रबन्धतन्त्र का इस निमित्त किसी मामले में, चाहे वह जो भी हो, कोई अधिकार या हस्तक्षेप नहीं होगा।

(27) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों और विनियमों के समस्त उपबन्ध परीक्षा के मानक और अभ्यर्थियों की योग्यता को बनाये रखने के लिए सम्बद्ध संस्थाओं पर लागू होंगे।

(28) सम्बन्धित संस्थाओं में छात्रों का प्रवेश समरूप आधार पर किया जायेगा अर्थात् आयुर्विज्ञान तथा शल्य-विज्ञान स्नातक (एम. बी. बी. एस.) और दन्त शल्य-चिकित्सा स्नातक (बी. डी. एस) में प्रवेश संयुक्त पूर्व चिकित्सा परीक्षा और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पूर्व चिकित्सा परीक्षा के आधार पर और जब कि आर्युविज्ञान निष्णात, शल्य-निष्णात/दंत शल्य-चिकित्सा निष्णात और विशेषज्ञता वाले पाठ्यक्रम में प्रवेश परास्नातक चिकित्सा प्रवेश-परीक्षा और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पूर्व चिकित्सा परीक्षा के आधार पर किया जायेगा।

बी. एस. सी. परिचर्या/पराचिकित्सीय पाठयक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का संचालन भारतीय परिचर्या परिषद् और अन्य कानूनी निकायों के दिशानिर्देश के अनुसार छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा कराया जायेगा।

(29) विश्वविद्यालय से सम्बद्धता चाहने वाली संस्था में प्रबन्धक कोटे की सीट नहीं होगी।

(30) सम्बद्धता चाहने वाली संस्था इस आशय का एक शपथ-पत्र प्रस्तुत करेगी कि छात्रों पर प्रभारित शुल्क सरकार द्वारा नियत मानकों के अनुसार है।

(31) यदि उपर्युक्त पात्रता मानदण्डों में से किसी में कमी है और या संस्था उपर्युक्त विनिर्दिष्ट निबन्धन और शर्तों को मानने में विफल रहती है तो कोई अग्रतर निरीक्षण नहीं किया जायेगा और आवेदन-पत्र पर अग्रतर कार्यवाही नहीं की जायेगी।

(32) यदि यह पाया जाय कि संस्था अनुशासन, शैक्षिण पवित्रता और परिवेश बनाये रखने में विफल है और/या विनिर्दिष्ट शुल्क आदि से अधिक प्रभावित कर रही है तो सम्बद्धता किसी भी स्तर पर समाप्त की जा सकती है।

(33) प्राचार्य/निर्देशक और अध्यापक वर्ग के आवास के लिए, जहाँ तक परिस्थितियाँ अनुज्ञा देगी, महाविद्यालय, संस्था या छात्रों के आवास के लिए उपबन्धित स्थान में या उसके करीब सम्यक् उपबन्ध किया जायेगा।

(34) सम्बद्धता प्रदान किये जाने के पश्चात् प्रबन्धन, अध्यापक वर्ग में किये गये परिवर्तन और सम्बद्धता की शर्तों और निबन्धनों में किए गये परिवर्तन के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय को तत्काल सूचित किया जाएगा।

(35) यह कि सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अनिवार्य भविष्य निधि आदि से सम्बन्धित किसी योजना के प्रबन्ध तंत्र द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।

(36) यह कि महाविद्यालय/संस्था किसी भी परीक्षा को जो उसे विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र के रूप में सौंपी जाए, अनुशासित और व्यवस्थित रूप में संचालित करेगी और विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में जारी किए गये निर्देशों और नियमों का पालन करेगी। इसके अनुपालन में किसी विफलता के फलस्वरूप महाविद्यालय ऐसी अनुशासनिक कार्यवाही का भागी होगा जो विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक समझी जाए जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे महाविद्यालय की सम्बद्धता के रद्द करने के प्रयोजन से सम्बन्धित कार्रवाई का प्रयोजन से सम्बन्धित कार्रवाई का प्रारम्भ किया जाना सम्मिलित है। परन्तु यह कि खण्ड 31,32,33 और 34 में अन्तर्विष्ट कोई बात राज्य सरकार द्वारा दिये गये आवेदन पत्र के सम्बन्ध में लागू नहीं होगी।

प्रत्येक शासकीय निकाय का सविंधान यह प्रावधान करेगा कि :-

(क) महाविद्यालय/संस्था का प्राचार्य निदेशक शासकीय निकाय का पदेन सदस्य होगा।

(ख) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अध्यापको द्वारा सम्यक् रूप से प्रतिनिधित्व बनाये रखने की व्यवस्था करते हुए शासकीय निकाय में 25 प्रतिशत सदस्य, प्राचार्य/निदेशक को छोड़ कर अध्यापक होंगे।

(ग) खण्ड (ख) में निर्दिष्ट प्राचार्य/निदेशक वर्ग छोड़कर, अध्यापक ज्येष्ठता के अनुसार चक्रानुसार से , तीन वर्ष की अवधि के लिए ऐसे सदस्य हैं।

(घ) कुलपति वर्ग पूर्व अनुज्ञा के बिना उक्त संविधान में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

(ड.) यदि इस सम्बन्ध में यह प्रश्न उठता है कि क्या किसी व्यक्ति का चयन सम्यक् रूप से किया गया है या क्या वह शासकीय निकाय का सदस्य या पदधारी बनने के लिए हकदार है या क्या प्रबन्धतन्त्र का गठन विधिव रूप से किया गया है तो कुलपति का विनिश्चय अन्तिम होगा।

(च) महाविद्यालय/संस्था से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह कुलपति द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों के समक्ष या विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त निरीक्षण-पैनल के समक्ष महाविद्यालय/संस्था की आय और व्यय से सम्बन्धित सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करे जिसके अन्तर्गत उस संस्था/सोसाइटी/न्यास/मूल निकाय का लेखा भी है जिसके अधीन वह संचालित हो।

(छः) पूर्ववर्ती परिनियम में निर्दिष्ट विन्यास निधि से हुई आय संस्था के रख-रखाव के लिए उपलब्ध रहेगी।

टिप्पणी :–

(1) प्रस्ताव/सम्बद्धता से सम्बन्धित आवेदन पत्रों आदि को राज्य सरकार को उसके विचारार्थ और आदेशार्थ वापस लेने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(2) सम्बद्धता शुल्क (नया, नवीकरण/पुनराम्भ अतिरिक्त पाठ्यक्रम) का भुगतान विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम से मांगदेय ड्राफ्ट के रूप में किया जाएगा।

(3) सम्बद्धता शुल्क के साथ सम्बद्धता (नया, नवीकरण/पुनराम्भ/ अतिरिक्त पाठ्यक्रम के लिए नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार निम्नलिखित विलम्ब शुल्क के भुगतान पर ही किया जाएगा:-

(क) पूर्ववर्ती शैक्षिक वर्ष के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किए गये दिनांक के पश्चात् रियायती अवधि रू. 50,000/- के विलम्ब शुल्क के साथ 15 दिन की है।

(ख) पूर्ववर्ती शैक्षिक वर्ष के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किए गये 15 दिन के पश्चात् किन्तु 30 दिन के अपश्चात् विलम्ब शुल्क 75,000/- है। छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से सम्बद्ध महाविद्यालय निम्नलिखित शर्तें पूरी करेगा :-

(क) प्रत्येक सम्बद्ध विश्वविद्यालय की एक सम्यक् रूप से गठित शासकीय निकाय होगी जो कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदित 15 से अनधिक व्यक्तियों से बनी होगी जिसमें अन्य लोगों में से कम से कम तीन प्रतिनिधि शैक्षणिक कर्चचारियों में से होंगे, जिसमें अध्यादेशो द्वारा यथा उपबन्धित

महाविद्यालय/संस्था के प्राचार्य/निर्देशक छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्रतिनिधि होंगे :

परन्तु यह कि सरकार द्वारा अनुमोदित महाविद्यालय की एक सलाहकार समिति होगी जो 15 से अनधिक ऐसे सदस्यों से मिलकर बनी होगी जैसा सरकार अवधारित करें जिसमें से कम से कम तीन महाविद्यालय के अध्यापक होगें, जिनके अंतर्गत प्राचार्य और विश्वविद्यालय के दो प्रतिनिधि होंगे।

(ख) महाविद्यालय समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा विचरित परिनियमावली, अध्यादेश और विनियमावली का अनुपालन करेगा :

परन्तु यह और कि विद्यमान पाठ्यक्रम के लिए सम्बद्धतस का पुनरारम्भ और अनुवर्तन, पाठ्यक्रम के लिए सम्बद्धता का विस्तार विद्या परिषद् के सलाह से कार्य परिषद द्वारा स्वीकृत किया जा सकता है।

छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्यापकोंकी सेवा की शर्तें ऐसी होंगी जैसा समय-समय पर इस निमित्त परिनियमों द्वारा विहित किये जाए।

प्रत्येक सम्बद्ध महाविद्यालय का निरिक्षण कुलपति द्वारा नियुक्त एक समिति द्वारा नियुक्त एक समिति द्वारा सामान्यतः प्रत्येक वर्ष एक बार किया जाएगा कार्यपरिषद उसमें दी गई ऐसी रिपोर्ट और संस्तुतियों पर विचार करेगा।

यदि महाविद्यालय यथा संशोधित छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 की धारा 11 (8) के अनुसार सम्बद्धता की शर्तों के किन्हीं उपबन्धों का अनुपालन करने में विफल रहता है तो विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को प्रदान की गई सम्बद्धता को पूर्णतः या अंशतः वापस लिया या उपान्तरित किया जा सकता है।

अध्याय – चौदह

दीक्षान्त समारोह

धारा 41 (त)	14.01	(1)	विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि, डिप्लोमा, और विद्या सम्बन्धी अन्य विशिष्टताएं प्रदान करने के लिए वर्ष भर में एक बार और ऐसे समय पर जैसा कुलाधिपति अनुमोदित करें, एक दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जा सकता है।
		(2)	दीक्षान्त समारोह में छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 3 में यथाविनिर्दिष्ट ऐसे व्यक्ति होंगे जिनमें विश्वविद्यालय का निगमित निकाय गठित हो।
		(3)	छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 3 में किये गये प्रावधान के अनुसार कुलाधिपति, कुलपति और तत्समय विश्वविद्यालय में इस रूप में पद धारण करने वाले कार्यपरिषद् और विद्यापरिषद् के सदस्य छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के नाम से एक नियमित निकाय का गठन करेंगे।
		(4)	माननीय कुलाधिपति दीक्षान्त समारोह में सम्बोधन भाषण देने के लिए मुख्य अतिथि बनाये जाने वाले व्यक्ति के नाम का अनुमोदन करेंगे।
		(5)	माननीय कुलाधिपति ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों के नामों का अनुमोदन करेंगे जिन्हे विज्ञान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए डाक्टरेट की उपाधि प्रदान किया जाना है।

अध्याय – पन्द्रह

प्रकीर्ण

धारा	15.01	(1)	विश्वविद्यालय के चिकित्सालयों के आय का उपयोग विश्वविद्यालय के छात्रों, रोगियों, अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों तथा विश्वविद्यालय के कल्याण के लिए किया जायेगा और उसका अधिनियम की धारा 47(2) के उपबन्धों के अनुसार लेखा-परीक्षा किया जायेगा।
		(2)	उपर्युक्त परिनियमों के अधीन व्ययों की रिपोर्ट कार्यपरिषद को भेजी जायेगी।
धारा 41 (छ:)	15.02	(2)	विश्वविद्यालय निर्धारित उपबन्धों के अनुसार छात्रवृत्तियाँ, अधिछात्रवृत्तियाँ, पदक और अन्य पारितोषिक संस्थित कर सकता है और उन्हें प्रदान कर सकता है।

अध्याय – सोलह

भाग –1

विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सेवा सम्बन्धी शर्तें

धारा 41 (थ)	16.01	इस अध्याय में विश्वविंद्यालय के अधिकारी, मुख्य अधीक्षक, अधीक्षक और उपअधीक्षक सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।
	16.02	विकल्प :- विश्वविद्यालय में पहले से कार्यरत कर्मचारियों के लिये यह विकल्प होगा कि वे अपनी पुरानी सेवानियमावली के अधीन कार्य करते रहें, यदि वे इस परिनियमावली के प्रकाशित होने के 15 दिन पूर्व एक लिखित अनुरोध-पत्र प्रस्तुत कर दें।

16.03 विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की निम्नलिखित सेवायें होगी जो निम्नलिखित समूहों के समक्ष प्रदर्शित श्रेणियों में वर्गीकृत होंगी :-

समूह क अधीनस्थ प्रशासनिक सेवायें

समूह ख
1- तकनीकी सेवायें श्रेणी दो
2- नर्सिंग सेवायें श्रेणी दो
3- फार्मासिस्ट सेवायें श्रेणी दो
4- सफाई सम्बन्धी सेवायें श्रेणी दो
5- लेखा-परीक्षा और लेखा सेवायें श्रेणी दो
6- दन्त विज्ञान श्रेणी दो

समूह ग
1- लिपिक वर्गीय सेवायें
2- नर्सिंग सेवायें श्रेणी तीन
3- फार्मासिस्ट सेवायें श्रेणी तीन
4- पैरामेडिकल सेवायें
5- अधीनस्थ प्रशासनिक सेवायें
6- तकनीकी सेवायें
7- सफाई सम्बन्धी सेवायें
8- लेखा-परीक्षा और लेखा सेवायें
9- दन्त सेवायें

समूह घ चतुर्थ वर्ग कर्मचारी सेवायें

परन्तु यह कि कार्य परिषद को राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से आवश्यकतानुसार इस अध्याय में कर्मचारियों के किसी और सामान्य या विशेष संवर्ग को गठित करने की शक्ति होगी।

16.04 प्रत्येक समूह (16.03 में उल्लेखित) की सेवायें निम्नवत् होगी :

(एक) समूह -क
उप कुलसचिव
सहायक कुलसचिव
ज्येष्ठ मैट्रन
प्रभारी ऑफिसर (फार्मासिस्टस)
ज्येष्ठ जन सम्पर्क अधिकारी (ज्येष्ठतम)
ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
ज्येष्ठ चिकित्सा अधिकारी-सह-प्रशासनिक अधिकारी
ज्येष्ठ क्लीनिकल पैथोलॉजिस्ट
पूर्णकालिक एनेस्थेटिस्ट
ज्येष्ठ चिकित्सा अधिकारी
आपात चिकित्सा अधिकारी
अधिशासी अभियन्ता सिविल/विद्युत बायो मेडिकल इंजीनियर
कम्प्यूटर सिस्टम ऑफिसर

(दो) समूह - ख
मैट्रन
प्रधान ट्यूटर
सहायक मैट्रन
प्रॉविज़नल नर्सिंग सर्विसेज ट्यूटर (पी. एन. एस. ट्यूटर)

ऑपरेशन थियेटर से सुपरवाइज़र
पब्लिक हेल्थ नर्स ट्यूटर (पी. एच. एन. ट्यूटर)
चीफ फार्मासिस्ट
जन सम्पर्क अधिकारी
प्रशासनिक अधिकारी
सहायक अभियन्ता सिविल / इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक / कम्प्यूटर/बायो मेडिकल
सफाई अधिकारी/ एम. ओ. सैनिटरी
लेखा-परीक्षा और लेखा अधिकारी
उप पुस्तकालयाध्यक्ष
डेन्टल डिसिप्लिन

(तीन) समूह - ग

आशुलिपिक प्रथम श्रेणी
आशुलिपिक द्वितीय श्रेणी
सामाजिक कार्यकर्ता
स्टोर कीपर
इंक्वायरी क्लर्क
स्टीवार्ड
कार्यालय अधीक्षक
सहायक कार्यालय अधीक्षक
लेखाकार
बिल क्लर्क
क्रय अधिकारी
ज्येष्ठ लिपिक
कनिष्ठ लिपिक/रिकॉर्ड कीपर
लेखा लिपिक (रेजिडेन्ट हास्टल)
लेखाकार-सह-रोकड़िया
वार्ड टेक्नीशियन
स्वागत -सह-पंजीयन लिपिक
तकनीकी संवर्ग
व्यावसायिक पुनर्वास अधिकारी
व्यवसाय परामर्शदाता
भौतिक -चिकित्सक
व्यवसाय चिकित्सक
व्यायाम-सह-निरीक्षक-सह मनोविनोद
चिकित्सक मैसियर
कर्मशाला पर्यवेक्षक
चिकित्सा पर्यवेक्षक
कृत्रिमांग पर्यवेक्षक
आर्थोटिक सुपरवाइज़र
लेदर वर्क सुपरवाइज़र
वुडवर्क तकनीशियन

कृसिमांग मास्टर
ज्येष्ठ कृषिमांग
कृतिमां मैकेनिक
ब्रेव पैडर
ज्येष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन
प्रयोगशाला तकनीशियन
आडियोमेटॅरी तकनीशियन
ई. ई. जी. तकनीशियन
ई. के. जी. तकनीशियन
ई. सी. जी. तकनीशियन
ओ. टी. तकनीशियन
तकनीशियन सर्जरी
तकनीशियंन (कर्डियोवैसक्यूलर)
तकनीशियन (प्लास्टिक)
तकनीशियन (आर्थोपायडिक सर्जरी)
एक्सरे तकनीशियन
रेडियोग्राफर
डार्करूम सहायक
स्वास्थ्य परिदर्शक
बिजली तकनीशियन
यंत्र मेकैनिक
रेफरीजिरेटर मैकेनिक
मैकेनिक बिजली
मेकैनिक
तकनीशियन-सह-स्टोरकीपर
ड्राइवर
मेडिकल सो. वर्कर
ड्राफ्ट मैन
रेमेडियल जिमनास्ट
ज्येष्ट कृसिमांग
होजरी मेकैनिक आपरेटर
लेदर वर्कर
जूनियर ब्रैश मेकर
लुहार
टंकक
कुशल हेल्पर
फोटोग्राफर
डेन्टल डिसिप्लिन

(ख) नर्सिंग संवर्ग
सिस्टर
स्टाफ नर्स

(ग) फार्मासिस्ट संवर्ग
फार्मासिस्ट
(चार) समूह - घ
लैब अटेंडैट
दर्जी
हेड सफाई कर्मचारी
हेड सिक अटेंडैन्ट
हेड प्यून
बण्डल लिफ्टर
रिकार्ड ब्वाय
दफ्तरी
खित
प्यून
चौकीदार
फिटर
वेल्डर
रनर
केयर टेकर
प्लंबर
लिफ्ट मैन
आहार वितरक
टाइम कीपर
बावर्ची
धोबी
माली
महिला (सिक अटेडैन्ट)
सिक अटेडैन्ट
सुरक्षा वार्डन
नाई
क्लीनर
मेट
कहार
मजदूर
म्यूजियम अटेंडैन्ट
पेंटर
लुहार
बढ़ई
मोची
महिला सफाई कर्मचारी
सफाई कर्मचारी

भर्ती / पदोन्नति

धारा 20 (4) 16.05 भिन्न-भिन्न सेवाओं में भिन्न-भिन्न पदों पर भर्ती/पदोन्नति सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा भर्ती बोर्ड/पदोन्नति समितियों की सिफारिश पर किया जायेगा, जिसका गठन निम्नलिखित प्रकार से किया जायेगा :

(1) (एक) कुलसचिव या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट कोई व्यक्ति अध्यक्ष होगा।

(दो) कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट एक विभागाध्यक्ष

(तीन) विश्वविद्यालय के अध्यापकों में से अनुसूचित जाति का एक सदस्य और अन्य पिछड़ा वर्ग (अन्य पिछड़े वर्गों) का एक सदस्य, जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे।

(चार) तकनीकी सेवा की दशा में, सम्बन्धित शाखा का एक सदस्य, जो कुलसचिव द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(पाँच) आरक्षण का रोस्टर परिनियम (1.05 और 1.06) के अधीन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों की सभी प्रकार की नियुक्तियों में होगा और विधि के अधीन लागू होगा। प्रत्येक चयन इस आधार पर अविधिमान्य हो जायेगा कि चयन समिति का गठन समुचित रूप से नहीं किया गया था।

(छः) अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के सम्बन्धित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों या अधिकारियों की पदोन्नति में प्रत्येक स्तर पर विभागीय पदोन्नत समिति के माध्यम से पृथक- सूची द्वारा आरक्षण रहेगा।

(सात) विभागीय पदोन्नति समिति निम्नवत होगी-

कुलसचिव या उसका प्रतिनिधि- अध्यक्ष,

सम्बन्धित विभाग का विभागाध्यक्ष -. सदस्य

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से एक सदस्य और अन्य पिछड़े वर्गों से एक सदस्य, जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट होगा

प्रत्येक स्तर पर कोटा या रिक्ति को भरने के लिए जब और जैसे ही आवश्यकता होगी, विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया जायेगा।

16.06 सेवा और सेवा में प्रत्येक श्रेणी के पदों की सदस्य संख्या उतनी होगी जैसा समय-समय पर कार्यपरिषद द्वारा अवधारित और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाय।

धारा 20 (4) और 41(थ) 16.07 नियुक्ति के लिए रिक्तियों का अवधारण:

कुलसचिव वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों का संख्या का अवधारण राज्य सरकार के प्रचलित आरक्षण सम्बन्धी विधि के अनुसार करेगा।

धारा : 17 (9), 25(1)(15) और 41(थ) 16.08 भर्ती और पदोन्नति के लिए पात्रता:

विभिन्न पदों पर नियुक्ति/पदोन्नति के लिए आयु अर्हता और अनुभव ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा विहित है। तथापि आवश्यकता होने पर अधिमानी अर्हता अनुभवों और आयु में छूट विश्वविद्यालय

			की कार्यपरिषद द्वारा अवधारित की जा सकती है। परिनियम (1.06) के अधीन पृथक सूचना द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण होगा।
धारा 41 (थ)	16.09		भर्ती : सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियां निम्नलिखित रीति में अधिसूचित की जाएंगी:-
		(क)	व्यापक परिचालन वाले दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन जारी करके,
		(ख)	कार्यालय के सूचना पट पर सूचना चस्पा कराकर या रेडियो/दूरदर्शन और अन्य रोजगार समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन दे कर, और
		(ग)	सेवायोजन कार्यालय को रिक्तियां अधिसूचित करके।
धारा 22 (41) और 41 (थ)	16.10		नियुक्ति के लिए भर्ती बोर्ड की संस्तुति के नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन किये जाने के पश्चात्, कुलसचिव कार्यालय द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा।
धारा 41 (थ)	16.11		पक्ष समर्थन : पद के विज्ञापन की शर्तों के अधीन अपेक्षित और पद या सेवा पर प्रयोज्य से भिन्न लिखित या मौखिक किसी सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा। अपने अभ्यर्थन के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का अभ्यर्थी का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।
धारा 41 (थ)	16.12		नियुक्तियाँ/पदोन्नति : कुलसचिव तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए नियुक्ति प्राधिकारी होगा। नियुक्ति प्राधिकारी उस क्रम में जिसमें व सरकारी आरक्षण नियमों के अधीन रोस्टर के अनुसार चयन समिति द्वारा तैयार की गई सुसंगत सूची में है, किन्तु पदोन्नति की दशा में, उस संवर्ग में, जिससे वे पदोन्नत किये जाय, रोस्टर के क्रम में, अभ्यर्थियों के नामों को लेकर नियुक्त करेगा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों के लिए शासनादेश के अनुसार पृथक पदोन्नति सूची तैयार की जायेगी और वह कार्यान्वित की जायेगी।
धारा 20 (4) 41 (थ)	16.13		परिवीक्षा:
		(1)	सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।
		(2)	नियुक्ति प्राविधाकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेगें अलग-अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढा सकता है जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा जब तक अवधि बढाई जाय: परन्तु आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि छः माह से अधिक और किसी भी परिस्थिति में एक वर्ष से अधिक नहीं बढाई जायेगी।
		(3)	यदि परिवीक्षा अवधि या बढाई गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्त प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है, या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है, तो उसे उसके

मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो, तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती है।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायें किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ किये जाने की अनुमति दे सकता है।

धारा 41 (थ) 15.14 **स्थायीकरण:** किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ी हुई परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जाएगा यदि -

(क) उसने विहित विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, उत्तीर्ण कर ली हो ;

(ख) उसने विहित विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, सफलतापूर्वक कर लिया हो ;

(ग) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय ;

(घ) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाये ;

(ङ.) कुलसचिव का यह समाधान हो गया है कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपयुक्त है ;

(च) वह विश्वविद्यालय के चिकित्सा बोर्ड के माध्यम से सफल होकर पद के लिए चिकित्सीय रूप से उपयुक्त है।

नियुक्ति और पदोन्नति के लिए नियम

समूह ग और समूह घ के सभी कर्मचारियों की सेवायें विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित की गयी सम्बन्धित सेवा नियमावली द्वारा शासित होगी।

तथापि, जब तक सम्बन्धित नियमावली अन्तिम रूप से तैयार नहीं कर ली जाती है तब तक राज्य सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में प्रवृत्त तत्समान सेवा नियमावली लागू होगी।

विश्वविद्यालय के समूह घ के कर्मचारियों की समूह ग श्रेणी में सीधी भर्ती

सम्बन्धित समूह ग संवर्ग के सबसे अवर वेतन के 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत पदों को समूह घ के पात्र कर्मचारियों में से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कार्यालय निम्नतम श्रेणी के लिपिक वर्गीय समूह 'ग' के पदों (पदोन्नति द्वारा भर्ती) नियमावली, 2001 के अनुसार चयन प्रक्रिया माध्यम के माध्यम से भरा जायेगा। तथापि इस उपबन्ध की उपेक्षा कर दी जायेगी, यदि पद पूर्ण रूप से तकनीकी प्रकृति का है और पोषक समूह घ संवर्ग के पास आवश्यक न्यूनतम अर्हता और अनुभव नहीं है।

ज्येष्ठता

धारा 41 (थ)	16.15	(1)	ज्येष्ठता- किसी श्रेणी के पदों पर मौलिक रूप से नियुक्ति व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार अवधारित की जायेगी।
		(2)	पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की पारस्परिक ज्येष्ठता वही होगी जो उस संवर्ग में थी जिनमें से वे एक चयन में पदोन्नति हुए थे। कर्मचारियों की तैनाती के स्थान पर ध्यान न देते हुए सम्पूर्ण विश्वविद्यालय के लिए सम्बन्धित शाखा के पद के लिए एक ज्येष्ठता सूची होगी।
		(3)	यदि कोई व्यक्ति अपनी ज्येष्ठता के निर्धारण के सम्बन्ध में कुलसचिव के विनिश्चय से व्यथित हो तो ऐसे विनिश्चय के पारिचालन/सूचना या प्रकाशन से तीस दिन के भीतर कुलपति को अपील कर सकता है। कुलपति का विनिश्चय अन्तिम होगा।

कोटिक्रम सूची

धारा 20 (4)	16.16	कुलसचिव का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह सेवाओं में प्रत्येक श्रेणी के कर्मचारिवर्ग की कोटिक्रम सूची समय-समय पर तैयार और प्रदर्शित करे जिसमें नाम, शैक्षिक अर्हता, जन्मदिन, नियुक्ति का दिनांक, स्थायीकरण का दिनांक, धृत पद का नाम, चयन की रीति या भर्ती का स्रोत, वेतनमान और अभ्युक्ति इंगित होगी।

वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट

धारा 19 (7) 20 (4) और 41 (थ)	16.17	कर्मचारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट नियमित और उचित रूप से अनुरक्षित की जायेगी और यह देखना कुलसचिव और समस्त विभागाध्यक्ष और अनुभाग अध्यक्ष का कर्तव्य होगा कि उनके नियंत्रण के अधीन सभी विभागों में उनके अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट उचित रूप से प्रदान और नियमित रूप से अनुरक्षित की जा रही है और प्रतिकूल प्रविष्ट के मामले में उसे सम्बन्धित कर्मचारी को उसके अन्तिम रूप दिए जाने के दिनांक से तीस दिन के भीतर संसूचित की जाएगी। कोई व्यक्ति जिसके विरूद्ध प्रतिकूल वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है, तीस दिन की अवधि के भीतर अगले उच्चतर प्राधिकारी को अपील कर सकता है और ऐसे उच्चतर प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा।
धारा 41 (थ)	16.18	किसी भी सेवा के किसी भी कर्मचारी को उसकी नौकरी की प्रकृति और आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय के किसी विभाग/संस्थान, किसी अनुभाग या किसी कार्यालय में कार्य करना होगा और इस रूप में कार्य करते हुए कर्मचारी विभागाध्यक्ष या उस विभाग के प्रभारी के जिसमें कर्मचारी कार्य कर रहा है, प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होगा और यथास्थिति कुलसचिव सम्बन्धित विभागध्यक्ष/वित्त अधिकारी के अनुशासनिक नियंत्रण में होगा।

धारा 41 (थ)	16.19	सभी नियुक्तियाँ ऊपर विहित रीति से की जायेगी। तथापि आपातकालीन मामलों में, यथास्थिति, कुलसचिव या तो स्वयं या मुख्य अधीक्षक, वित्त अधिकारी या परीक्षा नियंत्रक की संस्तुति पर, कुलपति के अनुमोदन से पात्र व्यक्ति को तीन मास से अनधिक की अवधि के लिए नियुक्त कर सकता है और ऐसी अवधि की समाप्ति के पश्चात् ऐसी नियुक्ति अपने आप ही समाप्त हो जाएगी जिसके लिए किसी लिखित आदेश की आवश्यकता नहीं होगी। यहाँ ऊपर यथा उल्लेखित शर्तों के विरूद्ध किन्हीं निबन्धन और शर्तों पर नियुक्त किसी व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं होगा कि वह विश्वविद्यालय की सेवा में अपने विनियमितीकरण या बने रहने के लिए दावा करें।
धारा 20 (4)	16.20	यथास्थिति, कुलसचिव या तो स्वयं मुख्य अधीक्षक, वित्त अधिकारी या परीक्षा नियंत्रक की संस्तुति पर, कुलसचिव के अनुमोदन से संविदा के आधार पर किसी पद पर या स्थायी या अस्थायी प्रकृति के किसी कार्य को करने के लिए केवल छः मास की अवधि के लिए किसी पात्र व्यक्ति को रख सकता है और इस प्रकार रखे हुए किसी व्यक्ति का अपने विनियमितीकरण के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
धारा 41 (थ)	16.21	कर्मचारी अपनी तैनाती के अनुसार कुलसचिव के अनुशासनिक/सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष की रिपोर्ट पर प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होगा। कुलसचिव उसके अधीन कार्यरत किसी कर्मचारी के विरूद्ध दुराचरण, अनधीनता, दुर्व्यवहार या जानबूझकर, उपेक्षा या अवज्ञा के किसी कार्य के लिए अनुशासनिक कार्रवाई कर सकता है।
धारा 41 (थ)		**अधिवर्षिता / सेवानिवृत्ति** (क) इस परिनियमावली में यथा अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, प्रत्येक कर्मचारी उस मास के जिसमें वह 60 वर्ष की आयु पूर्ण करेगा, अन्तिम दिन अपराह्न में सेवा निवृत्त होगा : प्रतिबन्ध यह है कि कोई कर्मचारी, जिसका जन्मदिन मास का प्रथम दिन हो पूर्ववर्ती मास के अन्तिम दिन अपराह्न में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा। (ख) 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु के पश्चात किसी भी कर्मचारी को सेवा विस्तार स्वीकृत नहीं किया जाएगा। (ग) इस परिनियमावली में निहित किसी बात के विपरीत होते हुए भी, नियुक्ति प्राधिकारी को यह पूर्ण अधिकार होगा कि वह किसी कर्मचारी को, जिसने 50 वर्ष की आयु करी ली है, लिखित में तीन मास से अन्यून का नोटिस देकर या ऐसे नोटिस के बदले में तीन मास का वेतन और भत्ते देकर सेवा निवृत्त कर दे यदि उसकी यह राय हो कि ऐसी कार्रवाई लोकहित में आवश्यक है।

(घ) कोई कर्मचारी, जिसने 50 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है, नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित में तीन मास से अन्यून की नोटिस देकर सेवानिवृत्त हो सकता है। नियुक्त प्राधिकारी को आवश्यक सूचना देने के पश्चात् ऐसा कर्मचारी सम्बन्धित प्राधिकारी की विनिर्दिष्ट अनुमति के सिवाय सूचना की अपनी नोटिस को वापस लेने के लिए प्रवारित हो जाएगा।

त्यागपत्र

धारा 41 (थ) 16.23 कोई कर्मचारी अपने त्याग-पत्र के बारे में एक मास की सूचना देकर सेवा से त्यगा-पत्र दे सकता है। उसके त्यागपत्र के स्वीकार हो जाने के पश्चात् उसे ऐसे नोटिस को वापस लेने से प्रवारित कर दिया जाएगा। सेवा से त्याग-पत्र देने वाला कर्मचारी किसी सेवानिवृत्ति सम्बन्धी लाभों का हकदार नहीं होगा सिवाय उसके भविष्य निधि लेखा या छुट्टी नकदीकरण में अर्जित किया हो।

छुट्टी

धारा 41 (थ) 16.24

(क) समय-समय पर सरकारी सेवकों पर लागू छुट्टी नियम विश्वविद्यालय के कर्मचारियों पर यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

(ख) कर्मचारी का आवेदन यथास्थिति, कुलसचिव, मुख्य अधीक्षक या वित्त अधिकारी को विभागाध्यक्ष विशेष रूप से संस्तुत करते हुए अग्रसारित किया जाएगा और कुलसचिव, मुख्य अधीक्षक या वित्त अधिकारी या परीक्षा नियंत्रक, जिसके अधीन कर्मचारी कार्य कर रहा है, उसे स्वीकृत करने के लिए प्राविधाकारी होगा।

(ग) छुट्टी से सम्बन्धित सभी अभिलेख कुल सचिव द्वारा रखें जाएंगे।

भाग – 2

अनुशासन और अपील

धारा 41 (थ) 16.25 **शास्तियाँ** : निम्नलिखित शास्तियाँ मान्य और पर्याप्त कारणों से कर्मचारियों पर आरोपित की जा सकती हैं और इसमें पश्चात् उपबन्धित है :

(क) लघु शास्तियाँ

(एक) परिनिन्दा

(दो) किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वेतन वृद्धि को रोकना

(तीन) दक्षता रोक को पार न करना

(चार) विश्वविद्यालय को उपेक्षा या आदेश के उल्लघंन से हुई किसी आर्थिक हानि को पूर्ण या आंशिक रूप से वेतन से वसूल करना,

(पांच) तृतीय या चतुर्थ श्रेणी पदों को धारण करने वाले व्यक्तियों के मामले में अर्थदण्ड:

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे अर्थदण्ड की धनराशि की वसूली किसी भी स्थिति में कर्मचारी के एक मास के वेतन के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(ख) वृहद् शास्ति

(एक) संचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि को रोकना।

(दो) किसी निम्नतर पद या वेतनमान या समयमान वेतनमान में निम्न प्रक्रम पर अवनत करना।

(तीन) सेवा से हटाना जो उसे भविष्य में सेवायोजन से अनर्ह न करें।

(चार) सेवा से पदच्युत करना जो उसे भविष्य मे सेवा योजन से अनर्ह कर दे।

स्पष्टीकरण :– इन उपबन्धों के अन्तर्गत निम्नलिखित को शास्ति नहीं माना जायेगा, अर्थात् :-

(एक) किसी विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने में विफलता के लिए या उसमें बैठने में विफलता के लिये या सेवा को शासित करने वाली शर्तों या आदेशों के अनुसार किसी अन्य शर्त को पूरा करने में विफलता के लिए किसी कर्मचारी की वेतन वृद्धियों को रोकना।

(दो) दक्षतारोक पार करने के लिए किसी कर्मचारी को उपयुक्त न पाये जाने के कारण समयमान वेतनमान में उसकी दक्षतारोक को पार न करना।

(तीन) नियुक्ति के निबन्धों या परिनियम और परिवीक्षा को शासित करने वाले आदेश के अनुसार परिवीक्षा अवधि के दौरान या समाप्ति पर सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त व्यक्ति की पदावनति और

(चार) सेवा के निबन्धनों या परिनियम और परिवीक्षा को शासित करने वाले आदेशों के अनुसार परिवीक्षा अवधि के दौरान या उसकी समाप्ति पर परिवीक्षा पर नियुक्त व्यक्ति को सेवा से हटाना।

निलम्बन, निलम्बन अवधि का वेतन और भत्ते आदि, जाँच रिपोर्ट पर कार्रवाई, लघु एवं वृहद् शास्तियाँ अधिरोपित करने, अपील आदि से सम्बन्धित अन्य नियम, जो विभिन्न श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों पर लागू हैं, यथावश्यक परिवर्तन सहित, छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों पर लागू होंगे।

16.26 समूह 'ग' और समूह 'घ' के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही का निस्तारण, जब तक कि विधि की सम्यक् प्रक्रिया के अधीन सरकार के अनुमोदन से विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम रूप से कोई नई नियमावली नहीं बना ली जाती है, तब तक उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन और अपील) नियमावली, 1999 में दिये गए उपबंधों के अनुसार किया जायेगा।

आज्ञा से,

कपिल देव,

प्रमुख सचिव।

परिशिष्ट 'क'
(परिनियम 4.11 देखिये)
आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचन
भाग 1
सामान्य

1- जब तक कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा किसी निर्वाचन के प्रति निर्देश से विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल न हो :

(i) "अभ्यर्थी" का तात्पर्य निर्वाचन लड़ने के लिये सम्यक रूप से अर्ह ऐसे व्यक्ति से है जो सम्यक रूप से नाम निर्दिष्ट किया गया हो,

(ii) "अनवरत अभ्यर्थी" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो न तो निर्वाचित हुआ हो और न किसी समय विशेष पर मतदान से अपवर्जित हुआ हो,

(iii) "निर्वाचक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो निर्वाचन में अपना मत देने के लिये सम्यक रूप से अर्ह हो,

(iv) "निःशेष पत्र" का तात्पर्य ऐसे मत-पत्र से है जिस पर किसी अनवरत अभ्यर्थी के लिए अग्रतर अधिमान अभिलिखित न हो, परन्तु कोई पत्र तब भी निःशेषित समझा जायेगा : यदि-

(क) उसमें दो अथवा अधिक अभ्यर्थियों के नाम, चाहे वे अनवरत हों या न हों उसी अंक से चिन्हित हों और उनका स्थान अधिमान क्रम में अगला हो, या

(ख) अधिमान-क्रम में अगले अभ्यर्थी का नाम चाहे वह अनवरत हों या ना हो-

(1) ऐसे अंक से चिन्हित हों जो मतपत्र में किसी अन्य अंक के पश्चात क्रमानुसार न हो,

या

(2) दो अथवा अधिक अंकों से चिन्हित हो।

(v) "प्रथम अधिमान मत" का तात्पर्य ऐसे अभ्यर्थी के पक्ष में मत से है जिसके नाम के सामने मत-पत्र में अंक 1 लिखा हो, "द्वितीय अधिमान-मत" का तात्पर्य ऐसे अभ्यर्थी के पक्ष में मत से है जिसके नाम के सामने अंक 2 लिखा हो, "तृतीय अधिमान मत" का तात्पर्य ऐसे अभ्यर्थी के पक्ष में मत से है जिसके नाम के सामने अंक 3 लिखा हो और इसी प्रकार क्रम में आगे लिखा हो,

(vi) किसी अभ्यर्थी के संबंध में "मूल मत का तात्पर्य ऐसे मत-पत्र द्वारा प्राप्त मत से है जिस पर उस अभ्यर्थी के लिये प्रथम अधिमान अभिलिखित हो,

(vii) "कोटा का तात्पर्य मतों के उस न्यूनतम मूल्यांकन से है जो किसी अभ्यर्थी से निर्वाचित होने के लिए पर्याप्त हों,

(viii) "आधिक्यत" का तात्पर्य उस संख्या से है जितने से कि किसी अभ्यर्थी के मूल और संक्रमित मतों का मूल्यांक कोटा से अधिक हो,

(ix) किसी अभ्यर्थी के संबंध में, "संक्रमित मत" का तात्पर्य ऐसे मत- पत्र द्वारा प्राप्त मत से है जिस पर उस अभ्यर्थी के लिये द्वितीय अथवा उसके बाद वाला कोई अधिमान लिखा हो और जिसका मूल्यांकन भाग उस अभ्यर्थी के पक्ष में जोड़ा जाय,

(x) पद "अनि:शेष पत्र" का तात्पर्य ऐसे मत-पत्र से है जिस पर किसी अनवरत अभ्यर्थी के लिये अग्रतर अधिमान अभिलिखित हों।

2- कुल सचिव रिटर्निंग आफिसर होगा जो सभी निर्वाचनों के संचालन के लिये उत्तरदायी होगा।

3- कुलपति-

(i) प्रत्येक निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रमों के लिये परिनियम के उपबन्धों के अनुरूप दिनांक नियत करेगा तथा इसे आपातिक स्थिति में इन दिनांको में परिवर्तन करने की, सिवाय उस दशा के जब ऐसे परिवर्तन से परिनियम के उपबन्धों का उल्लंघन होता हो, शक्ति होगी।

(ii) सन्देह की दशा में, किसी अभिलिखित मत की वैधता अथवा अवैधता का विनिश्चय करेगा।

4- सभा के रजिस्ट्रीकृत स्नातकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों का निर्वाचन (तथा अन्य ऐसे निर्वाचन जिसके विषय में कुलपति सुविधा तथा मितव्ययिता के कारण निदेश दे) डाक द्वारा मत-पत्र से किया जायेगा। अन्य निर्वाचन संबंधित प्राधिकारियों अथवा निकायों के अधिवेशनों में किये जायेंगे।

5- मत-पत्र निम्नलिखित प्रपत्र में होगा :-

विश्वविद्यालय का नाम

निर्वाचन क्षेत्र द्वारा निर्वाचन (अभ्यर्थियों के नाम, तथा अधिमान क्रम 1,2,3 इत्यादि अंकों द्वारा रिक्त स्थान में इंगित किये जायेंगे)

.....

.....

.....

6- निर्वाचक अपना मत देने में-

(i) अपने मत-पत्र पर अंक 1 उस अभ्यर्थी के नाम के सामने लिखेगा जिसकों कि वह अपना मत दे, और

(ii) इसके अतिरिक्त जितने अन्य अभ्यर्थी को वह चाहे, अपनी पसन्द या अधिमानता को उस अभ्यर्थियों के नाम के सामने क्रमशः 2,3,4 तथा इसी प्रकार अविछिन्न अंकों द्वारा लिखकर व्यक्त कर सकता है।

7- वह मत-पत्र अविधिमान्य होगा -

(i) जिस पर वह अंक 1 न लिखा हो, या

(ii) जिस पर एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के आगे अंक 1 लिखा हो, या

(iii) जिस पर अंक 1 तथा कोई अंक एक ही अभ्यर्थी के नाम के आगे लिखा हो, या

(iv) जिस पर अंक 1 ऐसा लिखा हो जिससे यह सन्देह हो कि वह किस अभ्यर्थी के लिए अभिप्रेत है, या

(v) मत-पत्र निर्वाचन की दशा में जिस पर कोई ऐसा चिन्ह बना हों जिससे कि मतदाता बाद में पहिचाना जा सके, या

(vi) जिस पर मतदाता के अधिमान को व्यक्त करने वाला अंक मिटाया गया हो या उसमें परिवर्तन किया गया हो, या

(vii) जो उक्त प्रयोजनों के लिये व्यवस्थित प्रपत्र में न हो।

भाग – 2

डाक मत–पत्र द्वारा संचालित निर्वाचन

8- डाक मत-पत्र द्वारा भरी जाने वाले रिक्तियां होने के कम से कम तीन माह पहले कुल सचिव प्रत्येक अर्ह मतदाता के पास उसके रजिस्ट्रीकृत पते पर, रजिस्ट्रीकृत डाक से नोटिस भिजवायेगा, जिसमें उसने नोटिस

भेजे जाने के पन्द्रह दिन के भीतर नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने को कहा जायेगा। नोटिस के साथ निर्वाचकों की एक सूची होगी।

